जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

सिरोही, मंगलवार, 04 फरवरी 2025 | वर्ष : 18 | अंक : 18 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 2.50 रु.



हुमा कुरैशी को पसंद ‘बिगड़ैल लड़कियां’
पेज -09

## न्यूज ब्रीफ

### सीरिया में बम धमाका, 15 की मौत

**दमिश्क।** उत्तरी सीरिया के मनबीज शहर के बाहरी इलाके में कृषि श्रमिकों को ले जा रहे एक कार में भीषण बम धमाका हुआ, जिसमें 15 की मौत और दर्जनों घायल हुए हैं। यह जानकारी स्थानीय नागरिक सुरक्षा और युद्ध निगरानी संस्था ने दी है।

### पुलिस हिरासत में स्वाति मालीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल सोमवार को अपनी महिला समर्थकों के साथ यमुना का पानी लेकर अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंचीं। इस दौरान स्वाति मालीवाल ने समर्थकों के साथ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद पुलिस ने स्वाति मालीवाल को हिरासत में ले लिया।

### ड्राइवर ने रेलवे ट्रैक पर चढ़ाई कार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के टेकल रेलवे स्टेशन पर एक चौंकाने वाली घटना उस दौरान देखी गई जब नशे में धुत एक शख्स ने कार रेलवे स्टेशन परिसर में घुसा दी। इतना ही नहीं शख्स यहां तक ही नहीं रुका और कार को प्लेटफॉर्म पर चढ़ा दिया और फिर रेलवे ट्रैक पर कार को घुसा दिया। राहत की बात है कि जिस वक्त कार रेलवे ट्रैक में घुसी, उस दौरान ट्रेन सेवाएं चालू नहीं थीं।



## महाकुंभ का आखिरी अमृत स्नान

# 1.98 करोड़ ने डुबकी लगाई

### संगम से 10 किमी. तक श्रद्धालुओं की भीड़

### 30 देशों से लोग पहुंचे, हेलीकॉप्टर से फूल बरसे

**प्रयागराज।** वसंत पंचमी पर महाकुंभ का तीसरा और अंतिम अमृत स्नान जारी है। हाथों में तलवार-गदा, डमरू और शंख। शरीर पर भभूत। आंखों पर काला चश्मा। घोड़े और रथ की सवारी। हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए साधु-संत स्नान के लिए संगम पहुंच रहे हैं।

सबसे पहले पंचायती निरंजनी अखाड़े के संत संगम पहुंचे। फिर सबसे बड़े जूना अखाड़े के साथ किन्नर अखाड़े ने अमृत स्नान किया। अब तक 13 में से 10 अखाड़े स्नान कर चुके हैं।

संतों का आशीर्वाद लेने के लिए लाखों श्रद्धालु संगम पर हैं। लोग नागा साधुओं की चरण रज माथे पर लगा रहे हैं। 30 से ज्यादा देशों के लोग भी अमृत स्नान देखने के लिए संगम पहुंचे हैं। हेलिकॉप्टर से संगम पर 20 क्विंटल फूल बरसाए गए। संगम जाने वाले सभी रास्तों पर 10 किमी. तक श्रद्धालुओं का रेला है। प्रयागराज जंक्शन से 8 से 10 किमी पैदल चलकर लोग संगम पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए लेटे हनुमान मंदिर को बंद कर दिया गया है। मेला क्षेत्र के सभी रास्ते वन-वे हैं। महाकुंभ का आज 22वां दिन है। सायं 4 बजे तक 1.98 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। अब तक 34.97 करोड़ से ज्यादा लोग डुबकी लगा चुके हैं।



### वॉर रूम में डटे रहे सीएम योगी, तड़के तीन बजे से ले रहे थे पल-पल की जानकारी

**लखनऊ।** वसंत पंचमी के दिन महाकुंभ के अमृत स्नान में उमड़ी भीड़ और व्यवस्था पर सीएम योगी आदित्यनाथ की पैनी नजर है। सीएम योगी सोमवार को अमृत स्नान की व्यवस्था की निगरानी के लिए प्रातः तीन बजे से ही अपने सरकारी आवास स्थित वॉर रूम में बैठक की है। उन्होंने डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों के साथ लगातार अपडेट प्राप्त किए और आवश्यक निर्देश दिए हैं। महाकुंभ मेले में 60 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं। भीड़ संभालने के लिए 100 से ज्यादा नए आईपीएस को भी उतारा गया है। हेलिकॉप्टर से भीड़ की मॉनिटरिंग की जा रही है। 2750 सीसीटीवी भी लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने इस महत्वपूर्ण आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्था के संदर्भ में स्थिति का जायजा लिया।

## विस. में धर्मांतरण विरोधी बिल पेश

# लव जिहाद-जबरन धर्म परिवर्तन पर सजा



### स्वास्थ्य मंत्री ने पेश किया बिल

### बजट सत्र में पारित कराया जाएगा बिल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में धर्मांतरण विरोधी बिल पेश हो गया है। इस बिल को बजट सत्र में ही बहस के बाद पारित करवाया जाएगा। विधेयक के पारित होने की तिथि बाद में निर्धारित की जाएगी। राजस्थान विधानसभा में सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने धर्मांतरण विरोधी बिल पेश किया। इस बिल में लव जिहाद के खिलाफ भी प्रावधान हैं। बिल में लव जिहाद को परिभाषित किया है। अगर कोई धर्म बदलवाने के लिए शादी करता है, वह लव जिहाद माना जाएगा। अगर यह साबित होता है कि शादी का मकसद लव जिहाद है तो ऐसी शादी को रद्द करने का प्रावधान होगा। अगर कोई व्यक्ति धर्म परिवर्तन कराने के उद्देश्य से शादी करता है। फैमिली कोर्ट ऐसे विवाह को अमान्य घोषित कर सकता है।

### 60 दिन पहले धर्म परिवर्तन की सूचना

मर्जी से धर्म परिवर्तन करने पर 60 दिन पहले संबंधित व्यक्ति को कलेक्टर को सूचना देनी होगी। इस दौरान इस बात की जांच की जाएगी कि किसी व्यक्ति को छल या बलपूर्वक, या कोई लालच देकर धर्म परिवर्तन नहीं करवाया जा रहा है। अगर कोई व्यक्ति अथवा संस्था ऐसा कृत्य करते हैं, तो उन्हें कठोर दंड दिया जाएगा।

### मददगारों को भी सजा का प्रावधान


अवैध रूप से धर्म परिवर्तन में मदद करने वालों को भी सजा के लिहाज से अपराधी माना जाएगा। विधेयक विधानसभा से पारित होने के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने पर ही कानून बन सकेगा।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव का आखिरी दिन

# ‘शीशमहल में नहीं रहेगा मुख्यमंत्री’

### द्वारका रैली में बोले अमित शाह

### केजरीवाल सिर्फ झूठ बोलते, वादा नहीं करते पूरा



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के आखिरी दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने द्वारका विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी का मुख्यमंत्री उस बंगले (शीश महल) में नहीं रहेगा। उन्हें आदत नहीं होगी, लेकिन लोगों के दर्शन के लिए शीश महल को जरूर खोल देंगे। उन्होंने अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। एक तरफ झूठों के सरदार वाले केजरीवाल और उनकी ‘आपदा’ है, वहीं दूसरी तरफ देश को विकास के रास्ते पर ले जाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। इन दोनों के बीच आपको तय करना है।

### शीश महल के दर्शन करेगी जनता

भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अमित शाह ने केजरीवाल को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि शीश महल बनवाने के अलावा केजरीवाल ने सिर्फ करोड़ों का भ्रष्टाचार करने का काम किया है। हजार करोड़ का घोटाला करना कोई छोटी बात है क्या। किसी का बंगला 50 हजार करोड़ का है क्या। उनकी पार्टी का मुख्यमंत्री उस बंगले (शीश महल) में नहीं रहेगा उन्हें आदत नहीं होगी, लेकिन लोगों के दर्शन के लिए शीश महल को जरूर खोल देंगे।

### दिल्ली को दुनिया की सबसे बेहतर राजधानी बनाएंगे

अमित शाह ने कहा कि शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया शराब घोटाला में जेल गए। केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों सिर्फ ठगा है। शाह ने लोगों से अपील की कि वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर बीजेपी को वोट दें। हम यमुना जी का पानी साफ भी करेंगे और वॉटर प्लांट भी बनवाएंगे। बीजेपी की सरकार बनने पर अगले पांच साल में दिल्ली को दुनिया की सबसे बेहतर राजधानी बना देंगे।

## ...इधर आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स. पर लिखा

# दिल्ली में आप की 55 सीटें आ रहीं है



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव का प्रचार सोमवार शाम 5 बजे थम गया। अब बुधवार को वोटिंग होगी और शनिवार को रिजल्ट आएगा। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन आप, भाजपा, कांग्रेस के नेताओं ने जमकर जनसंपर्क किया।

दिल्ली के पूर्व सीएम और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा- मेरे अनुमान के मुताबिक आम आदमी पार्टी की 55 सीट आ रही हैं, लेकिन अगर महिलाएं जोर लगा दें, सभी वोट करने जाएं और अपने घर के पुरुषों को भी आम आदमी पार्टी को वोट देने के लिए समझाएं तो 60 से ज्यादा भी आ सकती हैं। उन्होंने एक वीडियो भी जारी किया। इसमें कहा- मुझे पता चला है कि वे भाजपा प्रतिशत के जरिए 10 प्रतिशत वोटों में गड़बड़ी कर सकती है। हमें हर जगह 10 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दें। अगर हमें 15 प्रतिशत की बढ़त मिलती है, तो हम 5 प्रतिशत से जीतेंगे।

## गाजियाबादः स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

**गाजियाबाद।** साहिबाद के शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र स्थित सेंट मेरी स्कूल को सोमवार की सुबह बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिली। स्कूल पहुंचने पर जब मेल खोला गया तो आनन-फानन में स्कूल खाली कराया गया। सूचना पर स्थानीय पुलिस और बम निरोध दस्ता मौके पर पहुंचा और आधे घंटे में पूरा स्कूल खंगाला गया, लेकिन जांच में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद बच्चों को कक्षाओं में भेजा गया। स्कूल प्रबंधन की ओर से पुलिस शिकायत लेकर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि धमकी भरा मेल आया था। कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

## प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ का मामलाः सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इंकार

**नई दिल्ली।** महाकुंभ भगदड़ मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। इस मामले की सुनवाई सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार की बेंच कर रही थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से इलाहाबाद हाईकोर्ट जाने को कहा। सीजेआई ने कहा, ‘यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, जो चिंता का विषय है, लेकिन हाईकोर्ट जाएं। यूपी सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीठ को बताया कि घटना की न्यायिक जांच चल रही है। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने की स्वतंत्रता देते हुए याचिका खारिज कर दी।



# सूर्य सप्तमी : विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार

## लयबद्ध सूर्य नमस्कार विधि में दिखा उत्साह



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिलेभर में सोमवार को सूर्य सप्तमी के उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में हजारों विद्यार्थियों ने सामूहिक रुप से सूर्य नमस्कार किया। जिला मुख्यालय पर अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय के परिसर में शिक्षा विभाग एवं क्रीडा भारती के संयुक्त तत्वावधान में सूर्य सप्तमी के उपलक्ष्य में सूर्य नमस्कार का जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दक्ष प्रशिक्षक क्रीड़ा भारती जालोर के सह मंत्री शारीरिक शिक्षक ओमप्रकाश गर्ग के सानिध्य में सूर्य नमस्कार किया गया। क्रीड़ा भारती मंत्री भागीरथ गर्ग ने सूर्य नमस्कार के मंत्रों का उच्चारण के बारे में जानकारी प्रदान की। जिलाध्यक्ष लालसिंह सांखला, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती गंगा कलावंत, जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक भैराराम, जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारम्भिक मुनेशकुमार मीणा एवं क्रीड़ा भारती के कार्याध्यक्ष नाथू सोलंकी ने सूर्य नमस्कार की जानकारी दी। इसी प्रकार महात्मा गांधी राबि शिवाजी नगर में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्य म आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने कार्य म संयोजक वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक नरेशकुमार लोहार के निर्देशन में सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन किया। अतिथियों का तुलसी का पौधा भेंटकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नरेशकुमार लोहार एवं हितेषकुमार दवे ने किया। प्रबंध समिति सदस्य सुनीता दवे, किशन आडवाणी, उप प्रधानाचार्य इंदिरा दहिया, मोहम्मद रफीक शेख, शिवदत्त चारण, धीरेंद्र प्रजापत, हनुमान दवे, शैलजा माथुर, राजू त्रिपाठी, विमलापुरी, रोहिताश्व शर्मा, शाहिना एस, अनोपसिंह, सुमित्रासिंह, हितेशकुमार, अम्बिकासिंह, पूजा लालस, जेठाराम, पूजाकुमारी आदि मौजूद थे।



**भीनमाल।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुंजाणी में सोमवार को सूर्य सप्तमी पर सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। प्राचार्य शांतिलाल जीनगर ने बताया कि करीब 500 विद्यार्थियों ने शारीरिक शिक्षक रवींद्र कुमार के निर्देशन में सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। योग करने से मानसिक एवं शारीरिक तनाव दूर होते हैं। इस दौरान विद्यालय स्टाफ सहित छात्र छात्राएं मौजूद रही। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेवड़ी प्रांगण में सोमवार को सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों मे सूर्य नमस्कार कार्य म आयोजित किया गया। संस्था प्रधान सोहनीकुमारी ने बताया कि सूर्य नमस्कार व योग जीवन में स्वस्थ रहने के तरीके सिखाता है। योग मन व आत्मा को ईश्वर से जोड़ता है। योग शिक्षक भंवरलाल गौड ने सामूहिक सूर्य नमस्कार करवाकर छात्रों को 12 प्रकार के आसनों के नाम बताकर सूर्य नमस्कार की विस्तृत महिमा की जानकारी प्रदान की। व्याख्याता श्रवणकुमार, रामलाल विश्नोई, प्रकाशकुमार, पांचाराम, मोहनलाल, वचनाराम, टिकमाराम, रामेश्वरी विश्नोई सहित छात्र छात्राओं मौजूद थे।



**रानीवाड़ा।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य मोहनलाल गोयल, प्रधानाचार्य भागीरथ विश्नोई, वगताराम प्रजापत एवं कोच सुरजपालसिंह देवड़ा के नेतृत्व में सूर्य नमस्कार किया गया। कोच देवड़ा एवं छात्रा विमला विश्नोई ने सूर्य नमस्कार की गतिविधियों की जानकारी दी। निंबाराम चौहान, महेंद्रसिंह दायमा, नरपतसिंह, रमेश जोशी, चुन्नीलाल चौहान, टीकमचंद जीनगर, रणछोड़राम पुरोहित, जयाकंवर देवड़ा, भोलाराम देवासी, उतमचंद गोयल, कृष्णकुमार एवं शांतिबाई समेत विद्यार्थी उपस्थित थे।

# वार्षिकोत्सव में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की दी प्रेरणा

## समारोह में भामाशाहों व प्रतिभाओं को किया सम्मानित





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में सोमवार को वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के महंत सुखदेवगिरी के सानिध्य, पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिम्मतसिंह देवल, विकास अधिकारी पृथ्वीसिंह, समाजसेवी मोड़ाराम प्रजापत, नोडल अधिकारी विक्रमसिंह चारण, भाजपा मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह, हाजी चांद खां, महेन्द्रसिंह परमार के आतिथ्य में आयोजित किया गया। देवल व हाजी चांद खां ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इसके बाद विद्यालय की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। समारोह में विद्यालय विकास में सहयोग देने वाले भामाशाहों का सम्मान किया गया। संस्था प्रधान छैलसिंह देवल ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन भगवतसिंह राणावत ने किया। एसएमसी अध्यक्ष सतीश जोशी, केशरसिंह, धनाराम प्रजापत, महेन्द्रसिंह राव, विक्रमसिंह, महेन्द्रसिंह चारण, शेरसिंह, कुंदन जैन, भंवरसिंह देवड़ा, रमेश जैन, जब्बरसिंह परमार, प्रवीण राव, उत्तमसिंह, भंवरसिंह देवल, केवाराम प्रजापत, लक्ष्मण प्रजापत, सुरेश प्रजापत, मनीष सोनी, गोविंद मेघवाल, कैलाश राजपुरोहित एवं अचलसिंह देवल आदि मौजूद रहे।

## जिला बहाली की मांग

# धरना जारी, हाड़ेतर के ग्रामीणों ने दिया समर्थन

## सौंपा ज्ञापन, आज सुथाना के ग्रामीण देगें धरना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** राज्य सरकार द्वारा सांचौर जिले को खत्म को करने के विरोध में संघर्ष समिति द्वारा दिया जा रहा धररना 37वें दिन सोमवार को जारी रहा। इस दौरान हाड़ेतर ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने संघर्ष समित को समर्थन देकर विरोध प्रदर्शन कर रैली निकाली व सीएम के नाम उपखंड अधिकारी के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरकार जनहित की भावनाओं को देखते हुए सांचौर जिला बाहल करें। सांचौर जिला दूरी की दृष्टि सहित अन्य मापदंडों पर खरा उतरता है जिसकी बदौलत जिला बनाया गया था। ऐसे में सरकार को लोगों को सुविधा देने व चुनी हुई सरकार को आमजन को सुविधा देनी चाहिए। सरकार द्वारा जिले का दर्जा हटाने का निर्णय गलत है। जिसका विरोध तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार सांचौर को जिले का दर्जा बहाल नहीं करती। ग्रामीणों ने रैली निकाल सरकार के निर्णय के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जिला बहाल करने की मांग की। इस दौरान पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, भीमाराम चौधरी, पुनमाराम, अमलूराम सारण, पीराराम देवासी, नरेन्द्र मेघवाल, अनिल कुराड़ा, भंवरलाल गोदारा, सुजानाराम, रिडमलराम ढाका सहित कई लोग मौजूद थे।

# महाकुंभ से लौटे श्रद्धालुओं का स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** गांव वासन देवड़ा में महाकुंभ से लौटे तीर्थ यात्रियों का ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ मामाजी मंदिर परिसर में स्वागत किया। इस दौरान कई ग्रामीण मौजूद थे।

# धूमधाम से मंदिर में बिराजे ठाकुरजी, गूंजे जयकारे

## तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** देवनगरी चेकला में ठाकुरजी भगवान मंदिर के तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार को नवनिर्मित मंदिर में झरड़ेश्वर महादेव मठ डोरडा के महंत कुलदीप भारती, महंत तपतगिरी गोलाणा, संध्यागिरी, गणेशगिरी के सानिध्य एवं महेन्द्रपालसिंह की उपस्थित में सुबह शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नवनिर्मित मंदिर में लाभार्थी परिवारों द्वारा भगवान ठाकुरजी व अन्य प्रतिमाओं को स्थापित किया गया। इससे पहले रविवार को भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकार शैलबिहारी एंड पार्टी जालोर, भरतभाई व रेखा सेन ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। नृत्य कलाकार मुकेश कुमार एंड पार्टी ने झाकियों की प्रस्तुति दी। प्रतिष्ठा के दौरान मंदिर परिसर जयकारों से गूंजायमान हो उठा। महोत्सव में रानीवाड़ा के पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, जिला प्रमुख राजेश गोयल, विकास अधिकारी पृथ्वीसिंह, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी त्रिकमाराम देवासी, आरपी कुलदीपसिंह चारण, समाजसेवी मोडाराम प्रजापत सहित चेकला, जाविया, कबिला गोलाना के ग्रामीण मौजूद थे।



# सरस्वती माता का किया महापूजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** बसंत पंचमी के पर्व को लेकर विद्यालय में महामंगलकारी सरस्वती महापूजन का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं, छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने मां सरस्वती की प्रतिमा का महामस्ताभिषेक और अष्टप्रकारी पूजन कर सम्यक ज्ञान और समृद्धि की कामना की। सर्वप्रथम गिरधारीलाल शर्मा ने दिव्य मंत्रोच्चार कर सरस्वती मां का आह्वान किया। संयोजक प्राचार्य एवं अध्यापकों ने अतिथियों एवं भामाशाह का स्वागत किया। साथ ही छात्रों की ओर से सरस्वती वंदना में नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी। बालिकाओं की ओर से एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर सभी को भाव विभोर कर दिया गया। 27 दीपकों से महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन ग्रामवासी इशराराम बोका पहाड़पुरा की तरफ से की गई। महापूजन में सुमेरसिंह, दलपतसिंह, सरपंच गणेशाराम, डॉ गणपतलाल खिलेरी, खुनाथराम पीइइओ हाड़ेचा, प्रभुराम पीइइओ पलादर, दानाराम चौधरी, बाबूलाल सारण, सांवलाराम चौधरी, हरीराम गोदारा पहाड़पुरा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# सरकारी योजनाओं से महरूम रखने पर कार्रवाई की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बागोड़ा।** डूंगरवा निवासी सोरमदेवी पत्नी हबताराम मेघवाल ने उपखंड अधिकारी हीरसिंह चारण को ज्ञापन देकर सरपंच रमेशकुमार, ग्राम विकास अधिकारी सुमित्रादेवी, मनरेगा मेट तोलाराम, हटाराम व अध्यापक नागजीराम पर पात्र होने के बावजूद सरकारी योजनाओं के लाभ से महरुम रखने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करवाने एवं विधि सम्मत राहत प्रदान करवाने की मांग की।

ज्ञापन में बताया कि गत माह पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को सांचौर दौरा के समय उनकी ओर से ज्ञापन देकर सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी, मनरेगा मेट व एक अध्यापक पर सरकारी योजनाओं के लाभ से महरुम रखने का आरोप लगाया गया था। पीड़िता ने एसडीएम को सौंप ज्ञापन में आरोप लगाया कि यह बात सरपंच समेत उपरोक्त सभी को नागवार लगी। ऐसे में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रखा जा रहा है जबकि उसका परिवार भूमिहीन है। केन्द्र सरकार ने आवासहीन गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना लागू कर रखी है। ग्राम पंचायत में जाने पर उसे कहा जा रहा है कि और करो शिकायत। पीड़िता के अनुसार वो 10-15 वर्ष से अपने ससुराल में अलग निवासरत है और पीएम आवास योजना में पात्र है। इसके बाद भी ये लोग मनरेगा योजना में भी आवेदन करने के उपरांत भी रोजगार से वंचित रखने पर तुले हुए हैं। इसी परिवार के जगाराम पुत्र उदाराम ने भी आरोप लगाया है कि शिकायत करने से पहले उसकी पत्नी सुंदरदेवी मनरेगा में लगी हुई थी। मगर अब उसे भी वहां से हटा दिया गया है। ऐसे में महज छह दिन ही काम कर पाई है। अब मजदूरी नहीं मिलने से रोजी-रोटी मिलना मुश्किल है।

# स्वास्थ्य जागरुकता संवाद आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** भारतीय जैन संगठन एवं बीजेएस लेडीज विंग सांचौर की ओर से विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जागरूकता संवाद कार्यक्रम को आयोजन मंगलवार को दोपहर दो बजे जैन आराधना भवन सौचार में आयोजित किया जाएगा। बीजेएस चैप्टर अध्यक्ष दिनेश बोहरा एवं महासचिव श्रीपाल लूणिया ने बताया कि यह कार्यक्रम कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्य वक्ता डॉ. मसराराम चौधरी कैंसर के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मूलचंद छाजेड़, संजय मालू, विजय नाहटा, राज बोहरा, महेंद्र मालू, प्रकाश मालू, मीना बोहरा, मयूरी जैन, पिंकी जैन, मीना तातेड़, उषा मालू और अन्य सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# नट बस्ती से सेवाड़िया सड़क का पुनर्निर्माण करवाने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** नट बस्ती रानीवाड़ा से सेवाड़िया जाने वाली प्रमुख सड़क का निर्माण पुनः करवाने एवं आस पास पड़ी बिखरी गंदगी से परेशान लोगों ने विरोध जताया। नट बस्ती रानीवाड़ा सांचौर फाटक से आपेश्वर महादेव मंदिर जाने वाली सड़क रानीवाडा नगर पालिका क्षेत्र में स्थित हैं। एक प्रमुख सड़क पर नगर पालिका कार्यालय, उपखंड कार्यालय, तहसील कार्यालय सहित तमाम सरकारी दफ्तर तक है। दूसरी ओर सीसी सड़क जो नट बस्ती एवं रेलवे ट्रेक रानीवाडा के सहारे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, नट बस्ती रानीवाड़ा से होते हुए सेवाड़िया ग्राम एवं आपेश्वर महादेव मंदिर तक की ग्रामीण सड़क है। जिस पर ज्यादातर आबादी क्षेत्र है एवं नट, प्रजापत व लौहार समाज के घर आए हुए हैं। सीसी सड़क का निर्माण लगभग 15 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत रानीवाड़ा कला द्वारा किया गया हैं। अब अतिवृष्टि विप्रजॉय तुफान आने पर यह सीसी सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है। बड़े बड़े खड्डे बन गए है जो बिना नाली निर्माण के गंदगी एवं गंदे पानी से भर जाते है। जिससे मौसमी बीमारिया फैलाने वाले मच्छर, कीड़े मकोड़े पैदा हो रहे है। उक्त क्षेत्र में रेलवे ट्रेक एवं सड़क के किनारे किनारे आवागमन करने वाले सभी नागरिकों द्वारा कचरा डाल कर रेलवे लाइन के खतरा उत्पन्न किया जा रहा है। सांचौर फाटक नट बस्ती से सेवाड़िया जाने वाली सीसी सड़क पर कई असामाजिक तत्व रात 9 से 10 बजे के बीच एवं सुबह 6 से 7 बजे के बीच कचरा डाल कर चले जाते है। ऐसे में गदंगी से अटी सड़क से गुजरने वाले लोगों व स्कूली बच्चों को बदबू के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सड़क व इर्द गिर्द साफ सफाई करवाने व क्षतिग्रस्त भाग की मरम्मत अथवा सड़क का नव निर्माण करवाने की आवश्यकता जताई।

# मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** उपखंड क्षेत्र के भादरूणा में भारतीय किसान यूनियन ने अधिशाषी अभियंता जालोर के नाम मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।किसान यूनियन ने मोहनसिंह राजपूत की अध्यक्षता में बैठक कर किसानों की समस्याओं को सुनकर डिस्कॉम अभियंता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से किसानों को दिन में सात घंटे बिजली उपलब्ध करवाने, घरेलू कनेक्शन पर 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस दौरान भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष जगमालाराम सुथार, पुराराम राजपुरोहित खिरोड़ी, बलवंत सुथार, हीराराम देवासी, भगवानाराम विडार, मोहनलाल मेघवाल, अरविंद चौधरी, ईश्वरलाल बरड़वा सहित कई किसान मौजूद थे।

# 119वें यज्ञ का आयोजन, अर्पित की आहुतियां



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** सनातन संस्कृति जागरण संघ की ओर से सोमवार को खारा कुआं क्षेत्र में 119वें यज्ञ का आयोजन कर आहुतियां अर्पित की गई। सनातन संस्कृति जागरण संघ के सदस्य वालाराम मौर्य ने बताया कि यज्ञ में जीवाराम चौधरी मुख्य यजमान बने। भीनमाल के बड़े मंदिर ट्रस्टों की भूमिका निर्धारित एवं निश्चित करने तथा इस कार्य के लिए ट्रस्टों से आगे आने का आह्वान इंद्रसिंह राव एवं दीपाराम माली ने किया। बाबूलाल जीनगर, ओटाराम मेघवाल, संपतलाल सोनी, आंबाराम चौधरी, दीपाराम माली, प्रेम कुमार सेन, कुलदीपसिंह राव, रमेश पांचाल, अमृतलाल सिंघल, राजेश सोनी, अर्जुन बंजारा, प्रवीण सोनी, दिलीप चौहान, दुदाराम मेघवाल, रमेश राणा, जितेंद्र सोनी, आर्य मोहनलाल आंजना, राहुल जीनगर, आर्य राहुल बंजारा, आर्य अक्षय बंजारा, रोहित मेघवाल, रवि बंजारा और भानुप्रतापसिंह मौजूद थे। यज्ञ का सम्पादन राव वि मसिंह आर्य ने वैदिक रीति से करवाया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रति किया जागरुक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में सोमवार को पंचायत समिति हॉल सांचौर में जिला कलक्टर प्रदीप गवाड़े के निर्देशानुसार महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार एवं आत्मरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन तहसीलदार देशलाराम परिहार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में साथिनों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं किशोरी बालिकाओं को मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई। महिलाओं व बालिकाओं को भी जागरूक करने व महिला अधिकारिता विभाग की सरकारी योजनाओं व कौशल प्रशिक्षण को प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने हेतु महिला अधिकारिता विभाग की पर्यवेक्षक गायत्री विश्नोई ने प्रेरित किया। इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पूनमचंद विश्नोई ने आइसीडीएस योजना व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में तथा एसीबीओ पोपटलाल की ओर से ज्यादा से ज्यादा समूह बना कर महिलाओं को राजविका से लाभ के लिए विभिन्न योजना के बारे में जानकारी दी गई। सीमा राठौड़ अध्यापिका ने महिला सशक्तिकरण बारे में विस्तार से बताया।

# जिले की 1060 विद्यालय के 1 लाख 59 हजार विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार

## जिलेभर के विद्यालयों में सूर्य सप्तमी एवं बसंत पंचमी मनाई





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार सूर्य सप्तमी पर सोमवार को जिले के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। जिले के 1060 सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों में सूर्य सप्तमी पर प्रार्थना सभा के बाद एक ही समय पर एक साथ सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। सोमवार शाम पांच बजे तक शिक्षा अधिकारी अजय माथूर के अनुसार जिले की 1060 विद्यालयों के 1 लाख 59 हजार 654 बालक बालिकाओं ने सूर्य नमस्कार किया गया। जबकी अभिभावक, एसएमसी सदस्य, कर्मचारी अधिकारी समेत 1 लाख 82 हजार 964 जनों ने सूर्य नमस्कार किया। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में सुर्य सप्तमी व बसंत पंचमी को समारोह पूर्वक मनाया। बालिकाओं को सामूहिक सूर्य नमस्कार करवाकर बसंत पंचमी पर विस्तार से मार्गदर्शन किया। प्रधानाचार्य श्रीमती हीरा खत्री व कायक्रम प्रभारी गोपालसिंह राव के अनुसार समारोह में अतिथि श्रीमती हेमलता पुरोहित, पूर्व पार्षद मणी देवी, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी गणपतसिंह देवड़ा, योगाचार्य भीकसिंह भाटी, डॉ नरेंद्रसिंह तोमर, एसडीएमसी सदस्य हंसाराम रावल, जय विक्रम हरण का आथित्य रहा। भामाशाह नोपाजी पोशीदेवी प्रजापति सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष भूपेश भाई प्रजापति व श्रीमती देव कंवर धर्मप ि हरिसिंह राव ने पेंनसिल एवं पेन वितरित की। उधर, गांधी पार्क योग संस्थान व वरिष्ठ एवं युवा विकास संस्थान सिरोही ने बसंत पंचमी का उत्सव समारोह पूर्वक मनाया । संस्थान के महामंत्री गोपालसिंह राव ने बताया कि पंडित प्रदीप दवे ने बसंत पंचामी व सुर्य सप्तमी के बारे में धार्मिक व पौराणिक महत्व बताया। योग संस्थान के अध्यक्ष भीकसिंह भाटी के मार्गदर्शन में योगाचार्य रमेश कुमार बामणिया का सम्मान किया। शिक्षाविद् गणपतसिंह देवडा, समाजसेवी जय विक्रम हरण, डां. राजेन्द्रसिंह तोमर, डां आवेश खान, गोविन्द भाई, रणछोड कुमार,रविन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।






**दांतराई।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य सुमनेश कुमार विश्वकर्मा के अनुसार विद्यालय के सभी छात्रों एवं विद्यालय स्टाफ ने सुबह 9 बजे सूर्य नमस्कार किया। लेहरचंद पुरोहित, समाजसेवी जवान मल पुरोहित आदि मौजूद थे।



**कालन्द्री।** सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग सिरोही के तत्वावधान में राजेन्द्र पुरोहित के मार्ग दर्शन में नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में सूर्य महायज्ञ में पूर्णाहुति दी गई। परियोजना समन्वयक सीताराम सारण, नटवरसिंह, विष्णु, स्वास्थ्य कर्मचारी कर्णी दान चारण, प्रभाराम, वचनाराम आदि मौजूद थे।





**रेवदर।** स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय परिवार ने मंत्रोच्चार के साथ सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया गया। व्याख्याता शा.शि जयप्रकाश सांखला ने छात्रों को नियमित योगाभ्यास एवं सूर्य नमस्कार करने के लिए प्रेरित किया। सूर्य सप्तमी के अवसर पर स्थानीय विद्यालय के शिक्षको ने भी सूर्य नमस्कार मे भाग लिया। इधर गलु बाई रामजी चौधरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पामेरा में सूर्य सप्तमी के पूर्व दिवस पर सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों ने एक साथ सूर्य नमस्कार कर विश्व रिकॉर्ड बनाने मे अपनी सहभागिता निभाई। प्रधानाचार्य गमनाराम कोली ने नियमित सूर्य नमस्कार करने के लिए सभी को प्रेरित किया गया। यह जानकारी पंचायत शिक्षक जगदीश धारावत ने दी।



**मंडार।** राउमावि में सूर्य नमस्कार सामूहिक अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन योग प्रशिक्षक विनोद गर्ग के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम प्रभारी सुरेंद्र गिरी गोस्वामी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए इसे नित्य जीवनशैली में शामिल करने का आह्वान किया। भूराराम मेघवाल ने विद्यार्थियों को हर एक आसन के लाभों पर विस्तृत जानकारी दी। सहप्रभारी संजय सोलंकी, सतीश कुमार जोशी, जालाराम सुथार,अभिजीत सेन,रामसिंह मीणा, कन्हैयालाल गर्ग, रामनिवास मोठसरा, कालूराम जीनगर, फौजाराम रावल, इंद्रसिंह एवं भामाशाह थानाराम देवासी आदि मौजूद थे।

**पोसालिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूर्य सप्तमी पर सूर्य नमस्कार प्रधानाचार्य श्रीमती शशि चौरडिया, उप प्रधानाचार्य जैसाराम मीणा एवं जब्बरसिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें 360 विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार किया। सूर्य नमस्कार प्रभारी पारस मीणा, प्रभारी स्वाति साहू, कांतिलाल माली, मुक्ता वैष्णव, नरेंद्रसिंह, भरतसिंह, मनोज कुमार मीणा, मंजू गोस्वामी, मंजू मीना, भगवानराम मेघवाल, जगाराम कुम्हार, गणेशराम मीणा, नरेंद्रसिंह चौहान, विक्रम, हितेश, अनीता एवं ललित आदि मौजूद थे।



# शिक्षा है समाज और राष्ट्र के विकास का प्रमुख आधार : जिला प्रमुख

## वार्षिकोत्सव में स्वागत राठौड़ ने दी प्रस्तुति

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालन्द्री।** प्रयाग नोबल का वार्षिकोत्सव रिदम का आयोजन हुआ। निदेशक आचार्य भरत राजपुरोहित ने बताया कि वार्षिकोत्सव में दंडी स्वामी देवानन्द सरस्वती का सानिध्य रहा। मुख्य अतिथि जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वरलाल , अध्यक्षता दलपत राजपुरोहित, विशिष्ट आतिथ्य प्रधान हसमुख कुमार, सरपंच महिपालसिंह देवड़ा, बीइइओ आनन्दराज आर्य, नैनसिंह राजपुरोहित, अर्जुनसिंह तंवर, विक्रमसिंह देवड़ा का रहा। वार्षिकोत्सव में प्रसिद्ध पार्श्व गायक स्वागत राठौड़ ने विद्यार्थियों के साथ अपनी प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर एक नाटक,



गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुति प्रदान की गई। जिला प्रमुख पुरोहित ने कहा कि हमे बालिका शिक्षा को महत्व देना चाहिए। क्योकि शिक्षा ही समाज के विकास का आधार होती है। इसके बाद अन्य अतिथियों ने भी सम्बोधित किया। इससे पूर्व संस्थान के निदेशक आचार्य राजपुरोहित वर्षभर की सहशैक्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के रूप में मनीषा चौहान व चिराग पुरोहित का सम्मान किया गया। ब्रह्माधाम अध्यक्ष वीआर पुरोहित, महामंत्री गणेश राजपुरोहित, करणसिंह बालोत, हरचरण पुरोहित, वागाराम माली, नारायण चौधरी, संजय चौहान, नवीन कुमार, दिनेश रायगुर, सुरेश जुगनू, रामसिंह राठौड़, जगदीश माली, मोहन रावल, हाजी खान, धनराज पुरोहित, कृष्ण मेघवाल, अर्जुन मेघवाल, मुकेश सुथार,विनोद चौधरी आदि उपस्थित थे।

# बाल मेला एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** आदर्श विद्या मन्दिर माध्यमिक शिवगंज में शिशु नगरी बाल मेला व वार्षिकोत्सव समाजसेवी हिम्मतराम भाटी के मुख्य आतिथ्य, कमलसिंह की अध्यक्षता तथा मुख्य वक्ता आदर्श शिक्षा समिति के सचिव लकाराम चौधरी के आतिथ्य में आयोजित किया गया। विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य महिपाल दवे ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन नरेश सुथार के द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कई प्रकार की खाद्य सामग्री की स्टॉल लगाई। इसके बाद विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। विद्यालय का प्रतिवेदन पूर्व प्राथमिक प्रभारी उषा रावल ने प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता चौधरी ने कहा कि विद्या मंदिर सामाजिक चेतना का केंद्र है । बालक के सर्वांगीण विकास में विद्या मंदिर अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। मुख्य अतिथि भाटी ने कहा कि विद्या मंदिर शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति को जीवित रख रहे हैं। अध्यक्ष कमलसिंह थूर विद्या मंदिर के लिए एक लाख देने की घोषणा की। प्रबंध समिति के अध्यक्ष सोनाराम कुमावत, व्यवस्थापक



रणछोड़ जालौरा, संरक्षक देवीलाल अग्रवाल, जिला समिति के सदस्य मांगीलाल गहलोत, गोविन्द सुथार, प्रचार प्रमुख सुरेंद्र सांवरिया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत धर्म जागरण संयोजक रामचंद्र रावल, प्रभारी करणसिंह,कमला त्रिवेदी, शालिनी त्रिवेदी, नरेंद्र त्रिवेदी, मूमल, डिंपल यादव, धनु राणा, रेखा, रेखा दवे, भूराराम विमला माली ,जसवंतसिंह, महावीरसिंह, लक्ष्मी, रितु अग्रवाल, मुकेश कुमार गुर्जर, प्रमोद प्रजापत, रेणु कवर, रुतवी, बसंती, संतोष शर्मा केसाराम, अरुणिम राज, अरुणा गोस्वामी, सूचना प्रचार प्रमुख नवीन खंडेलवाल व उम्मेदसिंह का सहयोग रहा।



# संघ का पथ संचलन आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** आदर्श विद्या मंदिर परिसर से मंगलवार सवेरे आरएसएस का मंडल स्तरीय स्वयं सेवकों की ओर से घोष वादन के साथ पूर्व गणवेश में पथ संचलन निकला जाएगा। पथ संचलन को लेकर रविवार रात्रि संघ के कार्यकर्ताओं की खंड कार्यवाह मावाराम की अगुआई तथा वरिष्ठ स्वय सेवकों की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर चर्चा कर जिम्मेदारियों सौंपी गई। मुख्य वक्ता आरएसएस के जालोर विभाग प्रचार प्रमुख अभिषेक सम्बोधित करेंगे। मंडार के सह खंड कार्यवाह रमेश कुमार ने बताया संचलन का सम्पत साढ़े नौ बजे होगा।

# मकान में चोरी का राजफाश, तीन गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** पालड़ी एम पुलिस ने आस-पास के क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में राजफाश करते हुए तीन जनों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हुकमसिंह ने बताया कि दिसंबर माह में गौतमऋषि महादेव मंदिर, राड़बर में गजानंद मंदिर के ताले तोड़कर चोरी की की। इसके बाद सात जनवरी 2025 को उथमण के सवाईसिंह, भोपालसिंह, गरबाराम, मालाराम के मकान में ताले तोड़कर चांदी के जेवरात चोरी किए थे। प्रकरण की गंभीरता को लेकर थानास्तर पर टीम का गठन किया गया। जिस पर सोमवार को भीमाना निवासी भरत पुत्र कानाराम गरासिया, पीपला बाली निवासी बदाराम पुत्र लालाराम गरासिया, भरतराम पुत्र चुनाराम गरासिया ऊपरी पानी भीमाना निवासी भरत पुत्र कमलाराम गरासिया को प्रोडक्शन वारंट से उप कारागर बाली से गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जा रही है।



# उर्स में उमड़ा जनसैलाब

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** गुजरात के कच्छ भुज क्षेत्र के लूणी शरीफ में सालाना उर्स अकबरी व मेहमूदी का रविवार मनाया गया जिसमें हिंदुस्तान के हर क्षेत्र से लोगों ने जिलानी की दरगाह पर माथा टेक कर दुआ मांगी। मंडार मस्जिद के मौलाना सादिक अकबरी ने बताया कि हर साल लूणी शरीफ में सालाना जलसे का आयोजन हुआ। जिसमें अमन चैन शांति की हाथ उठाकर दुआ मांगी। मंडार मस्जिद के पेश इमाम सद्दीक अकबरी ने बताया की लूणी शरीफ में हमारे पीरो मुर्शीद सैय्यद मेहमूद शाह जिलानी का दरबार है। उस दरबार पर हिंदुस्तान के हर क्षेत्र से लोग शिरकत करते है। इस दौरान हाजी रमजान शेख, हाजी रफीक कुरैशी, फजल मोहम्मद, बशीर भाई राजड़ अशरफ भाटी, हाजी अनवर शेख, रसूल मेहर,मास्टर अशरफ अशगरी, यूनुस मेवाती, फिरोज भाटी, महबूब मेहर, अकरम मेहर, असलम मेहर, शरीफ शेख,सलीम मकरानी, ताज मोहम्मद, बाबू भाई, अकरम भाटी, पीरु मेहर, मुनीर मेहर आजम मेहर, परवेज मेहर सहित कई लोग मौजूद रहे






▶▶ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे सीएम फडणवीस

## नागपुर में 'सांसद खेल महोत्सव' का समापन

# मैदानों के पूर्ण विकास को राज्य सरकार देगी 150 करोड़ : सीएम



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नागपुर।** 'सांसद खेल महोत्सव' के आयोजन से नागपुर शहर की खेल क्षेत्र में प्रगति तेज गति से हो रही है। शहर में 700 करोड़ रुपए की लागत से मानकापुर खेल संकुल के पुनर्निर्माण के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं अगले दो वर्षों में उपलब्ध कराई जाएंगी। स्थानीय खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में शहर के छोटे मैदानों का विकास किया जाएगा, और इसके लिए महाराष्ट्र सरकार की ओर से 150 करोड़ रुपए की निधि प्रदान की जाएगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को की। यशवंत स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह में मुख्यमंत्री फडणवीस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, विधायक प्रवीण दटके, पूर्व सांसद डा. विकास महात्मे, महोत्सव के संयोजक संदीप जोशी, अर्जुन पुरस्कार प्राप्त दिव्यांग खिलाड़ी शीतल देवी, क्रिकेटर मोहित शर्मा आदि उपस्थित थे।

### गडकरी ने उपलब्ध कराया खिलाड़ियों को बड़ा मंच

■ मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से नागपुर और विदर्भ के खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच उपलब्ध कराया है। इस महोत्सव में 58 खेल विधाओं में विजेताओं को 12,000 से अधिक पदक प्रदान किए गए, जो गर्व की बात है। सांसद सांस्कृतिक महोत्सव और खेल महोत्सव के माध्यम से विदर्भ के प्रतिभाशाली कलाकार और खिलाड़ी उभरकर सामने आ रहे हैं, जिससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदर्भ और नागपुर का नाम रोशन होगा।

### सात साल से किया जा रहा खेल का आयोजन : गडकरी

■ इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि पिछले सात वर्षों से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों को अवसर उपलब्ध कराना, उनके व्यक्तित्व का विकास करना और नेतृत्व क्षमता का निर्माण करना है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पूर्व में भी शहर के खेल मैदानों के विकास के लिए 100 करोड़ रुपए की निधि प्रदान की थी। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार छोटे मैदानों के विकास के लिए और भी निधि उपलब्ध कराएगी।

### सीएम ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

■ मुख्यमंत्री फडणवीस के हाथों इस अवसर पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों आदि को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'क्रीड़ा महर्षि,' 'क्रीड़ा प्रशिक्षक,' और 'क्रीड़ा भूषण' पुरस्कार प्रदान किए गए। शीतल देवी और मोहित शर्मा ने भी उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन किया। सांसद खेल महोत्सव के संयोजक संदीप जोशी ने समारोह की प्रस्तावना प्रस्तुत की। यह सांसद खेल महोत्सव का सातवां वर्ष था। इस वर्ष महोत्सव की शुरुआत 12 जनवरी को हुई थी। 21 दिनों तक चले इस महोत्सव में 58 खेल विधाओं में 77,663 प्रतिभागियों ने भाग लिया। नागपुर के 69 मैदानों पर विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 1.5 करोड़ रुपये के पुरस्कार वितरित किए गए और 12,317 पदक प्रदान किए गए।

# महावीर का जीवन कार्य सदैव प्रेरणादायी : राज्यपाल

▶▶ निबंध स्पर्धा से नई पीढ़ी तक पहुंचेगा महावीर का जीवनकार्य

▶▶ तमिल भाषा में भी जैन साहित्य प्रचुर मात्रा में उपलब्ध

▶▶ पुरस्कार वितरण समारोह राजभवन में संपन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** जैन धर्म आज भले ही पश्चिम और उत्तर भारत में अधिक प्रचलित हो, लेकिन एक समय तमिलनाडु में भी जैन धर्म के अनुयायियों की बड़ी संख्या थी। तमिल भाषा में भी जैन साहित्य प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। तीर्थंकर भगवान महावीर का जीवनकार्य सदैव प्रेरणादायी रहा है। राज्यभर के स्कूलों में भगवान महावीर के जीवन पर निबंध स्पर्धा आयोजित करने से उनका संदेश और विचार नई पीढ़ी तक प्रभावी रूप से पहुंचेंगे, ऐसा प्रतिपादन महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने किया। भगवान महावीर स्वामी 2550 निर्वाण कल्याणक महोत्सव समिति द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय निबंध स्पर्धा के विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को राजभवन, मुंबई में राज्यपाल के हाथों संपन्न हुआ। इस स्पर्धा में राज्यभर से 1.2 करोड़ विद्यार्थियों ने भाग लिया, जो एक अत्यंत उत्साहवर्धक बात है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को लेखन और पठन की आदत विकसित करने की सलाह दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का शुभकामना संदेश भी पढ़कर सुनाया गया। कौशल विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा ने पुरस्कार वितरण समारोह के राजभवन में आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। जैन अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल के अध्यक्ष ललित गांधी ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से 16 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने भगवान महावीर के जीवन का अध्ययन किया। इस अवसर पर भगवान महावीर निर्वाण कल्याणक महोत्सव समिति के निमंत्रक हितेंद्र मोटा भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने विभिन्न जिलों से आए विजेताओं को पुरस्कार राशि के चेक प्रदान किए।

### तटरक्षक बल ने मनाया 49वां स्थापना दिवस

मुंबई। राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन की प्रमुख उपस्थिति में भारतीय तटरक्षक बल का 49वां स्थापना दिवस मुंबई में मनाया गया। इस अवसर पर तटरक्षक बल के विस्तार योजना की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि 151 से अधिक जहाजों, 78 विमानों और 46 उन्नत रडार केंद्रों के साथ भारतीय तटरक्षक बल दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तटरक्षक बल बन गया है। राज्यपाल ने देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के विस्तृत क्षेत्र में चौबीसों घंटे निगरानी रखने के लिए भारतीय तटरक्षक बल की सराहना की। उन्होंने गुजरात और केरल में आई विनाशकारी बाढ़ के दौरान किए गए।

# फाम बिजनेस एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 28 को

■ सम्मान समारोह ऑरिका होटल में
■ 31 जनवरी तक मिले कई नॉमिनेशन फॉर्म

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** फेडरेशन ऑफ एसोसिएशंस ऑफ महाराष्ट्र (फाम) का बिजनेस एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025 का आयोजन 28 फरवरी को मुंबई के ऑरिका होटल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी (फाम) के अध्यक्ष जितेंद्र शाह ने दी। यह समारोह महाराष्ट्र के व्यापार और उद्योग जगत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले उद्यमियों, व्यापारियों और संगठनों को सम्मानित करने का एक ऐतिहासिक मंच है। इस भव्य आयोजन में शीर्ष मंत्री, वरिष्ठ सरकारी ऑफ़िसर्स, उद्योगपति और महाराष्ट्र के सभी शहरों से व्यापारिक नेता शामिल होंगे, जहां व्यापार और उद्योग जगत के दिग्गजों को उनके अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

### पुरस्कारों की श्रेणियां

■ फाम समाज रत्न पुरस्कार, फाम व्यापार रत्न पुरस्कार,फाम महिला उद्यमी पुरस्कार,फाम युवा उद्यमी पुरस्कार,फाम सर्वश्रेष्ठ एमएसएमई पुरस्कार,फाम व्यापार मित्र (मंत्री व ब्यूरोक्रेट्स) पुरस्कार, फाम सर्वश्रेष्ठ सहयोगी संस्था पुरस्कार (मुंबई व मुफस्सिल)। व्यवसायिक उत्कृष्टता -17 उद्योग क्षेत्र टेक्सटाइल, मेटल (फेरस/नॉन-फेरस), किचनवेयर, खाद्य व कृषि, निर्माण, इंजीनियरिंग, लॉजिस्टिक्स, हॉस्पिटैलिटी, रत्न व आभूषण, फार्मास्युटिकल, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन व अन्य उद्योग शामिल होंगे। महाराष्ट्र भर से भारी मात्रा में नॉमिनेशन फॉर्म 31 जनवरी के पहले पहुंच गए है , जिसे सात वरिष्ठ लोगो के जूरी पैनल के द्वारा देखा जाएगा और फिर निष्पक्ष विजेता घोषित किया जाएगा। महाराष्ट्र के व्यापारियों और उद्योगपतियों के लिए यह एक ऐतिहासिक आयोजन होगा। पूरे राज्य से अग्रणी व्यवसायी इस गौरवपूर्ण पल के साक्षी बनेंगे।

## श्री बालाजी वेलफेयर एसोसिएशन

# कामोठे में रक्तदान शिविर का आयोजन

**सुरेश पाडीव/जागरूक टाइम्स**

**ठाणे।** प्रसिद्ध संस्था श्री बालाजी वेलफेयर एसोसिएशन ने कामोठे में मुफ्त स्वास्थ्य जांच और रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के मनोहर सिंह ने बताया कि मंजु अरविन्द गौतम की अध्यक्षता में हमारी संस्था स्वास्थ्य,शिक्षा और सेवा के उद्देश्य से सदा सक्रिय रहती है,जिसके अंतर्गत मेडिकवर अस्पताल के सहयोग से आगरी हाल में हमने रक्तदान एवं फ्री हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में पूर्व नगरसेवक विकास नारायण घरत, ट्रेडर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नाना मगदूम साहब, उपाध्यक्ष पार्थ भाई, समाजसेवी राजुभाई दासपां की उपस्थिति में डा.साकेत और उनकी टीम द्वारा फ्री हेल्थ चेकअप,आंखों की मुफ्त जांच के साथ-साथ रक्त दान शिविर का आयोजन हुआ। पूर्व नगरसेवक विकास घरत ने संस्थान को जनसेवा के इस उत्तम कार्य के लिए बधाई दी तथा रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं का भी आभार जताया। डा. साकेत ने बताया कि रक्तदान करने से शरीर में नया खून बनता है और शरीर सदा स्वस्थ्य रहता है।

डोनर को तुलसी का पौधा-प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



मंजु गौतम ने कहा कि हर स्वस्थ्य व्यक्ति को साल में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। जिससे किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। शिविर में रक्तदान करने वाले नागरिकों को तुलसी का पौधा तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में लक्ष्मण,दीप भाई तथा आदित्य ने विशेष भूमिका निभाई, जो कि सराहनीय है।

## अग्रबंधु सेवा समिति मुंबई

# मलाड में 'माता की चौकी' 16 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** अग्रबंधु सेवा समिति मुंबई की ओर से रविवार, 16 फरवरी को मलाड वेस्ट में निधिवन ग्राउंड, पवन बाग, चिंचोली फाटक के पास माता की चौकी का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक अवधेश गोस्वामी एवं उनके साथी मंत्रमुग्ध कर देने वाली भजनों की प्रस्तुति देंगे। माता की चौकी का कार्यक्रम शाम पांच बजे से रात्रि दस बजे तक होगा। अग्रबंधु सेवा समिति मुंबई के अध्यक्ष अमरीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि मां भगवती की अनुकंपा से संस्था के 17वें वर्ष के प्रवेश पर माता की भव्य चौकी का महोत्सव करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायकों की सुरमयी वाणी में माताजी की सुमधुर भजनों एवं भेंटों की प्रस्तुति होगी। संस्था ने सभी से अपील की है कि इस कार्यक्रम में पधारकर मातारानी का आशीर्वाद प्राप्त करे साथ ही महाप्रसाद भी ग्रहण करे। आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

▶▶ अवधेश गोस्वामी करेंगे भजनों की प्रस्तुति

# संकल्प के प्रति अग्रसर पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बोरीवली।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर उत्तर मुंबई के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने कुल 1000 रक्त बोतलें एकत्रित करवाने का संकल्प लिया था। अब तक कुल 817 रक्त बोतलें एकत्रित करवाने में वे सफल रहे हैं। शेष के लिए वह प्रयासरत हैं। इस संकल्प सिद्धि में उत्तर मुंबई भारतीय जनता पार्टी सहित अनेक सेवाभावी और जागरूक संस्थाओं और समाजसेवियों का समर्पित योगदान उल्लेखनीय है। जनसेवक गोपाल शेट्टी के आह्वान, नेतृत्व और मार्गदर्शन में भाजपा बोरीवली विधानसभा से कुल 99 रक्त बोतलें, चारकोप विधानसभा से कुल 111 रक्त बोतलें, दहिसर विस से 104, साथ फाउंडेशन के दहिसर में हुए मेगा ब्लड डोनेशन कैंप से कुल 237 रक्त बोतलें, बीजेपी युवा मोर्चा के शिविर से 35, बन्ट्स संघ-मुंबई के दहिसर-जोगेश्वरी रीजनल कमिटी द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर से 128, ओमप्रकाश प्रतिष्ठान द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर से कुल 94 तथा लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स में राजेश शर्मा द्वारा लगाए गए शिविर से 30 रक्त बोतलों का संकलन हुआ है।

▶▶ एक हजार रक्त यूनिट एकत्र करने का लक्ष्य
▶▶ अब तक 817 यूनिट रक्त हो पाया एकत्र



# ठाणे आयुक्तालय में 100 दिवसीय कार्य योजना प्रस्तुत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**ठाणे।** ठाणे पुलिस आयुक्तालय की 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत एक और दो फरवरी को शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस शिकायत निवारण दिवस में भाग लेने के लिए 2,602 शिकायतकर्ताओं को आमंत्रित किया गया था। ठाणे पुलिस के जनसंपर्क अधिकारी शैलेश साल्वी ने बताया कि वास्तव में 1,712 शिकायतकर्ता उपस्थित थे। ठाणे पुलिस की 100 दिवसीय कार्ययोजना के अंतर्गत शिकायत निवारण दिवस कार्यक्रम में ठाणे पुलिस आयुक्तालय के सभी सहायक पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, पुलिस निरीक्षक और अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। शिकायत दिवस के अवसर पर ठाणे आयुक्तालय में 8,352 शिकायतें लंबित हैं। लंबित आवेदनों में से 1,615 आवेदनों का तत्काल शिकायत निवारण दिवस पर प्रभावी ढंग से निपटारा किया गया। शेष 6,737 आवेदनों पर आवेदकों को बुलाकर तथा शिकायतकर्ताओं की पहचान करके चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई की जाएगी।

## आशादीप विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव-पुरस्कार वितरण समारोह

# छात्रों ने दी मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पालघर।** बोईसर (पू.) धनानी नगर, महावीर नगर स्थित आशादीप विद्यामंदिर हाईस्कूल (सेमी अंग्रेजी-हिंदी माध्यम) विद्यालय का वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह उल्लास पूर्ण माहौल में विद्यार्थियों के मनमोहक कार्यक्रमों के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती पूजन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना पश्चात अतिथियों का स्वागत-परिचय तथा वर्ष भर में आयोजित विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिता-क्रीडा प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव समारोह में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम व नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्राथमिक -माध्यमिक विभाग के विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट नाटक प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक पूर्व सैनिक प्रकाश कुमार त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी, कार्यकारिणी सदस्य राजीव त्रिपाठी उपस्थित रहे। विशेष उपस्थिति के रूप में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता व विप्र फाउंडेशन के वरिष्ठ ब्रह्मदेव चौबे, क्षत्रिय निधि लि.के संचालक गिरजेश सिंह, श्री साईं ज्ञान मंदिर की मुख्याध्यापिका सौ.संध्या त्रिपाठी शिक्षक सुशील कुमार पाल उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में वरिष्ठ शिक्षक शिव प्रताप मिश्र, सहायक शिक्षक मनोज कुमार पाल, प्रिंस कुमार त्रिपाठी, ओमप्रकाश तिवारी,विमल मिश्र सहित अन्य सभी शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं का सहयोग सराहनीय रहा। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों समेत बड़ी संख्या में अभिभावक व क्षेत्रीय लोग भी उपस्थित थे। सूत्र संचालन विद्यालय की शिक्षिका जया शरद कुरकुटे तथा सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार ज्ञापन मुख्याध्यापक हरिओम शरण बी.मिश्र ने किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम व लघु नाटिका के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

# डा. नरेंद्र गुप्ता को दादा साहब फाल्के इंडियन टेलीविजन पुरस्कार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मीरा भायंदर।** मीरा भायंदर शहर की विभिन्न संस्थाओं से जुड़े सामाजिक कार्यों में सक्रिय समाजसेवी डा. नरेंद्र गुप्ता को दादा साहेब फाल्के इंडियन टेलीविजन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गुप्ता निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करते आ रहे है राजस्थानी प्रवासियों सहित अन्य लोगों में लोकप्रिय डॉक्टर नरेंद्र गुप्ता मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाते है। जीवदया को जीवन का मूलमंत्र मानने वाले गुप्ता सामाजिक कार्यों में बढ़चढकर हिस्सा लेते है। सामाजिक कार्यों में दिव्यांगो, वंचितों की सहायता व जीवदया अभियान के लिए दादा साहब फाल्के इंडियन टेलीविजन पुरस्कार 2025 से नागिन फेम अदा खान द्वारा सहारा होटल, मुंबई में दिया गया। इस अवसर पर टेलीविजन सितारे कृष्णा पाटिल, बिगबॉस फेम यामिनी मल्होत्रा, काजल चौहान, नवीन वाडेकर,खुशी माली, स्नेहा भावसर,सन्ना सूरी, रश्मि गुप्ता,अलंकृत सहाय, वाक्वार शेख,सुनील शेट्टी, अभिजीत राणे,अखिलेश सिंह सहित सैकड़ों टेलीविजन इंडस्ट्री के सितारे उपस्थित थे।



निस्वार्थ भाव से समाज सेवा कर रहे डा.गुप्ता

## उत्तर भारतीय महासंघ का 21वां स्थापना दिवस

# राम-केवट संवाद ने लूटी खूब वाहवाही

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नालासोपारा।** उत्तर भारतीय महासंघ का 21वां स्थापना दिवस दो फरवरी की शाम छह बजे से नालासोपारा पूर्व के श्रीराम नगर, धानीबाई नगर परिसर में बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम शुभारंभ संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम मिश्रा एवं कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने मां सरस्वती व छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथि के रूप में नालासोपारा विधानसभा के पूर्व विधायक क्षितिज ठाकुर सहित कई अन्य गणमान्य उपस्थित थे। श्रीराम नगर रामलीला मंडल के कलाकारों ने चित्रकूट में राम भरत मिलाप, राम केवट संवाद मंचन प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति कर रहे सा.रे.गा.मा.पा. रँगपुरवईया विजेता सुजीत गौतम के साथ आरती तिवारी सहित उनकी टीम ने अपने सुमधुर सुरों से समां बांध लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष राधेश्याम मिश्रा ने किया। मंच संचालन संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने किया। आयोजन को सफल बनाने में मनोज यादव, अमजद अली भुट्टो, जे.पी. सिंह, छोटेलाल चौबे, जगत पाल सिंह, सुरेंद्र यादव , सुरेश जायसवाल (हरिओम), रामदरश पाल, नीतू पाण्डेय, पिंकी सिंह, सीमा यादव, सरिता तिवारी, सीमा तिवारी का योगदान रहा।




# शंकर मंदिर में भजन संध्या का आयोजन

**ठाणे।** मुंब्रा के शंकर मंदिर में बाबा रामसा पीर के जय कारों के साथ रामसापीर की विधिविधान के साथ पूजा अर्चना और हवन की पूर्णाहुति के पश्चात बाबा की भजन संध्या को प्रारंभ किया गया, मुंब्रा में रामदेव पीर भक्त मंडल द्वारा यह कार्यक्रम गत 14 वर्षों से किया जा रहा है और इस वर्ष भी किया गया जिसमें छत्तीस कोम ने भाग लिया। बाबा की भजन संध्या में प्रस्तुति देने कलाकारों को राजस्थान से बुलाया गया था। सर्वप्रथम कार्यक्रम को प्रारंभ करने से पहले बाबा रामसा पीर की प्रतिमा को सजाया गया तत्पश्चात लगभज दोपहर 3 बजे ब्रह्मदेव द्वारा हवन किया गया जिसमें बाबा रामदेव पीर भक्त मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी गई। सुबह 4 बजे 108 दीपक प्रज्वलित कर बाबा रामसा पीर की महा आरती की गई।

रामदेव पीर भक्त मंडल 14 वर्षों से कर रहे कार्यक्रम

## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

## एएसईआर की रिपोर्ट प्रकाशित

# राज्य के 78 प्रतिशत स्कूलों में कंप्यूटर सुविधा उपलब्ध

**मुंबई।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन ने ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों का सर्वेक्षण (एएसईआर) रिपोर्ट प्रकाशित की है। इसके संदर्भ में महाराष्ट्र प्राथमिक शिक्षा परिषद ने एएसईआर रिपोर्ट के कुछ बिंदुओं को स्पष्ट किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 20.4% छात्रों द्वारा कंप्यूटर का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि, कुल 1,08,144 स्कूलों में से कंप्यूटर का उपयोग करने का प्रतिशत 72.95% है। संस्था ने 48.3% स्कूलों में कंप्यूटर की कमी का उल्लेख किया है। वास्तविकता यह है कि कुल स्कूलों में से 78.40% स्कूलों में कंप्यूटर सुविधा उपलब्ध है। शालेय शिक्षा विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, लड़कियों के लिए लगभग 96.8% स्कूलों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध है।

### प्रकाशित रिपोर्ट में कई सकारात्मक मुद्दे भी

■ इस संस्था द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कुछ महत्वपूर्ण बिंदु निम्नलिखित हैं: 6 से 14 वर्ष की आयु के 60.9% बच्चे सरकारी स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जबकि 38.5% बच्चे निजी स्कूलों में शिक्षा ले रहे हैं। पहली और दूसरी कक्षा में बच्चों के पढ़ाई और गणितीय गतिविधियों में प्रगति देखने को मिल रही है। तीसरी कक्षा में बुनियादी साक्षरता और गणित में कोरोना महामारी के कारण हुए अध्ययन ह्रास को पूरा किया जा रहा है।



# एग्रीस्टैक योजना अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री शिविरों की पूर्व तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** भारत सरकार की एग्रीस्टैक योजना अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के सफल, सुचारू संचालन व पर्यवेक्षण के लिए सूचना प्रौद्योगिकी और संचार कें वीसी हॉल में जिला कलक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने शिविरों के सफल संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए एवं शिविर से पूर्व की तैयारियों की समीक्षा की। शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रचार व प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के समस्त लाभार्थियों के शत् प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री के पंजीकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। राज्य सरकार की कृषकों के चंहुमुखी विकास की मंशा के अनुरूप फार्मर रजिस्ट्री शिविरों हेतु व्यापक कार्य योजना बनाकर ि यान्वयन के निर्देश दिए। बैठक में समस्त उपखंड अधिकारी समेत संबंधित अधिकारी मय वीसी के जरिये जुडे ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बंदर की मौत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** वेरा रामपुरा फोरलेन पर सोमवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बंदर की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे समाजसेवियों ने उसका अंतिम संस्कार किया। विहिप बजरंग दल ग्रामीण अध्यक्ष दिनेश कुमावत के सहयोग से बंदर की समाधि दी गई। खंड संयोजक वीरेंद्रप्रतापसिंह देवड़ा, संयोजक भगाराम कुमावत, सत्संग प्रमुख मंछाराम कुमावत, प्रभारी महेन्द्र कुमावत, मदनसिंह देवड़ा, प्रवीण मेघवाल, महेंद्र मेघवाल, राकेश कुमावत, लक्ष्मण कुमावत, रवी कुमावत मौजूद थे।

## पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय निर्माण को नहीं मिला कार्यादेश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत से मुलाकात कर राजकीय पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय सिरोही का निर्माण शुरु करवाने की मांग की। लोढ़ा ने बताया कि तत्कालीन सरकार के समय वर्ष 2023-24 की बजट घोषणा में सिरोही में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय की हुई घोषणा के बाद पशुपालन विभाग की ओर से चाही गई भूमि का आवंटन कर दिया गया। इसके बावजूद तक सरकार की ओर से निर्माण की स्वीकृति नहीं मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए जनहित में कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ करवाने की मांग की। पशुपालन मंत्री ने लोढ़ा को भरोसा दिलाया है कि इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

## डायमंड जुबली जम्बूरी में राजस्थान पहले पायदान पर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में डायमंड जुबली जम्बूरी तमिलनाडु के तिरसी में सोमवार तक आयोजित की गई। प्रदेश के मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य के निर्देशन में इस जम्बूरी में राजस्थान के 1012 स्काउट गाइड एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया था। जम्बूरी में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें राजस्थान प्रदेश प्रथम स्थान पर रहा। सीओ स्काउट एम आर वर्मा ने बताया कि डायमंड जुबली जम्बूरी में सिरोही जिले के 16 स्काउट गाइड़ों ने भाग लिया। महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आबूरोड से 8 स्काउट अंश कपूर, आदित्यसिंह, भरत कुमार, दिव्यांश बामनिया, जयेश जॉगशन, सारांश सैनी, इमरान, योगेश सोनी, और पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही से 8 गाइड रिका कुमारी, मंछी कुमारी, अमिया कुमारी, सिकू कुमारी, दुर्गा कुमारी, हिमांशी कुमारी, कन्याकुमारी एवं सोनाक्षी कुमारी कालूसिंह देवडा व गाइड प्रभारी चंद्र किरन के नेतृत्व जम्बूरी में भाग लिया।

## 'दिव्यांग सारथी' अभियान के तहत होगा भव्य समारोह

**विभिन्न योजनाओं से दिव्यांग होंगे लाभान्वित**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** जिला कलक्टर बालमुकुन्द असावा ने सोमवार को विभिन्न विभागों की बैठक लेकर जनकल्याणकारी योजनाओं, नवाचारों, कार्य मों, अभियानों आदि की विस्तार से समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा सहित अन्य मौजूद रहे। कलक्टर ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक दीपेन्द्रसिंह से विशेष योग्यजन स्वरोजार योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति के संबंध में चर्चा की। उप निदेशक ने बताया कि सुखद दाम्पत्य योजना में 27 जोड़ों को लाभान्वित किया गया है और वर्तमान में कोई आवेदन लंबित नहीं है। विशेष योग्यजन को स्कूटी वितरण में वाहन पंजीयन में परिवहन कार्यालय से विभाग को सकारात्मक सहयोग प्राप्त नहीं होने पर कलक्टर ने उदयपुर आरटीओ से बात कर दो दिवस में समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। ऐसे ही हियरिंग ऐड, अनुजा निगम, ट्राई साइकिल वितरण पर चर्चा की। जिला प्रशासन के अभियान 'दिव्यांग सारथी' के तहत इसी माह एक समारोह आयोजित कर दिव्यांगों को केंद्र एवं राज्य सरकार की समस्त कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिला परिषद एसईओ और राजीविका जिला परियोजना प्रबंधक सुमन अजमेरा ने मिशन सक्षम सखी के द्वितीय संस्करण के तहत मार्च के प्रथम सप्ताह में भव्य क्रेडिट कैंप तथा ट्रेड फेयर आयोजित कर अधिकाधिक एसएचजी को लोन स्वीकृत कराने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ हेमंत बिंदल, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक शक्तिसिंह, नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय ने विभागिय जानकारी दी। जिला कलक्टर असावा ने कहा कि 10 अप्रैल को राजसमंद दिवस पर क्यों न कोई भव्य कार्यक्रम की शुरुआत हो। इस पर उन्होंने नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय को अभी से ही कार्यक्रमों की प्लानिंग तैयार कर आगामी दिनों में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ताकि जिला मुख्यालय पर इस विशिष्ट दिवस पर एक शानदार कार्य म की शुरुआत की जाए।



## प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** मकावल के एक लाभार्थी ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर प्रधानमंत्री आवास योजना में के तहत हुए घोटाने की जांच कर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। गांव के नरसाराम पुत्र हिमाराम ने ज्ञापन देकर बताया कि वर्ष 2017 कि प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास स्वीकृत हुआ था। लेकिन, ग्राम पंचायत मकावल द्वारा कागजों में घोटाला और मिलिभगती कर उसे योजना से दूर कर उसके नाम की पत्रावली अन्य के नाम कर उसे पात्र मानकर अन्य व्यक्ति को स्वीकृति दी गई। इस गंभीर मुद्दें को लेकर कई बार उच्चाधिकारियों को समस्या समाधान की मांग की गई। लेकिन, आज दिन तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इस पर मेघवाल ने सोमवार को ज्ञापन देकर सम्पूर्ण प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर कानूनन कार्रवाई कर योजना का लाभ दिलाने की मांग की।

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** कस्बे में रविवार शाम सड़क पार कर रहे युवक को ट्रक ने चपेट में ले लिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान रतनपुर रानीवाड़ा हाल मंडार निवासी सवाईसिंह के रूप में की गई। पुलिस ने क्षत विक्षित शव को मोर्चरी में रखवाया गया। लोगों ने बताया कि सालों से ग्रामीण बाईपास की मांग कर रहे हैं। बावजूद इसका निवारण नहीं हो रहा। आए दिन मुख्य बाजार से निकलने वाले हाईवे मार्ग पर हादसे हो रहे हैं। सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण से लोगों को काफी परेशानी होती है।

## सूर्य नमस्कार की दी प्रस्तुति

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** द अंकुर बीएड कॉलेज में बसंत पंचमी हर्षोल्लास से मनाई। शारीरिक शिक्षक कपिल पुरोहित ने सूर्य नमस्कार करवाया गया। इसके बाद बसंत पंचमी का शुभारंभ मुख्य अतिथि उमेश रावल एवं विजयलक्ष्मी त्रिपाठी ने मां शारदे की पूजा अर्चना कर किया। जिसमें विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी अनिता भाटी, सुनीता श्रीमाली, शकुंतला पालीवाल, मधु शर्मा, प्रमिला श्रीमाली, विष्णु पुरोहित, लोकेश कुम्हार और महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।



## शुभ मुहूर्त में विराजमान हुई मां शारदे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लूणोल में बसंत पंचमी के दिन सरस्वती माता का मंदिर में विराजमान करके विधि पूर्ण प्राण-प्रतिष्ठा की गई। एडवोकेट भागीरथसिंह देवड़ा ने बताया कि विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य सवाराम कोली के निर्देश पर ग्रामीणों को पीले चावल देकर आमंत्रित किया गया। इसके बाद उनके सहयोग राशि एकत्रित की गई। जिसमे ग्रामवासियों ने महा प्रसादी रखी गई।

## वार्षिकोत्सव का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालन्द्री।** महावीर आदर्श विद्या मन्दिर माध्यमिक के शिशु वाटिका का वार्षिकोत्सव रामबंधन का आयोजन किया गया। बसंत पंचमी पर नव प्रवेशित बालकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य करणसिंह विजयसिंह, जयप्रकाश घांची, शंकरलाल देवासी, हीरालाल, व्यवस्थापक रतन प्रजापत द्वारा अतिथियों का परिचय करवाया। दरगाराम, सुरेश पुरोहित, अजय चौहान, राहुल, रणछोड़ आदि का सहयोग रहा।

## संतों के सानिध्य में हुआ हनुमान जन्मोत्सव पोस्टर का विमोचन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** चारभुजा में सर्व हिंदू समाज कुंभलगढ़ एवं चारभुजा तहसील के लोगों की बैठक रविवार को चारभुजा होली थान स्थित चबूतरे पर संतो के सानिध्य में संपन्न हुई। जिसमें 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम को लेकर भव्य आयोजन में ज्यादा से ज्यादा लोगों को आने का आह्वान करते हुए विमोचन किया। जिसमें संत माधवदास रेत वाले हनुमान चारभुजा, कुंभलगढ़ के विधायक सुरेंद्रसिंह राठौड़, चारभुजा मंडल अध्यक्ष सोहनलाल गुर्जर, कुंभलगढ़ मंडल अध्यक्ष प्रेमसुख शर्मा, हिंदू रजनीश कुंभलगढ़, धर्मचंद हिंदू, राहुल टेलर, प्रकाश टेलर ने पोस्टर का विमोचन किया गया।

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (भूमि आवंटन व नियमितिकरण)**
**नगर परिषद सिरोही (राजस्थान)**

क्रमांक : नपसि/भूमि/90-क/270 दिनांक : 23.01.2025

**-: लोक सूचना :-**

निम्न आवेदक द्वारा नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि का अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र. स. | नाम आवेदक | ग्राम का नाम | खसरा स. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमति शान्तिदेवी पत्नी श्री अनारामजी मेघवाल निवासी बुनकर वास कालन्द्री तह व जिला सिरोही आवेदित स्थल पटवार हल्का सिरोही। | सिरोही ।। | 4596/3406 | 806.33 वर्गमीटर |
| 2. | श्रीमति शान्तिदेवी पत्नी श्री अनारामजी मेघवाल निवासी बुनकर वासः कालन्द्री तह व जिला सिरोही आवेदित स्थल पटवार हल्का सिरोही।। | सिरोही ।। | 4596/3405 | 538.67 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आपेक्ष है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समस्त दस्तावेजों के साथ अपने आपेक्ष प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आपेक्ष के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आपेक्ष नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 23.01.2025 को जारी की गई।

प्राधिकारी अधिकारी
(भूमि आवंटन व नियमितिकरण) सिरोही

# 'सामुदायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हिन्दुस्तान जिंक'




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** राजपुरा दरीबा क्षेत्र में ग्रामीण विकास में हिन्दुस्तान जिंक की सामुदायिक विकास योजनाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। इस क्षेत्र में संचालित परियोजनाएं यहां के युवाओं, महिलाओं और बच्चों के साथ साथ किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। हिन्दुस्तान जिंक का राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स सस्टेनेबल खनन और नवाचार का ही प्रमाण नहीं है, बल्कि आसपास के गांवों के लिए आशा की किरण भी है। महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और कौशल विकास के लिए सामुदायिक विकास पहलों के माध्यम से कंपनी ने स्थानीय समुदायों के जीवन की गुणवत्ता और विकास में उल्लेखनीय सुधार किया है। ग्रामीण युवाओं के लिए संचालित जिंक कौशल केन्द्र पहल ने राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स के पास 2200 से अधिक युवा छात्रों और स्थानीय निवासियों को प्रशिक्षित कर, उन्हें उद्योग-संबंधित कौशल विकास से जोड़कर उनके रोजगार के मार्ग को प्रशस्त किया हैं। सामाजिक विकास की प्रमुख परियोजनाओं में सखी पहल ने इस क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राजपुरा दरीबा में आस-पास के गांवों की 3 हजार से अधिक महिलाओं ने उद्यमिता के माध्यम से वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त की है। इन महिलाओं ने सूक्ष्म बचत, आपसी लेनदेन एवं बैंक लिंकेज के माध्यम से सफलतापूर्वक लघु उद्योग स्थापित किए हैं। इसके अलावा 2025 में राजसमंद जिले में 626 नंद घर स्थापित करने, कंपनी 11000 से अधिक वंचित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और पोषण सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हिन्दुस्तान जिंक ने आसपास के 11 राजकीय विद्यालयों को महत्वपूर्ण संसाधन उपलब्ध कराए हैं।

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (भूमि आवंटन व नियमितिकरण)**
**नगर परिषद सिरोही (राजस्थान)**

क्रमांक : नपसि/भूमि/90-क/262 दिनांक : 23.01.2025

**-: लोक सूचना :-**

निम्न आवेदक द्वारा नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि का अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र. स. | नाम आवेदक | ग्राम का नाम | खसरा स. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमति रिंकु रावल पत्नि श्री प्रकाशचन्द्र रावल निवासी-सम्पूर्णानंद कॉलोनी आवेदित स्थल अम्बिका नगर मंडार रोड सिरोही। | सिरोही ।। | 3642 | 1250 वर्गफिट |
| 2. | श्रीमति दुर्गादेवी पत्नि प्रकाश कुमार निवासी कालन्द्री रोड बरलुट आवेदित स्थल इम्मानूल स्कूल ऑपोजिट नगर सिरोही। | सिरोही । | प्लॉट सं. 32 654 व 655 | 1200 वर्गफिट |
| 3. | श्रीमति पुष्पादेवी पत्नि नरेश कुमार माली निवासी ओडा तह. शिवगंज जिला सिरोही आवेदित स्थल इम्मानूल स्कूल ऑपोजिट नगर सिरोही। | सिरोही । | प्लॉट सं. 33 654 व 655 | 1200 वर्गफिट |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आपेक्ष है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समस्त दस्तावेजों के साथ अपने आपेक्ष प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आपेक्ष के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आपेक्ष नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 23.01.2025 को जारी की गई।

प्राधिकारी अधिकारी
(भूमि आवंटन व नियमितिकरण) सिरोही

## वार्षिकोत्सव अनुगूंज में जमकर थिरके युवा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** नाथद्वारा इस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेन्ट में अनुगूंज वार्षिकोत्सव मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकुट बिहारी शर्मा, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक नूतन प्रकाश जोशी, अमित कुमार रहे। अध्यक्षता संस्थान के निदेशक दीपेश पारीख ने की। संस्थान के प्रबंध निदेशक दीपेश पारीख ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्य म में ग्रुप डांस, सोलो डांस, सोलो सांग पर विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि शर्मा ने अपने लक्ष्य के प्रति सकारात्मक दिशा में काम कर भविष्य को साकार करने के लिए प्रेरित किया। चेचाणी ने प्रतियोगिता के दौर में निरंतर अभ्यास एवं अध्ययन करते हुए लक्ष्य के प्रति सजग होकर अध्ययन करने का प्रयास करने की बात कही। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. रंजना शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद विद्यार्थियों का सम्मान किया। प्रबंध निदेशक दीपेश पारीख, आईटीआई प्राचार्य डॉ. पंकज राठी, प्राचार्या डॉ. रंजना शर्मा, पीआरओ धर्मेश पालीवाल मौजूद थे।




## जिलाध्यक्ष पालीवाल ने किए चारभुजा नाथ के दर्शन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल पार्टी समर्थकों के साथ चारभुजानाथ मंदिर पहुंचे। जहां पर रास्ते में जगह-जगह पर ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पुजारी राकेश गुर्जर ने स्वागत किया। पालीवाल ने प्रभु के चरणों में नतमस्तक होकर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। पुजारी गोपाल गुर्जर, चेतन गुर्जर, पुष्कर गुर्जर, किशन भंडारी, मोतीलाल पालीवाल, पुरुषोत्तम पालीवाल, मुकेश पालीवाल, विवेक नंदवाना ,संपत पालीवाल, प्रकाश टेलर, बसंत पालीवाल, शांतिलाल टेलर, पूजा पालीवाल सहित कई लोग शामिल थे। प्रधान अरविंदसिंह राठौड़, कुंभलगढ़ प्रधान कमला दसाणा,उप प्रधान शांतिलाल भील, साथिया सरपंच भेरूलाल राजपुरोहित, मंडल अध्यक्ष सोहनलाल गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष मदनलाल भील थे।



## सुविचार

एकाग्रता से ही विजय मिलती है।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## आस्था का जनसैलाब

बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर त्रिवेणी संगम में आस्था का जनसैलाब उमड़ा है। महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान पर नागा संन्यासियों के साथ देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालु भी साक्षी बने। हर-हर गंगे, बम बम भोले और जय श्री राम के गगनभेदी उद्घोष से महाकुंभ क्षेत्र गूंज उठा। महाकुंभ के तीसरे और आखिरी अमृत स्नान पर्व पर अखाड़ों ने संगम में डुबकी लगाई। भोर में साढ़े चार बजे सबसे पहले महानिर्वाणी के संतों ने त्रिवेणी में स्नान किया। इसके बाद पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी और फिर श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े ने अमृत स्नान किया। जूना अखाड़े में नागाओं की भारी फौज रही। जूना अखाड़े में किन्नर अखाड़ा भी शामिल रहा। त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान कर रहे श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। उत्तर प्रदेश सूचना विभाग के अनुसार सोमवार सुबह 8 बजे तक 62.25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। 2 फरवरी तक 34.97 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ 2025 का अंतिम अमृत स्नान आज वसंत पंचमी के अवसर पर हो रहा है। संगम नोज पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। महाकुंभ के तीसरे और अंतिम अमृत स्नान पर्व वसंत पंचमी पर संगम में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए लोगों का रेला उमड़ा है। चाहे लाल मार्ग हो या काली मार्ग या फिर त्रिवेणी मार्ग। हर तरफ से भक्ति का सागर संगम में मिलने के लिए उमड़ रहा है। मौनी अमावस्या स्नान पर्व हादसे से सबक लेते हुए इस बार अमृत स्नान के लिए अखाड़ों के लिए सेफ कॉरिडोर बनाया गया है, ताकि शाही सवारियां निकलने के दौरान उस रास्ते पर कोई आम श्रद्धालु प्रवेश न कर सकें। कुंभ मेला प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। श्रद्धालुओं का रेला संगम समेत गंगा के घाटों पर उमड़ पड़ा है। विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम में वसंत पंचमी पर संगम में डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखते बन रहा है। संगम जाने वाली सड़कों पर हर तरफ आस्था, उत्साह और उल्लास छाया है। रेलवे स्टेशनों पर लगातार स्नानार्थियों की भीड़ आती जा रही है। भीड़ के मद्देनजर एहतियातन मेला प्रशासन ने चुस्त-दुरुस्त इंतजाम किए हैं। पार्किंग के अलावा खाली स्थानों और पटरियों पर बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने डेरा जमा लिया है। करीब 12 किमी की परिधि में फैले संगम के घाटों पर स्नानार्थी ही नजर आ रहे हैं। कोई दंड-कमंडल लेकर तो कोई सिर पर गठरी और कंधे पर झोला-बोरा लिए संगम की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। रास्ते भर जय गंगा मैया, हर-हर महादेव और जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष गूंज रहे हैं। मेले में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध है।

### आम बजट-2025-26

# नए आयकर अधिनियम का स्वागत



सुभाषचंद्र अग्रवाल

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट में शीघ्र ही बहुप्रतीक्षित नए आयकर अधिनियम को पेश किए जाने की घोषणा की गई है, जो छह दशक पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा। यह उम्मीद की जानी चाहिए कि नया आयकर अधिनियम प्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाएगा। वास्तव में, यह बेहतर होता यदि इसे संघ बजट के साथ ही लागू कर दिया जाता। कर स्लैब में भारी कटौती स्वागत योग्य है, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि अधिभार (सरचार्ज) और उपकर (सेस) जारी रहेंगे या नहीं। करदाता इस बात को लेकर भ्रमित हैं कि क्या 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय कर-मुक्त होगी, जबकि 4 लाख से 12 लाख रुपए तक के आय स्लैब भी मौजूद हैं। सामान्य करदाता इस तकनीकी विवरण को नहीं समझ पाते कि आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 87 ए के तहत उपलब्ध छूट के कारण ही यह संभव हो सकता है। 12 लाख रुपए से अधिक की आय होने पर, करदाता इस धारा 87 ए के तहत उपलब्ध छूट से वंचित हो जाएंगे।

इमेज

प्रत्यक्ष कर प्रणाली को सबसे अधिक सरल बनाया जा सकता है यदि मूल कर-मुक्त सीमा को 4 लाख रुपए से 12 लाख रुपए के बीच बढ़ा दिया जाए और धारा 87 ए के तहत हासिल भ्रमित करने वाली छूट को समाप्त कर दिया जाए। पुरानी कर-व्यवस्था को समाप्त कर केवल एक कर-व्यवस्था होनी चाहिए और अधिभार तथा उपकर समाप्त कर, कर-दर को 30 प्रतिशत से अधिक नहीं रखा जाना चाहिए। यह कदम राजा चेलैया समिति की सिफारिशों के अनुरूप होगा और अंतरराष्ट्रीय कर-प्रणालियों के साथ भारत की कर-व्यवस्था को संतुलित करेगा। कर स्लैब में कटौती के साथ, दान, चंदा, राजनीतिक दलों को चंदा और कृषि-आय जैसी कर छूट, जो कि बड़े पैमाने पर दुरुपयोग की जाती हैं, समाप्त कर देनी चाहिए। आम किसान की वार्षिक आय 4 लाख रुपये से अधिक नहीं होती, लेकिन अल्ट्रा-रिच (अत्यंत अमीर) लोग, जिनमें कई प्रसिद्ध हस्तियां भी शामिल हैं, अपनी अघोषित आय को कृषि आय दिखाकर काले धन को सफेद करने के लिए इस प्रावधान का दुरुपयोग करती हैं। इसके लिए कई बड़े लोग गांव में कुछ जमीन खरीद लेते हैं और फिर इसकी बदौलत बिना किसी कृषि उपज के अपनी काली कमाई को सफेद कर लेते हैं। भारत को स्वीडन की तर्ज पर नकदी रहित यानी कैशलेस अर्थव्यवस्था की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। बैंकिंग अर्थव्यवस्था में नकदी के प्रवाह को सख्ती से रोकना चाहिए, जैसा कि 8 नवम्बर 2016 को की गयी नोटबंदी के मूल में सोच थी। एक स्थाई स्वैच्छिक प्रकटीकरण योजना लाई जा सकती है, जहां करदाता अपनी अज्ञात आय को 30 प्रतिशत की उच्चतम कर-दर पर घोषित कर सकते हैं, बिना आय के स्रोत का खुलासा किये हुए। इस तरीके से, विशेष रूप से संपत्ति सौदों (प्रॉपर्टी डील्स) में नकद लेनदेन को औपचारिक बनाया जा सकता है। यदि संपत्ति-सौदों पर पंजीकरण-शुल्क भी घटाकर नगरपालिका करों सहित केवल पांच प्रतिशत तक ले आया जाय और पूंजी-लाभ को शेयरों की तरह 10 प्रतिशत कर दिया जाए। सुझाए गए उच्चतम 30 प्रतिशत स्लैब के तहत आय का खुलासा करने वाले सभी लोगों के नाम वेबसाइट पर घोषित आय के अनुक्रम में मौजूद होने होने चाहिए, ताकि स्थिति-सचेत व्यक्ति अधिक आय का खुलासा करने के लिए दौड़े आएं।

**बदला जाए वित्तीय वर्ष**-एल. के. झा समिति की सिफारिशों के अनुसार वित्तीय वर्ष को अप्रेल-मार्च से बदलकर जनवरी-दिसंबर करना चाहिए, ताकि भारत अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो और ब्रिटिश शासन की इस पुरानी विरासत को समाप्त किया जा सके। इसके अलावा टैक्स और कॉर्पोरेट ऑडिट के लिए अलग-अलग मूल्यह्रास नियमों को समाप्त कर एकीकृत ऑडिट प्रणाली लागू की जानी चाहिए। इसके साथ ही कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए 10,000 से अधिक के सभी लेनदेन केवल बैंक के माध्यम से अनिवार्य किए जाएं। क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर शुल्क को सिर्फ 0.5 प्रतिशत तक रखा जाए साथ ही यह शुल्क केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाए। साथ ही क्रेडिट कार्ड के माध्यम से की जाने वाली खरीद पर सभी प्रोत्साहन समाप्त कर दिए जाने चाहिए। क्रेडिट कार्ड पर वर्तमान में दो प्रतिशत का उच्च लेन-देन शुल्क व्यापारियों को ग्राहकों से अलग से वसूलने के लिए मजबूर करता है, खासकर जहां व्यापार-मार्जिन कम है। जबकि क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बैंकों को आधे प्रतिशत के ट्रांजेक्शन चार्ज के साथ भी बहुत ज्यादा कमाई होगी क्योंकि क्रेडिट कार्ड का कई गुना इस्तेमाल होता है। व्यापारियों के लिए दो क्रेडिट कार्ड स्वाइपिंग मशीन अनिवार्य होनी चाहिए ताकि भुगतान अस्वीकार करने की बहानेबाजी समाप्त हो सके।

**जीएसटी प्रणाली की विसंगतियां और सुधार**-इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) प्रणाली का सबसे अधिक दुरुपयोग निर्माण क्षेत्र में किया जाता है, जहां व्यापारियों द्वारा आम उपभोक्ताओं के छूटे हुए बिल खरीदे जाते हैं और फिर उन्हें बड़े उत्पादकों को बेचा जाता है ताकि वे फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठा सकें। इस प्रक्रिया में काले धन का लेनदेन बढ़ता है। इनपुट टैक्स क्रेडिट के दुरुपयोग को रोकने के लिए वार्षिक फॉरेंसिक ऑडिट अनिवार्य किया जाना चाहिए। 18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब को पूरी तरह समाप्त करने और निर्माण क्षेत्र में इनपुट टैक्स क्रेडिट को पूर्ण रूप से समाप्त करने का अध्ययन किया जाना चाहिए। कार्यक्षेत्र में प्रयुक्त न किए जाने वाले खर्चों पर इनपुट टैक्स क्रेडिट की अनुमति नहीं होनी चाहिए जैसे कि निजी उपयोग के लिए खरीदी गई कार पर। 3 प्रतिशत और 5 प्रतिशत जीएसटी स्लैब को मिलाकर नया 6 प्रतिषत जीएसटी स्लैब बनाया जाए, जबकि 28 प्रतिशत जीएसटी को 30 प्रतिशत किया जाए। 6 प्रतिशत और 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब को मिलाकर भविष्य में 10 प्रतिशत का एक नया कर-संरचना लागू की जा सकती है। अप्रत्यक्ष कर संरचना को सरल बनाने के लिए, केवल तीन जीएसटी स्लैब होने चाहिए-6 प्रतिशत, 12 प्रतिशत और 30 प्रतिशत।

**अतिरिक्त लक्जरी कर और अन्य सिफारिशें**-स्वर्ण आभूषण की चालान प्रणाली को दो भागों में विभाजित किया जाना चाहिए-एक धातु और जड़े हुए रत्नों के लिए और दूसरा निर्माण शुल्क के लिए ताकि केवल निर्माण शुल्क पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगे। अतिरिक्त लक्जरी वस्तुओं पर उपकर को समाप्त कर, 60 प्रतिशत के गुणक में अतिरिक्त जीएसटी स्लैब जोड़ा जाए। पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाकर राज्यों में डीजल-पेट्रोल की कीमतों को एक समान किया जाए। सेवा क्षेत्र पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने के बाद, 10 लाख रुपए या अधिक वार्षिक आय वाले व्यक्तियों को जीएसटी के तहत लाया जाए, जिसमें वकीलों को भी शामिल किया जाए।

**डाक-सेवाओं पर जीएसटी में सुधार**


सरकारी भुगतान को जीएसटी से मुक्त किया जाना चाहिए, ताकि सरकार को ही एक जेब से दूसरी जेब में पैसा भेजने की प्रक्रिया समाप्त हो। स्पीड पोस्ट जैसी सेवाओं पर जीएसटी लगाया जाता है, लेकिन अन्य डाक सेवाएं इससे मुक्त हैं.. यह असंगत है।

## पंचांग

4 फरवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| • विक्रम संवत् | - | 2081 |
| • शक संवत् | - | 1946 |
| • ऋतु | - | शिशिर |
| • माह | - | माघ |
| • पक्ष | - | शुक्ल |
| • तिथि | - | सप्तमी 26.32 तक |
| • वार | - | मंगलवार |
| • नक्षत्र | - | अश्विनी 21.50 तक |
| • योग | - | शुभ 24.07 तक |
| • करण | - | गर 15.34 तक |
| • सूर्योदय | - | 07.13 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - | 06.31 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - | 07.22 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - | 06.27 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - | मेष |
| • अभिजित् मुहूर्त | - | 12.29 से 13.15 |
| • राहु काल | - | 15.42 से 17.07 |
| • व्रत, त्यौहार | - | रथ सप्तमी, गुरु मार्गी 15.11, वैधृति महापात 15.12 से 19.28, मंगल अश्विनी अमृतसिद्धियोग 21.50 तक (प्रवेश वर्ज्य), भद्रा 26.32 प्रारंभ, नर्मदा जयंती, देवनारायण जयंती गुर्जर वंशे, |
| • दिशा शूल | - | उत्तर |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## महाकुंभ की तरह इस नदी में भी स्नान बेहद फलदायी

संगम नगरी प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का आयोजन हो रहा है। इस धार्मिक मेला के साक्षी बनने के लिए देश-विदेश से करोड़ों की संख्या में लोग पहुंचे हैं। महाकुंभ के दौरान सभी शाही और अमृत स्नानों का अपना विशेष महत्व है। अब तक दो अमृत स्नान हो चुके हैं और बसंत पंचमी पर तीसरा स्नान चल रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक और जगह है, जहां कुंभ की तरह लोगों की भीड़ जुटती है और पवित्र नदी में आस्था की डुबकी लगाते हैं। इस नदी के तट पर माघ सप्तमी पर विशाल मेला जुटता है। इस नदी का इतिहास और महत्व सदियों पुराना है। इस बार माघ सप्तमी कल यानी 04 फरवरी 2025 दिन मंगवार को पड़ रही है। अब सवाल है कि आखिर माघ सप्तमी पर स्नान के लिए कहां जुटता है मेला? कौन है वो नदी और किस राज्य में है स्थिति?

**किस राज्य में महाकुंभ की तरह स्नान के लिए जुटती है भीड़**

महाकुंभ की तरह उड़ीसा के पुरी में भी चंद्रभागा नदी में स्नान के लिए भीड़ जुटती है। यह स्नान मेला माघ सप्तमी के दिन लगता है। यहां लगने वाला मेला इतना विशाल होता है कि पुलिस की कई टुकड़ियों और अधिकारियों को तैनात किया जाता है। इस बार भी यहां लगने वाले मेले की सख्ती से निगरानी होगी। यह पवित्र अवसर ओडिशा के लोगों के लिए एक शुभ अवसर माना जाता है। इस दौरान लोग पवित्र स्नान करते हैं और भगवान से सुख-समृद्धि की भगवान त्रिवेणीश्वर, भगवान ऐसनेश्वर और भगवान दक्षिणेश्वर से प्रार्थना करते हैं। इस दौरान नजारा देखते बनता है। पौराणिक कथा के अनुसार, चंद्र नदी चंद्रमा की पुत्री और भागा नदी सूर्य का पुत्र माना जाता है। दोनों में बहुत ही प्रेम था, लेकिन किसी कारणवश दोनों के विवाह में अड़चनें आ गईं। इसके बावजूद इन्होंने अपना मिलन नदी के रूप में एक होकर किया। इसलिए यहां एक तरफ से चंद्र नदी आती है तो दूसरी तरफ से भागा नदी और तांदी नामक स्थल पर दोनों मिलकर बड़ी नदी का रूप ले लेतीं हैं, जिसे चंद्रभागा के नाम से जाना जाता है। चंबा जिले में पहुंचकर यह चिनाब का नाम ले लेती हैं। पौराणिक कथा के अनुसार श्रीकृष्ण की कई रानियां में एक थी जामवंत की पुत्री जामवंती। बहुमूल्य मणि हासिल करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण और जामवंत में 28 दिनों तक युद्ध चला था और युद्ध के दौरान जब जामवंत श्रीकृष्ण के असली स्वरूप को पहचान गए, तो उन्होंने मणि समेत अपनी पुत्री जामवंती का हाथ भी उन्हें सौंप दिया।

## तारीख विशेष

### विश्व कैंसर दिवस

विश्व कैंसर दिवस एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है जो कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, इसकी रोकथाम को प्रोत्साहित करने और वैश्विक कैंसर महामारी से निपटने के लिए कार्रवाई करने के लिए हर साल 4 फरवरी को मनाया जाता है। इस दिवस का नेतृत्व UICC द्वारा किया जाता है तथा इसकी स्थापना वर्ष 2000 में हुई थी। UICC इस दिन की सफलता और प्रभाव को लगातार आगे बढ़ाता रहता है और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि हर साल इस कार्यक्रम को दुनिया भर में ज़्यादा से ज़्यादा लोग देखें और सुनें। UICC ऐसा एक अभियान विकसित करके करता है जो दुनिया भर में अपने सदस्यों की अलग-अलग संगठनात्मक प्राथमिकताओं को पूरा करता है। यूआईसीसी अपने सदस्य संगठनों को स्थानीय कैंसर जागरुकता अभियान चलाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए उपकरण और मार्गदर्शन प्रदान करता है, जो वैश्विक विश्व कैंसर दिवस संदेश के अनुरूप और अनुकूलित होते हैं। देश स्तर से ऊपर, यूआईसीसी इस दिन के बारे में जन जागरुकता बढ़ाने के लिए डिजिटल, पारंपरिक और सामाजिक मीडिया के अवसरों का लाभ उठाने का प्रयास करता है। सदस्यों और प्रमुख भागीदारों के निरंतर समर्थन के माध्यम से विश्व कैंसर दिवस ने दुनिया भर के कैलेंडर में अपनी जगह बना ली है। विश्व कैंसर दिवस कैलेंडर पर एक दिन से कहीं अधिक है। यही कारण है कि हमारा अभियान परिवर्तन को प्रेरित करने और दिन के बाद भी लंबे समय तक कार्रवाई को संगठित करने के लिए बनाया गया है। एक बहु-वर्षीय अभियान का अर्थ है अधिक संपर्क और जुड़ाव, वैश्विक जागरूकता पैदा करने के अधिक अवसर और अंततः अधिक प्रभाव। विश्व कैंसर दिवस 2025-2027 का थीम है, यूनाइटेड बाय यूनिक, जो लोगों को ध्यान में रखकर कैंसर की देखभाल के विभिन्न आयामों और बदलाव लाने के नए तरीकों का पता लगाएगा। जागरुकता बढ़ाने से लेकर कार्रवाई करने तक की तीन साल की यात्रा का उद्देश्य एक सामूहिक आख्यान बनाना है, जो दयालु और व्यक्तिगत देखभाल के महत्व पर जोर देता है।

### ग्लोबल वार्मिंग

# हमारी हेल्थ पर भी डाल रही असर

डा. माजिद अलीम

**ज्यादा तापमान में व्यायाम करने से शरीर में डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है, इन दिनों ऐसा ही हो रहा है। पिछले दो सालों में यूरोप और अमरीका में सबसे ज्यादा डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के मामले सामने आये हैं। पेरिस, न्यूयार्क और लंदन में भी हाल के सालों में हीट स्ट्रोक की घटनाएं 5 से 15 फीसदी तक बढ़ी हैं। न्यूयार्क में 2023 और 2024 में हीट स्ट्रोक की जितनी घटनाएं सामने आई हैं, पिछली सदी में उसके 10वें हिस्से में भी नहीं आईं।**

- इमेज

ग्लोबल वार्मिंग ने सिर्फ मौसम, जलवायु, बारिश के पैटर्न ही नहीं बदले बल्कि ये हमारी हेल्थ और फिटनेस पर भी अब तेजी से असर डाल रही है। ग्लोबल वार्मिंग ने हमारे पर्यावरण को जिस तरह से प्रभावित किया है, उसे तो हम कई सालों पहले से जान रहे हैं, लेकिन अब हमें अपनी हेल्थ पर भी इसके असर दिखने लगे हैं।

**बढ़ते हीट स्ट्रोक**

हम सब जानते हैं कि ज्यादा तापमान में व्यायाम करने से शरीर में डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है, इन दिनों ऐसा ही हो रहा है। पिछले दो सालों में यूरोप और अमरीका में सबसे ज्यादा डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के मामले सामने आये हैं। विशेष रूप से उन क्षेत्रों में, जहां पहले कभी हीट वेब नहीं चला करती थी। पेरिस, न्यूयार्क और लंदन में भी हाल के सालों में साइकिलिंग के दौरान हीट स्ट्रोक की घटनाएं 5 से 15 फीसदी तक बढ़ी हैं। न्यूयार्क में 2023 और 2024 में हीट स्ट्रोक की जितनी घटनाएं सामने आई हैं, पिछली सदी में उसके 10वें हिस्से में भी नहीं आईं। जाहिर है ये बढ़ते तापमान का नतीजा है। यही वजह है कि यूरोप और अमरीका के ज्यादातर शहरों में अब खास तौरपर जिम की नई गाइडलाइन में एक्सरसाइज के लिए शाम और सुबह को प्राथमिकता दी जा रही है।

**बिगड़ती एयर क्वालिटी**

दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में पिछले तीन सालों में वायु प्रदूषण इस कदर खराब हो गया है कि दिल्ली में तो प्रतिवर्ष हवा की खराब गुणवत्ता के कारण इससे बीमार पड़ने और मरने वाले लोगों की संख्या में 10 हजार से 15 हजार के बीच इजाफा हुआ है। भारत की राजधानी दिल्ली में पिछले पांच सालों से हवा औसतन साल के 300 दिन सामान्य से बहुत ज्यादा खराब रहती है। इसीलिए अब दिल्ली में स्वास्थ्य विशेषज्ञ खासकर फिटनेस के जानकार बूढ़े लोगों को सुबह के समय घूमने जाने की सलाह देते वक्त झिझकते हैं। क्योंकि दिल्ली में हवा इतनी प्रदूषित है कि घूमने से जो फायदे हो सकते हैं, उससे कहीं ज्यादा हेल्थ के लिए नुकसान होने की आशंका रहती है। क्योंकि दिल्ली जैसे वायु प्रदूषण से ग्रस्त शहर में सुबह के समय दौड़ने या खुली हवा में योग करने से सांस संबंधी बीमारियां बढ़ जाने का खतरा पैदा हो गया है। जिस तरह से दिल्ली की हवा प्रदूषित है, उससे फेफड़ों की क्षमता प्रभावित हो रही है। यही वजह है कि दिल्ली में कार्डियो वर्क आउट्स कम प्रभावी हो रहे हैं।

**बिगड़ती मानसिक सेहत**


ग्लोबल वार्मिंग के कारण सिर्फ शारीरिक परेशानियां ही नहीं बढ़ीं बल्कि मानसिक तनाव भी बहुत ज्यादा बढ़ गया है। हमारे व्यायाम की आदतें बदल गईं हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण बढ़ता हीट स्ट्रोक और तनाव हमारे मानसिक स्वास्थ्य को लगातार डाउन कर रहा है। क्योंकि इस ग्लोबल वार्मिंग का असर हमारी फसलों के ऊपर और हमारे पोषण की गुणवत्ता पर भी पड़ा है। इसलिए भी यह हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रही है। क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग के कारण कुछ फसलें कम पैदा हो रही हैं, खासकर प्रोटीन और मिनिरल से भरपूर फ्रूट का उत्पादन घटा है और इनकी कीमतें बहुत बढ़ गई हैं। इससे भी हमारी फिटनेस पर असर पड़ रहा है कि हम इन्हें महंगे होने के कारण नहीं खा पा रहे।

**फिर भी कैसे स्वस्थ रहें?**

वैज्ञानिक पिछले तीन दशकों से लगातार दुनिया को आगाह कर रहे हैं कि प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। बावजूद इसके ग्लोबल वार्मिंग कम करने के लिए जितने उपाय किए जाने थे, वो नहीं हो रहे। इसलिए स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि कितना भी संकट गहरा जाए, अब अचानक इस स्थिति में रातोंरात सुधार नहीं हो सकता। कहने का मतलब यह है कि अब हमें इसी खराब मौसम और ग्लोबल वार्मिंग के बीच जीना है। सवाल है, ऐसे में हम इस ग्लोबल वार्मिंग के रहते हुए अपनी सेहत और फिटनेस पर किस तरह

**ध्यान दें-**

व्यायाम हमेशा सुबह या शाम के समय ही करें। जब तापमान और वायु गुणवत्ता दोनो बेहतर हों। आउटडोर एक्सरसाइज का लालच न पालें, क्योंकि इन दिनों प्रदूषण की स्थिति काफी बिगड़ी हुई है और ग्लोबल वार्मिंग से मिलकर यह प्रदूषण करेले में नीम चढ़े का काम करने लग जाता है। इसलिए घर या जिम के भीतर ही व्यायाम को प्राथमिकता दें। अप्रेल, मई, जून बल्कि जुलाई और अगस्त के महीने में भी व्यायाम करते समय सतर्क रहें। पर्याप्त मात्रा में पानी और इलेक्ट्रॉलाइट्स का सेवन करें। पॉल्यूशन मॉस्क या एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें, पेड़ लगाने और पर्यावरण को बेहतर बनाने की दिशा में भी छोटे छोटे कदम उठाएं। पिछले एक दशक से लगातार वैज्ञानिक चेतावनियों के बावजूद अंधाधुंध विकास की भाग दौड़ में हवा, पानी, मिट्टी, खाद सामग्रियां, सब कुछ प्रदूषित, संक्रमित या ग्लोबल वार्मिंग के कारण असामान्य हो गई हैं।



## गीता सार

**ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्।**
**मम वर्त्मानुवर्तन्ते मनुष्याः पार्थ सर्वशः ॥४-११॥**

**-: हिंदी भावार्थ :-**

जो भक्त मुझे जिस प्रकार से भजते हैं, मैं भी उनको उसी प्रकार से भजता हूं। हे अर्जुन! ऐसे सभी मनुष्य सब प्रकार से मेरे ही मार्ग का अनुसरण करते हैं ॥11॥

## बोले तो...



राष्ट्रपति के अभिभाषण पर ध्यान बनाए रखने के लिए मुझे संघर्ष करना पड़ा। उससे पहले भी लगभग इसी तरह का अभिभाषण सुना था। यह सरकार के कार्यों की एक ही सूची थी। मुझे लगता है कि राष्ट्रपति का अभिभाषण ऐसा नहीं होना चाहिए था, जैसा दिया गया।

- राहुल गांधी



ये कुंभ और सनातन का नाम सुनते ही इन्हें परेशानी क्यों हो जाती है। लेकिन मैं एक बात इस सदन में साफ करना चाहता हूं कि सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। हजारों साल में तो लोग सनातन को कमजोर कर नहीं सके तो ये लोग क्या हैं।

- रविशंकर प्रसाद



क्या आप जानते हैं कि USAID ने आपके टैक्स के पैसे का उपयोग करके कोविड-19 सहित जैव हथियार अनुसंधान की फंडिंग की गई, जिससे लाखों लोग मारे गए? यूएसएआईडी एक आपराधिक संगठन है। इसे खत्म करने का समय आ गया है।

- एलन मस्क

## कुछ अलग | अजब गजब

# ज्योतिष ने छपवाया शादी का ऐसा कार्ड, मां को भेजा बांटने, चकरा गया लोगों का दिमाग

शादी के कार्ड तो आपने बहुत देखे होंगे। इस बीच एक अनोखा वेडिंग कार्ड इन दिनों लोगों का खूब ध्यान खींच रहा है। यह अनोखा वेंडिंग कार्ड केरल के इलंगमंगलम गांव में होने वाली एक शादी का है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जो भी इस वेडिंग कार्ड को देख रहा है, उसका दिमाग चकरा जा रहा है। किनारुविला वीडू के ज्योतिष आर पिल्लई ने अपने वेडिंग कार्ड को राशन कार्ड की स्टाइल में डिजाइन करवाया है। इसका कारण उनका पारिवारिक राशन की दुकान से गहरा जुड़ाव है। बचपन से अपनी मां की दुकान पर हाथ बंटाने वाले ज्योतिष को गांव में 'राशन दुकान का लड़का' कहा जाता था। ऐसे में जब शादी की बारी आई, तो उन्होंने अपनी जड़ों से जुड़ाव दिखाने के लिए यह अनोखा तरीका अपनाया। मातृभूमि में छपी रिपोर्ट के मुताबिक ज्योतिष की शादी 2 फरवरी को जी एच देविका से हुई, जो कोल्लम के कोट्टाराक्कारा से आती है। वहीं इस निमंत्रण कार्ड को डिजाइन करने में 11 दिन लगे। ज्योतिष विदेश में काम करते हैं, इसलिए उन्होंने फोन पर ही इस कार्ड के सारे निर्देश दिए। मजेदार बात यह है कि जब उनकी मां किसी को यह शादी का कार्ड बांटती हैं, तो कई लोग इसे असली राशन कार्ड समझ लेते हैं। इस वेंडिंग कार्ड के मुख्य पन्ने पर दूल्हे और शादी की डिटेल है, जबकि उसके पीछे से प्रामाणिक राशन कार्ड जैसा छपा है, जिसमें परिवार के सदस्यों के नाम और रिश्ते लिखे गए हैं। वहीं इस निमंत्रण कार्ड के अंदर वाले पन्ने पर रचनात्मकता को सांस्कृतिक भावना के साथ मिलाया गया है।



ज्योतिष के परदादा भार्गवन पिल्लई, इलंगमंगलम में राशन की दुकान के मूल मालिक थे। बाद में, उनके पिता केके। रविंद्रन पिल्लई ने इसे संभाला। 2003 में उनके निधन के बाद से ज्योतिष की मां टी अंबिका दुकान चला रही हैं। राशन कार्ड थीम वाली शादी के निमंत्रण के विचार को उनकी बहन ज्योतिलक्ष्मी और उनके पति साजिथ कुमार ने गर्मजोशी से समर्थन दिया, जिन्होंने इसे साकार करने में मदद की। इस रचनात्मक और दिल से किए गए काम ने स्थानीय समुदाय की कल्पना को आकर्षित किया है, जिससे ज्योतिष की शादी एक यादगार घटना बन गई है।

## पाठक पाती

### अपराधी पर नजर

भारत के लोग शांति, सुरक्षा, सुशासन और अच्छी कानून-व्यवस्था चाहते हैं। भयमुक्त समाज तभी संभव है, जब अपराधियों को उनके अपराधों की सजा मिले। मगर देश में अपराधियों को सजा मिलने की दर आधे से भी कम है। इसका कारण गवाहों का मुकर जाना, पीड़ित से समझौता, अपराधी की पहचान आदि न हो पाने से दोष सिद्ध कम हो पाना है। अब अपराध प्रक्रिया पहचान विधेयक 2022 पारित होने के बाद से अपराधियों की फोटो, हाथ और पैरों की अंगुलियों की छाप, खून, बाल, लार आदि तमाम प्रकार के जैविक नमूने लेने के लिए पुलिस को किसी से अनुमति नहीं लेनी पड़ेगी। इस पूरे डाटा का डिजिटलीकरण करके केंद्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के डाटाबेस में जमा किया जाएगा। दुनिया के विकसित देशों में दोष सिद्धि की दर अस्सी फीसदी से अधिक है। अपराधी पहचान बदलकर देश में कहीं पर भी दूसरा अपराध करेंगे तो उसे पिछले अपराध से जोड़ना आसान हो जाएगा।

- संदीप कुमार, मधुपुर (झारखंड)

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# सूर्य सप्तमी पर सामूहिक रूप से जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** शिक्षा विभाग राजस्थान एवं क्रीड़ा भारती, राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गोपीराम गोयनका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सूर्य सप्तमी के अवसर पर सामूहिक रूप से जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, षिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष बसन्त शर्मा ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी लोक कल्याणकारी सरकार का उद्देश्य बालकों का सर्वांगीण विकास करना है। हमारे बालक तन, मन और बुद्धि से पूर्णतया स्वस्थ हो। बालक को पूर्णतया स्वस्थ बनाने में सूर्य नमस्कार का बहुत बड़ा योगदान है। इसीलिए प्रदेश के समस्त विद्यालयों में आज सूर्य सप्तमी के अवसर पर सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया जा रहा है ताकि विद्यार्थी और आमजन सूर्य नमस्कार के महत्व को समझते हुए इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाए। मुख्य वक्ता भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रखर वक्ता ओम सारस्वत ने कहा कि सूर्य इस धरती पर प्रकाश और ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत है। सूर्य के बिना इस धरती पर जीव-जन्तु व वनस्पति के अस्तित्व की हम कल्पना ही नहीं कर सकते हैं। हम सबके भीतर सूर्य की ज्योति विद्यमान है और सूर्य नमस्कार के माध्यम से हम उस दिव्य ज्योति को प्रज्जवलित कर सकते हैं। इसलिए हमें प्रतिदिन सूर्य नमस्कार का अभ्यास करना चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविन्दसिंह राठौड़ ने अपने उद्बोधन महाकवि कालिदास के महाकाव्य कुमारसम्भव की उक्ति 'शरीर माध्यम खलु धर्म साधन' को स्पष्ट करते हुए कहा कि हम अपने समस्त उत्तरदायित्वों का निर्वहन शरीर के माध्यम से करते हैं और शरीर को स्वस्थ रखने में सूर्य नमस्कार का उल्लेखनीय योगदान होता है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मन्त्री डॉ. वासुदेव चावला, षिक्षाविद् ओमप्रकाष तंवर, डॉ. संजय तंवर, क्रीड़ा भारती के जिला संयोजक जुगल किषोर पूनिया ने भी विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाष फगेड़िया ने उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए क्रीड़ा भारती की उल्लेखनीय गतिविधियों की जानकारी दी। आयुर्वेद विभाग के योगाचार्य दयाराम पूनिया व उनकी टीम ने उपस्थित जनों को मन्त्रोच्चारण के साथ सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम के अन्त में समस्त उपस्थित जनों को आयुर्वेद विभाग की ओर से इम्युनिटी बूस्टर क्वॉथ पिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रतापसिंह नाथावत ने किया। इस अवसर पर उपजिषिअ, खेल रामूराम बुन्देला, भाजपा पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष सुरेष सारस्वत, बृजेन्द्र दाधीच, गोयनका स्कूल के रामकिषन कस्वां, रामजीलाल गिल्ल, हरिराम नैण, हरिओम दत्त शर्मा, हेमन्त वर्मा, मुकेष बुन्देला, मो.मोहसिन, निर्मला शर्मा, कान्ता शर्मा, कुसुम, सुनेस्ता प्रजापत, संजय हारित, रूपसिंह निर्वाण, इन्द्राज कस्वां, शाला क्रीड़ा संगम के मणीराज बिठू, पींकेष, सीमा भाकर, संतोष, आनन्द पूनिया, मातृ शक्ति प्रमुख गायत्री पूनिया सहित 427 विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक एवं अतिथि उपस्थित थे।

# उपचुनाव को लेकर तीन अभ्यर्थियों ने भरा पर्चा

## नाम वापसी 6 को



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** पंचायतराज संस्थाओं के पंचायत समिति सदस्य वार्ड 4 के उपचुनाव हेतु अंतिम तिथि तक कुल 3 अभ्यर्थियों ने रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी चितलवाना के समक्ष नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए। रिटर्निंग अधिकारी कर्मवीरसिंह ने बताया कि चितलवाना उपखंड के पंचायत समिति सदस्य वार्ड संख्या 4 के लिए उपचुनाव हेतु नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम सोमवार दोपहर तीन बजे तक थी। इस दौरान कांग्रेस से जोईताराम कोली केसूरी एवं भाजपा से रघुवीरसिंह जानवी ने व जोधाराम चौधरी ने निर्दलीय प्रत्याशी ने रूप में नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए। 5 फरवरी को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी तथा 6 फरवरी के अपराह्न तीन बजे तक नाम वापसी की जा सकेगी। उसके पश्चात चुनाव चिह्नों का आवंटन तथा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। आवश्यकता होने पर 14 फरवरी को प्रातः 8 से सायं 5 बजे तक मतदान एवं दूसरे दिन 15 फरवरी को को पंचायत समिति मुख्यालय पर मतगणना कर परिणाम की घोषणा की जाएगी। चितलवाना ब्लॉक के केरिया ग्राम पंचायत के वार्ड 13 व चितलवाना ग्राम पंचायत के वार्ड 8 के वार्ड पंच चुनाव की अधिसूचना भी जिला निर्वाचन अधिकारी जालोर की ओर से जारी की गई है। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि 5 फरवरी सायं 5 बजे तक रहेगी। 6 फरवरी को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इसी दिन अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस लिए जाएंगे। नाम वापसी का समय समाप्त होने के बाद चुनाव चिन्हों का आवंटन तथा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। आवश्यक होने पर 14 फरवरी को मतदान होगा एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मतदान समाप्ति के बाद मतगणना की जाएगी। सहायक रिटर्निंग अधिकारी चमनलाल, चुनाव शाखा प्रभारी घेवरचंद, अमीनखान नायब तहसीलदार, सुरेश पंवार सहायक लेखाधिकारी, दीपसिंह टीआरए, हंसाराम चौधरी रीडर, गमनाराम देवासी, प्रकाश राणा सांख्यिकी निरीक्षक तथा मनोज विश्नोई वरिष्ठ सहायक रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय मौजूद रहे।

# न्यूज ब्रीफ

## खाद्य सुरक्षा योजना में प्राथमिक सूची में नाम जोड़ने हेतु समिति का गठन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** खाद्य सुरक्षा में प्राथमिक परिवारों के चयन हेतु तथा खाद्य सुरक्षा योजना में खाद्यान्न से प्रतिमाह लाभान्वित करने हेतु तैयार प्राथमिक सूची के पात्र वंचित व्यक्तियों, परिवारों को जोड़ने के लिए उपखण्ड धौलपुर में आवेदन फॉर्म की मौके पर जांच हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतवार एवं शहरी क्षेत्रों में वार्ड वाईज कमेटी का गठन किया गया है। उपखण्ड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने बताया कि उपखण्ड धौलपुर ग्रामीण क्षेत्र के लिए संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी व बूथ लेवल अधिकारी एवं उपखण्ड धौलपुर शहरी क्षेत्र के लिए संबंधित शहरी वार्ड में स्थानीय निकाय के कार्मिक, पटवारी व वार्ड बूथ लेवल अधिकारी की टीम का गठन किया गया है। उपखण्ड क्षेत्र धौलपुर के शहरी क्षेत्र में आयुक्त नगर परिषद एवं ग्रामीण क्षेत्र में विकास अधिकारी कमेटी से प्राप्त रिपोर्ट को अपलोड करेंगे तथा सम्पूर्ण जांच के आधार पर नाम जोडने के संबंध में स्पष्ट अभिमत के साथ प्रकरण अपीलीय अधिकारी को पुन: प्रेषित की जायेगी। साथ ही एनएफएसए सूची में शामिल अपात्र लोगों को हटाने के लिए कमेटी राशन डीलर से समन्वय स्थापित कर जांच रिपोर्ट उपखण्ड अधिकारी को भेजेंगे।

## विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**धौलपुर।** 132 के. वी. मनिया-मरेना लाइन से 132 के. वी. जी. एस. एस. अम्बिका को जाने वाली लाइन को 132 के. वी. मनिया-मरेना लाइन के लीलो पॉइंट से जोड़ने का कार्य किया जायेगा। अधिशाषी अभियन्ता संध्या चौहान ने बताया कि मरेना, मडाभाउ, जसूपुरा, जाटोली, नदौरा, नागर, राजाखेडा व मरेना की विद्युत आपूर्ति मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बाधित रहेगी।

## ऑल राजस्थान पीएचईडी कॉन्ट्रैक्टर यूनियन ने चुनीलाल का स्वागत किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** ऑल राजस्थान पीएचईडी कॉन्ट्रैक्टर यूनियन ने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता चुनीलाल भास्कर की ओर से पदभार ग्रहण करने पर सम्मान किया। इस अवसर पर ऑल राजस्थान पीएचईडी कॉन्ट्रैक्टर यूनियन के महामंत्री विष्णु शर्मा, हरीश कुमार वर्मा, निजु जागिड़, राजेश धनखड़, हाजी सरीफ सौलंकी, विजय कुमार, इस्लाम सोंलकी आदि उपस्थित रहे।

## वीर तेजाजी संस्कार केंद्र छात्राओं को कॉपी इरेज, पेंसिल, शार्पनर व ट्रॉफी, कीनू वितरण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** विप्र नारी संघ द्वारा आज बसंत पंचमी के पर्व पर वीर तेजाजी संस्कार केंद्र में मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष निहारिका शर्मा ने कहा की उद्घाटन समारोह में संस्कार केंद्र के 80 बच्चों को विप्र नारी संघ द्वारा कॉपी इरेज़ पेंसिल शार्पनर व ट्रॉफी कीनू प्रदान किए गए इस संस्था को चलाने वाले गुरुजी हितेश ने विप्र नारी संघ का आभार व्यक्त किया इस समारोह में विप्र नारी की अध्यक्ष निहारिका शर्मा, नंदा शर्मा, पूनम शर्मा, रेखा शर्मा, पूनम शर्मा और मोनिका शर्मा सीमा शर्मा आदि शामिल रहे।

## अब आधार से जुड़ेगी जमाबंदी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** फार्मर रजिस्ट्री कृषि एवं संबंधित विभाग के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्टर (एग्रीस्टैक) उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूरे देश में किसानो के लिए एक व्यापक और एकीकृत रजिस्ट्री बनाने का कार्य किया जा रहा है। यह रजिस्ट्री किसानो के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओ एवं उनका लाभ सभी लाभार्थियों तक कुशलता एवं शीघ्रता से पहुंच सके, को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री के शिविर 5 फरवरी से आयोजित किये जायेंगे जिसमें इस योजना के अन्तर्गत किसान की जमाबंदी को उसके आधार कार्ड से जोडकर एक यूनिक आई.ड़ी. बनाई जाएगी जिससे भविष्य में किसान को प्रधानमत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमत्री फसल बीमा योजना एवं कृषि विभाग की अन्य योजनाओ का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके। फार्मर रजिस्ट्री के कैम्प 5 से 7 फरवरी तक तहसील धौलपुर की ग्राम पंचायत तगावली, तहसील मनियां की ग्राम पंचायत मनियां, तहसील सैपऊ की ग्राम पंचायत निधेरा कलां, तहसील बसईनबाब की ग्राम पंचायत नंदपुरा, तहसील राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत बसईघीयाराम, तहसील बाड़ी की ग्राम पंचायत धनौरा, तहसील बसेड़ी की ग्राम पंचायत नादनपुर, तहसील सरमथुरा की ग्राम पंचायत पिपरैट में आयोजित किये जायेंगे। फार्मर रजिस्ट्री आई.ड़ी. हेतु जिले के समस्त किसान अपने आधार कार्ड को वर्तमान में उपलब्ध मोबाईल नम्बर से जुडवा सकते हैं एवं फार्मर रजिस्ट्री कैम्प के दौरान किसान अपने आधार कार्ड की कॉपी, जमाबंदी की नकल एवं मोबाईल फोन साथ लाये जो आधार कार्ड से जुडा हो जिससे ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले शिविर के दौरान फार्मर आई.डी. सुगमता से बन सके जिससे भविष्य में केन्द्र एवं राज्य सरकार से मिलने वाली योजनाओ का लाभ निरन्तर प्राप्त हो सकें। फार्मर रजिस्ट्ररी में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए जिले में हैल्पडेस्क का निर्माण किया गया है जिसमें रामलखन पटवारी, तहसील राजाखेड़ा मो.नं. 8058118722, शुभम बंसल पटवारी तहसील मनियां मो.नं. 8852809103, गैंदालाल पटवारी तहसील धौलपुर मो.नं. 9982076011 से संपर्क कर सकते हैं।

# लाखलाण बड़ी विद्यालय में सरस्वती मंदिर स्थापना एवं कृष्ण भोग का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** बसंत पंचमी के सुअवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लाखलान बड़ी में सौरभ जांगिड़ की प्रेरणा से सेवानिवृत प्रधानाध्यापक स्वर्गीय निहाल सिंह जांगिड़ की पुण्य स्मृति में उनकी धर्मपत्नी तारावती देवी एवं सुपुत्रों धर्मेंद्र तथा रविन्द्र तथा उनकी सुपुत्री सुनीता प्रधानाचार्य के द्वारा सरस्वती मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई तथा कक्षा 1 से 12 तक सभी बच्चों हेतु श्री कृष्ण भोग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रोफेसर दलीप पूनिया, जोधपुर संभाग भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष महावीर सिंह पूनियां, सरपंच डॉ. विनोद कुमार, शेरसिंह श्योराण, सुनील जांगिड, अनीता, मनीषा, हरियाणा रोडवेज के जीएम महाप्रबंधक कुलदीप जांगिड एवं समस्त स्टाफ तथा समस्त ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा नेता दिलीप सिंह पूनिया ने कहा की भामाशाहों द्वारा सरस्वती मंदिर का निर्माण नैतिक शिक्षा के क्रम में एक सराहनीय कदम है।

# बजट दिशाहीन, आमजन में निराशा : मंडेलिया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला मुख्यालय पर शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रफ़ीक मंडेलिया ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट दिशाहीन व आमजन में निराशा वाला है। केंद्र की भाजपा सरकार के इस बजट में आमजन व किसान को फायदा नहीं दिखाई दे रहा है। यह बजट हकीकत से दूर केवल सपना दिखाने वाला है। इस बजट में आमजन को उम्मीद थी कि पेट्रोल-डीज़ल पर सरकार टैक्स कम कर मंहगाई से थोड़ी राहत देगी पर ऐसा नहीं हुआ। इस बजट में बिहार को विशेष सौगात देना आगामी विधानसभा चुनाव में राजनैतिक फ़ायदे के लिए किया जा रहा है लेकिन इस छल को देश की जनता जान चुकी है। मंडेलिया ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने इस बजट में राजस्थान ओर देश के अन्य राज्यों को निराश किया है। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मंडेलिया से कार्यकर्ताओं ने अग्रसैन नगर में सेतु बंधन ओवरब्रिज निर्माण पर खामियों के लेकर ध्यान आकर्षित कराते हुये कहा कि आमजन इससे काफ़ी परेशान हो रहा है। इस विषय पर आमजन की भावनाओं पर अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष असलम खोखर, देहात अध्यक्ष किशोर धांधू, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान, आदूराम न्यौल, पूर्व उप जिला प्रमुख सोहनलाल मेघवाल, योगेश ढाका ,डॉ प्यारेलाल दानोदिया, पार्षद अली मोहम्मद भाटी, विमल शर्मा, संजय भाटी, रामेश्वरलाल नायक, अज़ीज दिलावर खानी, बजरंग बजाड़, बाबू मंत्री, श्रवण बसेर ,जयचंद मेघवाल, आरिफ़ रिसालदार ,असलम मोयल, ख़ालिद कुरेशी आदि उपस्थित थे।

# छात्राओं को लैंगिक उत्पीड़न की दी जानकारी




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** महिलाओं का कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीडन रोकथाम प्रतिशेध प्रतितोष समिति की ओर से राजकीय लोहिया महाविद्यालय में व्याख्यान एवं संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक आचार्य डॉ. अनिल सैनी ने छात्राओं को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होने ने छात्राओं को विभिन्न कानूनी धाराओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान छात्रों के प्रश्नों का जवाब दिया। समिति संयोजक संतोष बलाई ने छात्राओं को आंतरिक समिति के बारे में जानकारी दी। डॉ प्रशांत शर्मा ने विभिन्न जानकारियां दी। डॉ.मधु चौधरी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. महेन्द्र खारडिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राज लोहिया महाविद्यालय व कृषि महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान कार्यक्रम में छात्राएं मौजूद रही।

# बारातियों का हेलमेट वितरित कर किया सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** गांधीनगर स्थित बालाण भवन में आयोजित शादी समारोह वैवाहिक समारोह में बालाण परिवार द्वारा नवलगढ़ व पिलानी से आए हुए बारातियों को हेलमेट वितरित कर मान सम्मान किया गया। बालाण परिवार के के प्रतिनिधि व भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गोपाल बालन ने बताया कि 7 वर्ष पूर्व भतीजी के विवाह समारोह में शुरू की गई मुहिम को अनवरत रूप से जारी रखते हुए इस बार भी सामाजिक सरोकारिता का संदेश देते हुए सड़क से सुरक्षा के लिए बारात में आए हुए सभी बारातियों को हेलमेट वितरण किया गया। साथ ही वैवाहिक समारोह को प्लास्टिक मुक्त करते हुए देश के प्रधानमंत्री के अभियान को संकल्प से सिद्धि की ओर ले जाने का संकल्प लिया गया। समाजसेवी मुरली बालाण ने बताया कि पिताजी शंकरलाल बालाण के सेवा ही संकल्प की इस मुहिम को आगे बढ़ाया गया। बारात में बालाण परिवार के आतिथ्य में चूरू पहुंचे बारातियों को हेलमेट वितरण कर हेलमेट सहित वाहन चलाने का संदेश दिया गया। वैवाहिक समारोह में दुल्हन के दादाजी वरिष्ठ समाजसेवी शंकरलाल बालाण, सांसद प्रत्याशी पदम भूषण देवेंद्र झाझडिया, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजकुमार रिणवा, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, भवानी बालाण, हेमंत, सीपी बालान, भिड़दीचंद सैनी, दीनदयाल सैनी, घासीराम सैनी, सुरेश सैनी, नरेश सैनी नवलगढ़, देवकरण सैनी, निवास सैनी पिलानी, मनोज सैनी श्योपुरा, राजवीर चारण, भागीरथ सैनी, मनोज चंदोलिया, संजय सैनी पार्षद, धनराज गोस्वामी, कपिल रक्षक, जयसिंह शेखावत, करण शर्मा, राकेश सैनी, सोहन लाल राहड़, भागीरथ सैनी, बजरंग बालाण, प्रहलाद सैनी, सांवरलाल सैनी, भानूप्रकाश भाटी, व अन्य परिवारजन, समाज सेवी, मातृ शक्ति ने उपस्थित रहकर नव युगल को आशीर्वाद दिया।

# 50वां स्वर्ण जयंती महोत्सव के पोस्टर का किया विमोचन, तैयारियां जोरों पर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** स्थानीय प्रतिभा नगर स्थित श्री श्याम मंदिर के 50 वां स्वर्ण जयंती महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर है। मंदिर के पुजारी संतोष भूढाढरा ने बताया की 21 फरवरी से होने वाले कार्यक्रम के लिए सोमवार को मंदिर प्रांगण में समाजसेवी कैलाश चंद्र नवहाल के सानिध्य में श्री श्याम मित्र मंडल के विमल जोशी, सुरेन्द्र पीपलवा, ओमजी पीपलवा, ताराचंद महनसरिया, राजेश झिकनाड़िया, राकेश ओझा, संदीप सोती,दिनेश बूढ़ाडरा,गौरव शर्मा आदि ने पोस्टर का विमोचन किया। सभी कार्यकर्ता शहर के प्रमुख मंदिर में व घर-घर जाकर प्रचार प्रसार करने में जुट गए है। नवहाल ने बताया कि 21 फरवरी से 23 फरवरी तक दोपहर 1:15 बजे तक नानी बाई रो मायरो का आयोजन रखा गया है।22 फरवरी को मंदिर प्रांगण में संगीत में सुंदरकांड के पाठ का ,भव्य आयोजन होगा और दिनांक 24 फरवरी को 5 कुण्डीय महायज्ञ होगा और 25 फरवरी संगीत में श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ सुबह 10 बजे से शुरू होगा जिसका वाचन आशीष शर्मा आशु एवं मनीष राज खांडल के द्वारा अपने मधुर वाणी से श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का रसपान श्रद्धालु भक्तों को करवाया जाएगा। 26 फरवरी को प्रतिभा नगर के श्री श्याम मंदिर से ही भव्य निशान व श्री श्याम प्रभु की शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो दोपहर को 2 बजे मंदिर प्रांगण से रवाना होकर पंचमुखी बालाजी मंदिर गढ़ चौराहा सफेद घंटाघर सुभाष चौक सब्जी मंडी भाई जी चौक ओझा मार्ग सोती भवन बद्रीनाथ मंदिर वह प्रतिभा नगर होते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी।

# जैन स्कूल में सूर्य नमस्कार के साथ मनाई सरस्वती जयन्ती



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जैन स्कूल में राज्य सरकार के आदेशानुसार आज को विधालय परिवार ने, विधार्थियों व उनके अभिभावकों ने सूर्य नमस्कार की आयोजन सभा में भाग लिया जिसमें 530 लोगों ने सामुहिक अभ्यास किया। उसी समय संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद जागिङ ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती का पूजन किया। ललित शर्मा, पूनम वर्मा, राधासैनी ने मंत्रोच्चार के साथ पूजन विधि, सरस्वती के विभिन्न नामों की जानकारी दी। उपस्थित विधालय परिवार के प्रत्येक सदस्य, हर कक्षा के अग्रणी विधार्थियों ने पुष्प अर्पित कर मां का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम का संचालन जगदीश धुंआ व विजय कुमार शर्मा ने किया।

# डाक्टरों की दो घंटे पेनडाउन हड़ताल

- मरीज परेशान, एसोसिएशन कर रहा एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले के सेड़वा एसडीएम की ओर से डाक्टर को धमकाने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बाद एक डाक्टर एसोसिएशन समर्थन में आ रहे हैं। सोमवार को डाक्टरों ने 9 से 11 बजे तक पेनडाउन हड़ताल की। इस दौरान डाक्टरों ने ओपीडी का बहिष्कार किया। सुबह 11 बजे के बाद ओपीडी में मरीजों को देखना शुरू किया। तब तक मरीजों की लंबी लाइनें लग गईं। इससे मरीज परेशान भी हुए। डाक्टरों का कहना है कि एसडीएम सेड़वा ने डाक्टर के साथ बदसलूकी करते हुए गलत शब्दों का प्रयोग किया। हमारी मांग है कि उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

### एसडीएम ने डाक्टर को लगाई थी फटकार

शनिवार को एसडीएम बद्रीनारायण विश्नोई सीएचसी सेड़वा का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान डा. रामस्वरूप रावत ड्यूटी पर ओपीडी चैक कर रहे थे। इस दौरान एसडीएम विश्नोई ने डाक्टर को फटकार लगाते हुए कहा कि जल्दी उठ और मरीज को देख। डाक्टर एसडीएम से कह रहे हैं कि मैंने मरीज की जांच कर ली है और उसे भर्ती कर ड्रिप लगा दी है, फिलहाल मरीज ठीक है। इस पर एसडीएम गुस्सा हो गए और कहा इधर आ, जब मैं कह रहा हूं, सुन नहीं रहा है क्या? अभी एक मिनट में पुलिस के हवाले कर दूंगा। उस मरीज को तुरंत चेक करो। यह मेरा ऑर्डर है। यू विल चेक इट...।

### सोमवार सुबह पेनडाउन हड़ताल

सोमवार को बाड़मेर जिला हॉस्पीटल सहित पूरे जिले के डाक्टरों ने पेन डाउन हड़ताल करते हुए कार्य का बहिष्कार कर दिया। 11 बजे तक पेन डाउन हड़ताल की। इसके बाद उन्होंने ओपीडी शुरू की। वहीं डाक्टरों ने काली पट्टी बांधकर भी विरोध दर्ज करवा रहे हैं। राजस्थान मेडिकल कॉलेज टीचर एसोसिएशन शाखा बाड़मेर के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि विगत दिनों एसडीएम का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। हमारा साथी डाक्टर रामस्वरूप रावत निष्ठा से ओपीडी में मरीज देख रहा था, साथ जो भी काम वो कर रहा था। एसडीएम सेड़वा ने गलत शब्द, एक तरीके से गलत शब्दों का प्रयोग किया गया। कहीं से भी उचित नहीं है। यह डाक्टर की मर्यादा के खिलाफ है। उसी घटना के विरोध में हमारे सारे डाक्टर साथी बहुत ज्यादा उद्वेलित है। इस घटना के विरोध में रविवार को काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज करवाया। हमारी एसोसिएशन के निर्देशानुसार आज दो घंटे ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार किया गया है। इमरजेंसी सेवाएं यथावत रखी जाएगी। इसी क्रम में विरोध दर्ज करवा रहे है। हम यही चाहते हैं कि जो नियमानुसार कार्रवाई होती है वो एसडीएम के खिलाफ की जाए। यही हमारी मांग है। पीएमओ बीएल मंसूरिया सेड़वा मामले में स्टेट लेवल के सभी संगठनों ने संयुक्त रूप से ज्ञापन दिया है कि हम दो घंटे पेन डाउन हड़ताल करेंगे।

## जैसलमेर में ठंडी हवा ने सर्दी का दिलाया अहसास

- रात को ठंड का आलम, दिन में धूप से राहत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले में उत्तर-पूर्वी हवा ने एक बार फिर रात को सर्दी का एहसास दिला दिया है। जिले में सर्द हवा के कारण लोगों को रात में कड़ाके की ठंड लग रही है। वहीं दिन में धूप निकलने पर लोगों गर्मी से राहत मिल रही है। जैसलमेर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को तेज गति की हवाएं चली। इसकी गति करीब 10-11 किलोमीटर प्रति घंटा रही। हवा चलने से लोगों को ठंड का ज्यादा अहसास हुआ और लोग गरम कपड़ों में लिपटे सर्दी से बचने का जतन करते नजर आए। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में हवा चलेगी मगर सर्दी का असर अब धीरे-धीरे कम होता जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार जिले में रविवार को अधिकतम तापमान 24.8 और न्यूनतम 11.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो शनिवार को 25.2 व 11.5 डिग्री रहा था। कुछ दिन पहले तक अधिकतम तापमान 30 डिग्री के स्तर पर पहुंच गया था। उसमें अब कमी आई है। रविवार को अलसुबह आकाश में हल्की धुंध छाई रही और उसके बाद दिनभर आकाश साफ रहा और धूप भी अच्छी खिली रही। साथ ही छाया में ठंडक अनुभव होती रही। घरों में बैठे लोगों को भी दोपहर के समय कंबल व रजाई ओढ़नी पड़ी। शाम को एक बार फिर सर्द मौसम का एहसास हुआ। वहीं सोमवार को आसमान साफ रहा, मगर हवाओं के कारण ठंड का असर रहा। लोग धूप निकलने के बाद धूप सेकते नजर आए।

# विंड मिल में चोरी का प्रयास करने के आरोपी गिरफ्तार

- तीन को पकड़ा, केबल काटकर लोकेशन का ताला तोड़ा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले की सम थाना पुलिस ने विंड मिल में चोरी के प्रयास के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सम थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि विंड वर्ल्ड कंपनी की साइट पर सरहद सलखा गांव में 31 जनवरी की रात को रोहित भील निवासी चून्धी, मोहित भील निवासी ढिब्बा पाड़ा व गणपत राम भील निवासी खींया गांव ने चोरी का प्रयास किया था। केबल आदि काटकर ताले तोड़े व नुकसान पहुंचाया था। सम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर तीन आरोपियों को दो दिन में गिरफ्तार कर लिया। अब तीनों से चोरी के प्रयास के मामले और चोरी की घटना में शामिल अन्य लोगों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

### केबल काटकर ताला तोड़ा

थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि 31 जनवरी को मनोहर सिंह, सिक्युरिटी ऑफिसर विंड वर्ल्ड इंडिया लिमिटेड जैसलमेर ने पुलिस थाना सम पर चोरी के प्रयास की शिकायत दी। शिकायत में उसने बताया कि देर रात में सरहद सलखा में रोहित (24) पुत्र माधुराम जाति भील निवासी चून्धी, मोहित(19) पुत्र तुलछाराम जाति भील निवासी ढिब्बा पाडा जैसलमेर व गणपतराम (21) पुत्र हरीराम जाति भील निवासी खींया पहुंचे। तीनों ने लोकेशन संख्या 1112 में केबल काटकर व लोकेशन का ताला तोड़कर अंदर लगे संयंत्र को कटर से काट कर चोरी का प्रयास किया। साथ ही कंपनी की सम्पति को नुकसान पहुंचाया।

### आरोपियों को दो दिन में पकड़ा

पवन उर्जा संयंत्रों से केबल चोरी की घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी के आदेशानुसार एक टीम का गठन किया गया। सम थाना प्रभारी ओम प्रकाश के नेतृत्व में टीम ने मुखबिरों की मदद और तकनीकी मदद से आरोपियों की तलाश कर मोहित कुमार, रोहित कुमार व गणपत राम को गिरफ्तार किया। तीनों से लगातार पूछताछ जारी है। तीनों को पकड़ने में हेड कॉन्स्टेबल दुर्गाराम, कॉन्स्टेबल विजय, सीताराम व कमलेश का सहयोग रहा।

# पोकरण एसडीएम ने धरने पर बैठे ग्रामीणों को धमकाया

- रोजगार के लिए धरना दे रहे लोगों को दी चेतावनी
- बोले-एक दिन में नहीं माने तो गिरफ्तार करेंगे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रामदेवरा।** राजस्थान के पोकरण में एसडीएम प्रभजोत सिंह गिल का एक विवादित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। रामदेवरा थानाक्षेत्र के छायन गांव में टाटा सोलर प्लांट के बाहर स्थानीय युवाओं द्वारा रोजगार की मांग को लेकर की जा रही भूख हड़ताल के दौरान एसडीएम ने धरना प्रदर्शनकारियों को धमकी दी। एक फरवरी को मौके पर पहुंचे एसडीएम गिल ने प्रदर्शनकारियों को कहा, "माननी है तो मानो, नहीं तो गिरफ्तार हो जाएंगे। इनको हॉस्पिटल में डालो और जो यहां के स्थानीय नहीं हैं, वो ज्यादा गिरफ्तार होंगे।" उन्होंने मौजूद थानाधिकारी को सभी प्रदर्शनकारियों का वीडियो बनाने और नाम नोट करने का भी निर्देश दिया। ग्रामीण जोगराज सिंह के अनुसार, पिछले छह वर्षों से जैसलमेर के पूर्व विधायक सांगसिंह भाटी के बेटे और भाजपा के प्रदेश सह संयोजक आईदान सिंह भाटी सोलर कंपनी के ठेके और टेंडर ले रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। एसडीएम की चेतावनी के बाद ग्रामीणों ने एक फरवरी को धरना समाप्त कर दिया गया।

### सोलर प्लांट में रोजगार देने की कर रहे मांग

यह मामला 25 जनवरी से चल रहा था, जब स्वरूप सिंह, जोगराज सिंह, गोपाल सिंह और जालम सिंह ने 300 मेगावाट के सोलर प्लांट में स्थानीय लोगों को रोजगार देने की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरू की थी। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि 13 जनवरी को प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 28 और 30 जनवरी को भी एसडीएम से वार्ता की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। इसके बाद एसडीएम धरने पर आए और उन्होंने ग्रामीणों को गिरफ्तारी की धमकी दी।

# मुआवजा देने की बजाय किसानों को धमका रहे : रविंद्र सिंह भाटी

- भाटी बोले-उन पर पुलिस और प्रशासन दबाव बनाता है
- मुआवजे में संशोधन की जताई जरूरत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के शून्यकाल में पर्ची के जरिए बाड़मेर जिले के निर्दलीय रविंद्र सिंह भाटी ने सोलर पावर प्लांट और हाईटेंशन लाइन लगाने का मुद्दा उठाया। कहा कि इस इलाके में कई हाईटेंशन लाइनें निकल रही हैं, आप लाइनें निकालिए, हम विकास के विरोधी नहीं है, लेकिन किसानों को उचित मुआवजा दें। जमीन लेने के लिए पुलिस प्रशासन उन इलाकों में किसानों को धमका रहा है। सरकारी मुआवजे का नियम बना हुआ है, उसमें संशोधन करने की जरूरत है।

### किसानों को परेशान किया जा रहा

भाटी ने कहा कि वर्तमान में बाड़मेर, जैसलमेर और बीकानेर सहित पश्चिमी राजस्थान के किसानों के साथ बहुत बड़ा कुठाराघात हो रहा है। वर्तमान सरकार किसानों को लेकर संवेदनशील है। इन क्षेत्र में बड़ी हाईटेंशन लाइनें निकल रही है। लेकिन इसकी एवज में किसानों को पूरा मुआवजा नहीं मिल रहा है। बल्कि किसानों को परेशान और हताश किया जा रहा है। यह काम किसी न किसी योजनाबद्ध तरीके से हो रहा है। जो सर्वे हुआ उसको छोड़कर बाकी जगह अवैध तरीके से यह काम हो रहा है। सरकार को किसी और ध्यान रखा जाना चाहिए। हमारे अन्नदाता है, उनके हक और अधिकारों की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। प्रदेश की सरकार इसको लेकर एक कोई ठोस कदम उठाए।

### सरकारी गाइडलाइन कंपनियां फॉलो नहीं कर रही

भाटी ने कहा कि सरकार की जो गाइडलाइन है। उसको किसी भी तरीके से फॉलो नहीं किया जा रहा है। यह वास्तव में चिंता का विषय है। साथ ही कंपनियों को जो जमीन चाहिए, उनके लिए जमीन का छोटा टुकड़ा होगा। लेकिन किसी अन्नदाता के लिए वह उसके जीवन जीने का आधार है। इसके लिए किसानों को उसका हक और अधिकार पूरी तरीके से मिले। हमारे क्षेत्र में किसानों के पास भूमि बहुत कम है। कई ऐसे किसान है, जिनके पास 5 से 7 बीघा जमीन है। एक पोल की वजह से वो जमीन पूरी कवर हो जाती है। जिसके कारण वो खेती करने में भी असमर्थ हो जाता है।

### मुआवजे को लेकर किसानों को धमकाया जा रहा है

विधायक ने कहा कि हाईटेंशन लाइनें निकालें, लेकिन कम से कम उस किसान को पूरा मुआवजा दें। वर्तमान में जो किसान मुआवजे से सहमत नहीं होता है। पुलिस व प्रशासन की ओर से दबाव बनाया जा रहा है। धमकाने की आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आ रही है। एक अन्नदाता को इस तरीके से परेशान करना ठीक नहीं है। मेरी मांग है कि हमारे अन्नदाता बार-बार दर-दर की ठोकरें नहीं खाए। इसके लिए हमें उनकी बात को मजबूती से इनकी बात को आगे तक रखना चाहिए। भाटी ने मांग की मुआवजे को लेकर एक नियम बनाया उसमें संशोधन करने की जरूरत है। किसानों को उनके हक और अधिकारियों के तहत मुआवजा मिलें। आप उचित मुआवजा दो, आप हाईटेंशन लाइनें निकालो, हम विकास के विरोध में नहीं है। विकास के नाम पर किसान के साथ में इस तरीके से अनैतिक घटनाएं घटित होती है। यह चिंता का विषय है। यह बाड़मेर का नहीं बल्कि पश्चिमी राजस्थान का है। मुझे लगता है संवेदनशील सरकार आने वाले समय किसानों के हित में फैसला लेंगी।

## मेघवाल हत्याकांड का आरोपी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार नहीं

- कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठा परिवार
- आरोपी की गिरफ्तारी तक नहीं उठने की दी चेतावनी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बालोतरा।** बालोतरा के नेहरू कॉलोनी में हुए विशनाराम मेघवाल हत्याकांड में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी न होने से पीड़ित परिवार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। घटना 10 दिसंबर 2024 की है, जब हिस्ट्रीशीटर हर्षदान चारण ने विशनाराम मेघवाल की चाकू से हत्या कर दी थी। हत्या के बाद सर्व समाज के लोगों ने मॉर्च्युरी के सामने धरना दिया था, जो चार दिन तक चला। उस समय प्रशासन ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था। लेकिन दो महीने बीत जाने के बाद भी मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। पीड़ित परिवार का कहना है कि प्रशासन ने जो वादा किया था, वह अब तक पूरा नहीं हुआ है। परिवार ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस मामले में कैसे कार्रवाई करता है और पीड़ित परिवार को कब तक न्याय मिलता है।




# व्यापार जगत

### सोने में बढ़त, चांदी में गिरावट

## सोना 82094 रुपए व चांदी 1058 रुपए सस्ती होकर 92475 रुपए प्रति किलो में बिकी



**नई दिल्ली।** सोने के के दाम में सोमवार 3 फरवरी को मामूली बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 8 रुपए बढ़कर होकर 82,094 रुपए हो गया है। इससे पहले सोना 82,086 रुपए पर था। वहीं 31 जनवरी को सोने ने 82,165 रुपए प्रति दस ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं चांदी के दाम में आज गिरावट है। ये 1,058 रुपए सस्ती होकर 92,475 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। इससे पहले चांदी 93,533 रुपए किलो थी। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

### 4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

**दिल्ली** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 77,200 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 84,200 रुपए है। **मुंबई** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 77,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 84,050 रुपए है। **कोलकाता** : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 77,050 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 84,050 रुपए है। **चेन्नई** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 77,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 84,050 रुपए है। **भोपाल** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 77,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 84,100 रुपए है। 2024 में गोल्ड ने 20% और सिल्वर ने 17% का रिटर्न दिया बीते साल सोने का भाव 20.22% बढ़ा। वहीं, चांदी की कीमत में 17.19% की बढ़ोतरी हुई। 1 जनवरी 2024 को सोना 63,352 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 31 दिसंबर 2024 को 76,162 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। वहीं इस दौरान, एक किलो चांदी की कीमत 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 86,017 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

# रेपो रेट में कटौती कर सकता आरबीआई

- 7 फरवरी को हो सकता ऐलान
- टैक्स के बाद ईएमआई घटने की उम्मीद




**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025-26 का बजट आ चुका अब नजर रिजर्व बैंक पर है। 5-7 फरवरी के बीच इसकी मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक होगी। चूंकि बजट का फोकस देश में खपत बढ़ाने पर रहा, लिहाजा उम्मीद जताई जा रही है कि रिजर्व बैंक भी ब्याज दरें घटाकर इस मामले में सरकार की मदद करेगा। देश में आर्थिक वृद्धि की रफ्तार बढ़ाने के लिए खपत बढ़ाना जरूरी माना जा रहा है।

बजट में इनकम टैक्स में बड़ी राहत दी गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सालाना 12 लाख रुपए तक की आय को टैक्स-फ्री कर दिया है। नई रिजीम में अब तक छूट की ये सीमा 7 लाख रुपए थी। आनंद राठी ग्रुप के सह-संस्थापक और वाइस-चेयरमैन प्रदीप गुप्ता ने कहा कि इनकम टैक्स में छूट से खपत बढ़ने की उम्मीद है। खास तौर पर मध्यम और उच्च-मध्यम आय वर्ग के बीच विवेकाधीन खर्च बढ़ सकता है।

केंद्र को रिजर्व बैंक व बैंकों से 2.5 लाख करोड़ रुपए डिविडेंड मिलने की उम्मीद आर्थिक जानकारों ने बजट दस्तावेजों का विश्लेषण करते हुए यह अनुमान लगाया है कि सरकार को RBI और सरकारी बैंकों से कुल मिलाकर 2.56 लाख करोड़ तक का डिविडेंड मिल सकता है। बीते वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार को कुल 2.30 लाख करोड़ रुपए का डिविडेंड मिला था। इस साल अनुमानित राशि इससे भी ज्यादा हो सकती है। विशेषज्ञों के मुताबिक रुपए की गिरावट और फॉरेन करेंसी एसेट्स से होने वाली कमाई इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह हो सकती है। राहत 4% रह सकती है महंगाई, इससे भी ब्याज दरें घटने की बढ़ रही गुंजाइश बाजोरिया का मानना है कि इस साल खुदरा कीमतों के हिसाब से महंगाई दर घटकर 4% के आसपास आ सकती है। ऐसे में रिजर्व बैंक को नीतिगत दरें घटाने में कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। सोसाइटी जनरल में भारत के अर्थशास्त्री कुणाल कुंडू ने कहा कि रिजर्व बैंक के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा का रुख पिछले गवर्नर शक्तिकांत दास के उलट है। उनकी नीतियां महंगाई को लेकर आशंकित रहने के बजाय अर्थव्यवस्था को सपोर्ट करने की तरफ है। जरूरत पड़ने पर वह रेपो रेट घटाने से नहीं कतराएंगे। विशेषज्ञों को उम्मीद, इस वर्ष कई चरणों में 1% तक कटौती हो सकती है यदि रिजर्व बैंक ब्याज दरें कुछ कम करता है तो आम लोगों पर EMI का बोझ कम होगा। इससे अतिरिक्त बचत होगी। बैंक ऑफ अमेरिका सिक्युरिटीज यानी बोफाएस इंडिया के अर्थशास्त्री (भारत और एशिया) राहुल बाजोरिया और एलारा सिक्युरिटीज की इकोनॉमिस्ट गरिमा कपूर को उम्मीद है कि RBI फरवरी में रेपो रेट 0.25% घटकर 6.25% कर देगा। बाद में चरणबद्ध तरीके से 0.75% और कटौती करके 2025 के आखिर तक रेपो रेट 5.50% के स्तर पर लाया जा सकता है। साथ ही कैश रिजर्व रेश्यो (CRR) 0.50% घटाकर या खुले बाजार से बॉन्ड खरीदकर भी RBI बैंकिंग सिस्टम में कैश बढ़ा सकता है।

## आप का राशिफल 4 फरवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगाा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-6-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे। शुभांक-2-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। धन वृद्धि होगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-7-9


**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

# सेंसेक्स 319 अंक गिरकर 77186 पर बंद

- निफ्टी भी 121 अंक गिरा
- बीएसई स्मॉल कैप 887 अंक टूटा

**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार 3 फरवरी को सेंसेक्स 319 अंक की गिरावट के साथ 77,186 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 121 अंक की गिरावट रही, ये 23,361 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, BSE स्मॉल कैप 887 अंक गिरकर 49,212 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में गिरावट और 11 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 35 में गिरावट और 15 में तेजी रही। NSE सेक्टोरल इंडेक्स में ऑयल एंड गैस सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.22% की गिरावट रही।



### विदेशी निवेशकों ने 1327.09 करोड़ के शेयर बेचे

लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस, ITC और HDFC बैंक ने बाजार को चढ़ाने में सबसे ज्यादा कॉन्ट्रिब्यूट किया। जबकि बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारती एयरटेल ने बाजार को ऊपर खींचा। NSE के डेटा के अनुसार, 1 फरवरी को विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 1,327.09 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 824.38 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। RBI के रेट-सेटिंग पैनल की मीटिंग 5-7 फरवरी को होगी। मार्केट के विश्लेषकों का अनुमान है कि सैंट्रल बैंक 4 साल में पहली बार दरों में कटौती की शुरुआत करेगा।

### इस हफ्ते तीसरी तिमाही के नतीजे

इस हफ्ते 748 कंपनियां वित्त वर्ष 2024-25 के तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के नतीजे जारी करेंगी। इनमें कुछ बड़ी कंपनियां जैसे-एशियन पेंट्स, टाइटन, एयरटेल, पावर ग्रिड, डिवीज लैब्स, टाटा पावर, टोरेंट पावर, इन्फो एज, स्विगी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI),ITC, ट्रेंट, ब्रिटानिया, लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (LIC), महिंद्रा एंड महिंद्रा, NHPC, ऑयल इंडिया के अर्निंग पर बाजार की नजर रहेगी। इससे पहले, पिछले हफ्ते ICICI बैंक, ICICI बैंक, बजाज ऑटो, टीवीएस मोटर, इंडियन ऑइल, टाटा मोटर्स, डाबर जैसी कंपनियों के नतीजे बाजार उम्मीद के मुताबिक रहे, जिसके चलते बाजार में तेजी देखने को मिली थी।

## रुपया डॉलर के मुकाबले 67 पैसे गिरा, 87 .29 पर पहुंचा

**मुंबई।** रुपया सोमवार 3 फरवरी को अपने रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर आ गया। इसमें अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 67 पैसे की गिरावट देखने को मिली और यह 87.29 रुपए प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक रुपए में इस गिरावट की वजह कनाडा, मैक्सिको और चीन पर ट्रंप के टैरिफ लगाना है, जिसे फॉरेक्स ट्रेडर्स ने वैश्विक व्यापार युद्ध का पहला कदम बताया है। जिओ पॉलिटिकल टेंशन्स कारण भी रुपए पर नेगेटिव असर पड़ा है। एक फरवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति ने तीन देशों में एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 1 फरवरी को कनाडा और मेक्सिको पर 25% और चीन पर एक्स्ट्रा 10 टैरिफ का ऐलान किया था। हालांकि उन्होंने इस दौरान भारत का नाम नहीं लिया। इससे पहले उन्होंने फ्लोरिडा में एक कार्यक्रम में भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों पर हाई टैरिफ लगाने की धमकी थी।

संजू सैमसन की अंगुली में फ्रेक्चर

# क्रिकेट टीम से रहेंगे 5-6 सप्ताह तक दूर




**नई दिल्ली।** स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन की तर्जनी अंगुली में फ्रेक्चर हो गया है जिसके कारण वह एक महीने से अधिक समय तक क्रिकेट से दूर रहेंगे और आगामी रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में भी नहीं खेल पाएंगे। उन्हें मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंगुली में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गेंद लगी थी। क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज का अंत भी शानदार अंदाज में किया। मुंबई में सीरीज के आखिरी मैच में अभिषेक शर्मा की विस्फोटक शतकीय पारी के दम पर टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 150 रन से हराया और सीरीज 4-1 से जीती। टीम इंडिया और फैंस ने जमकर जीत का जश्न मनाया। मगर अब ऐसा लग रहा है कि इस शानदार सफलता का स्वाद थोड़ा फीका हो गया है क्योंकि टीम के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन चोटिल हो गए हैं। जिसने उनकी आखिरी वक्त पर चैंपियंस ट्रॉफी के स्क्वॉड में एंट्री मारने की उम्मीदों को भी खत्म कर दिया है।

## आर्चर की गेंद पर टूटी उंगली

- वानखेडे स्टेडियम में रविवार 2 फरवरी को खेले गए टी20 सीरीज के पांचवें और आखिरी मैच में सैमसन को ये चोट लगी। पहले बैटिंग करते हुए टीम इंडिया के लिए संजू सैमसन ने पारी की शुरुआत की थी और जोफ्रा आर्चर की पहली ही गेंद पर छक्का जमा दिया था। मगर ओवर की तीसरी बॉल पर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ने संजू सैमसन को परेशानी में डाल दिया। गेंद सीधे संजू के ग्लव्स में लगी, जिसके चलते उनकी उंगली में चोट लग गई। ऐसे वक्त में टीम इंडिया के फिजियो ने मैदान पर कदम रखा और कुछ देर तक उनकी जांच कर दर्द को कुछ कम किया। संजू कुछ और गेंदों के लिए टिके रहे लेकिन अगले ही ओवर में आउट हो गए थे। हालांकि, उस वक्त तक तो ये चोट ज्यादा गंभीर नहीं लगी थी लेकिन जब दूसरी पारी में वो मैदान पर नहीं उतरे, तब ये लगने लगा था कि स्थिति अच्छी नहीं है। उनकी जगह ध्रुव जुरेल ने भारतीय गेंदबाजी के दौरान विकेट के पीछे ग्लव्स संभाले थे। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि सैमसन के दाएं हाथ की तर्जनी (इंडेक्स फिंगर) में फ्रैक्चर हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, सैमसन की उंगली का स्कैन किया गया जिसमें ये खुलासा हुआ है। सैमसन जब ड्रेसिंग रूम में लौटे थे, तब उनकी उंगली में सूजन आ गई थी, जिसके बाद स्कैन कराया गया था।

## चैंपियंस ट्रॉफी की उम्मीद भी टूटी

- रिपोर्ट में बीसीसीआई के सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सैमसन अब करीब 5-6 हफ्तों के लिए क्रिकेट एक्शन से दूर हो गए हैं। वो अपने घर तिरुवनंतपुरम लौट गए हैं और जल्द ही बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में जाएंगे। यहां वो मेडिकल टीम की निगरानी में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा करेंगे और वहां से इजाजत मिलने के बाद ही वो क्रिकेट में लौट पाएंगे। इस चोट का असर ये है कि सैमसन अब 8 से 12 फरवरी तक होने वाले रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मैच में केरल की ओर से मैदान पर नहीं उतर पाएंगे। इतना ही नहीं, चैंपियंस ट्रॉफी में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें भी धरी की धरी रह गई हैं।

# चैम्पियंस ट्रॉफी : भारत के मैचों के लिए शुरू टिकटों की बिक्री

**दुबई।** आईसीसी ने घोषणा की है कि भारत के तीन ग्रुप-स्टेज चैंपियंस ट्रॉफी मैचों और दुबई में होने वाले पहले सेमीफाइनल के लिए टिकटों की बिक्री सोमवार शाम से शुरू हो चुकी है। चैंपियंस ट्रॉफी का यह संस्करण 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में आयोजित किया जाना है। भारत अपने मैच दुबई में खेलेगा। टिकटों की कीमत AED 125 (लगभग INR 2,900) से शुरू और ये IST से खरीदे जा सकेंगे।



कराची, लाहौर और रावलपिंडी में होने वाले 10 मैचों के लिए टिकटों की बिक्री पिछले सप्ताह ही शुरू हो गई थी। आईसीसी ने कहा, 'रविवार 9 मार्च को होने वाले बहुप्रतीक्षित फाइनल के लिए टिकट दुबई में पहले सेमीफाइनल के समापन के बाद जारी किए जाएंगे।' दो सप्ताह तक चलने वाली प्रतियोगिता में शीर्ष आठ टीमें पाकिस्तान और यूएई में 19 दिनों में 15 मैच खेलेंगी। ग्रुप ए में बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में अफगानिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। मेजबान पाकिस्तान 2017 में इंग्लैंड में आखिरी बार खिताब जीतने के बाद गत विजेता के रूप में प्रतियोगिता में प्रवेश करेगा। वे 19 फरवरी को कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ 2025 टूर्नामेंट की शुरुआत करेंगे। यह टूर्नामेंट 1996 में पुरुषों के वनडे विश्व कप के बाद से पाकिस्तान द्वारा आयोजित पहली वैश्विक क्रिकेट प्रतियोगिता भी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस ट्रॉफी में दो सबसे सफल पक्ष हैं, जिन्होंने इसे दो बार जीता है।

# मिचेल मार्श का पीछा नहीं छोड़ रहा बुमराह का खौफ



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिचेल मार्श भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बुरी तरह फ्लॉप रहे थे जिसके बाद उन्हें ऑस्ट्रेलिया टीम से ही बाहर कर दिया गया। मार्श श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम में नहीं चुने गए। मार्श को चोट भी लग गई थी। मार्श ने अब खुलासा किया है कि जसप्रीत बुमराह के खिलाफ फ्लॉप होने के बाद अब उनका खौफ अब तक पीछा नहीं छोड़ रहा है। मिचेल मार्श ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट अवॉर्ड्स में खुलासा किया कि वो अब तक जसप्रीत बुमराह के खौफ से उबर नहीं पाए हैं।

उन्होंने मजाकिया लहजे में एक किस्सा भी सुनाया। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट अवॉर्ड्स में मिचेल मार्श ने बताया कि उनका भतीजा टेड एक दिन उनके साथ गार्डन में क्रिकेट खेल रहा था। वो सिर्फ चार साल का है और वो बुमराह के एक्शन से मुझे गेंदबाजी कर रहा था, वहीं भी उन्हें गेंद खेलने में दिक्कत हुई। मिचेल मार्श ने ये बात मजाकिया लहजे में कही लेकिन ये बात बिल्कुल सही है कि पूरी बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में बुमराह ने इस खिलाड़ी को सांस तक नहीं लेने दी। बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज में जसप्रीत बुमराह के सामने मिचेल मार्श को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वो सीरीज में तीन बार बुमराह का शिकार बने। पहले दो टेस्ट में बुमराह उन्हें आउट नहीं कर पाए लेकिन अगले दो टेस्ट मैचों की तीन पारियों में बुमराह उनका विकेट ले गए।



## बुमराह ने कर दिया था कमाल

- बुमराह ने सिर्फ मार्श ही नहीं ऑस्ट्रेलिया के दूसरे बल्लेबाजों की भी नींदें उड़ा दी थी। ये खिलाड़ी 5 टेस्ट में सबसे ज्यादा 32 विकेट लेने में कामयाब रहा। बुमराह ने पूरी सीरीज में सबसे ज्यादा 39 मेडन ओवर फेंके। उनकी बॉलिंग एवरेज महज 13 ।06 रही जो कि सच में कमाल है। टीम इंडिया भले ही ये टेस्ट सीरीज हार गई लेकिन इसके बावजूद बुमराह ही प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए।

# इंग्लैंड बहुत ही हाई क्वॉलिटी वाली टीम है : गौतम गंभीर

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने थोड़ी राहत की सांस ली होगी, क्योंकि लगातार दो टेस्ट सीरीज हारने के बाद टीम इंडिया को व्हाइट बॉल सीरीज में सफलता मिली है। इंग्लैंड को पांच मैचों की टी20 सीरीज में भारत ने 4-1 से हराया है। इस जीत के बाद टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि हम मैच हारने से डरेंगे नहीं। उनका कहना है कि हम 250-260 रन बनाना चाहते हैं और अगर इस दौरान 120 पर आउट हो जाते हैं तो कोई बुरी बात नहीं है। कोच गौतम गंभीर ने मैच के बाद कहा, "इंग्लैंड एक बहुत ही हाई क्वॉलिटी वाली टीम है। हम मैच हारने से नहीं डरना चाहते। हम 250-260 के स्कोर तक पहुंचना चाहते हैं और कई बार हम 120 रन पर आउट हो जाते हैं, लेकिन हम सही रास्ते पर हैं। हम आगे भी ऐसा ही करेंगे, हमें निडर क्रिकेट खेलना होगा। हम अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों का समर्थन करना चाहते हैं। हमें इन लड़कों के साथ धैर्य रखना होगा, उनका समर्थन करते रहना महत्वपूर्ण है। इनमें से अधिकांश लड़के निडर क्रिकेट खेलने की विचारधारा में विश्वास करते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "मैंने लगातार 140-150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले गेंदबाजों के खिलाफ बेहतर टी20 शतक (अभिषेक का शतक) नहीं देखा है। उन्होंने (इन खिलाड़ियों ने) एक-दूसरे के खिलाफ काफी क्रिकेट खेला है। भारतीय क्रिकेट बस यही है। जब नतीजे आपके पक्ष में आने लगते हैं, तो सब कुछ ठीक हो जाता है।




आईसीसी अंडर-19 महिला विश्व कप

# टूर्नामेंट की टीम का ऐलान, तृषा-कमलिनी सहित 4 भारतीय को जगह



**कुआलालंपुर।** आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप का खिताब भारतीय महिला टीम ने अपने नाम की। साउथ अफ्रीका अंडर-19 की टीम को हराकर भारतीय टीम ने लगातार दूसरी बार वर्ल्ड कप के खिताब पर कब्जा जमाया। इस टूर्नामेंट के बाद आईसीसी ने अपनी टीम जारी कर दी है। इस टीम में चार भारतीय खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराकर फाइनल का खिताब अपने नाम किया। भारत के चार खिलाड़ियों के अलावा साउथ अफ्रीका की तीन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इंग्लैंड की दो, श्रीलंका की एक, इंग्लैंड की एक, नेपाल की एक और ऑस्ट्रेलिया की एक खिलाड़ी को शामिल किया गया। भारत से गोंगडी तृषा, जी कामलिनी, आयुषी शुक्ला, वैष्णवी शर्मा को शामिल किया गया है। नेपाल की पूजा महतो, इंग्लैंड की डेविन पेरिन और कैटी जोन्स, साउथ अफ्रीका की कायला रेनेके, जेम्मा बोथा, ऑस्ट्रेलिया की काओइमहे ब्रे और श्रीलंका की चामोदी प्रबोदा को शामिल किया गया है। 12वें खिलाड़ी के रूप में नथाबिसेंग निनी को शामिल किया गया है।

भारत की तृषा ने वर्ल्ड कप में 309 रन बनाए। वह प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी भी बन गई। इस टूर्नामेंट में उन्होंने शतक भी लगाया।

### आईसीसी की अंडर-19 टीम

गोंगडी तृषा, जी कामलिनी, आयुषी शुक्ला, वैष्णवी शर्मा, पूजा महतो, डेविन पेरिन, कैटी जोन्स, कायला रेनेके (कप्तान), जेम्मा बोथा, काओइमहे ब्रे, चामोदी प्रबोदा । 12वें खिलाड़ी के रूप में नथाबिसेंग निनी को रखा गया है।

# राष्ट्रीय खेलों के लिए हॉकी टीम में हरिद्वार की बेटियों का दबदबा

## चयन कमेटी ने जताया भरोसा

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय खेलों के लिए गठित की गई कबड्डी, कुश्ती के बाद हॉकी की महिला टीम में भी हरिद्वार की बेटियों का दबदबा रहा है। जिले की आठ बेटियों पर चयन कमेटी की ओर से भरोसा जताया गया है। इन पर उत्तराखंड प्रदेश के लिए मेडल जीतने का दारोमदार है। वंदना कटारिया स्पोर्ट्स स्टेडियम रोशनाबाद में चार फरवरी से राष्ट्रीय खेलों के तहत हॉकी प्रतियोगिताएं शुरू होने जा रही हैं, जो 13 फरवरी तक चलेंगी। प्रतियोगिता में देवभूमि उत्तराखंड की टीम भी प्रतिभाग कर रही है। इसमें प्रदेश की टीम में महिला और पुरुष वर्ग की 18-18 सदस्यों का चयन किया गया है। खास बात ये है कि महिला हॉकी टीम में आठ खिलाड़ी हरिद्वार से चयनित हुई हैं। इनमें कहकशा अली, ज्योति मेहरा, सलोनी पिलखवाल वंदना कटारिया स्पोर्ट्स स्टेडियम रोशनाबाद की हॉकी बालिका छात्रावास की खिलाड़ी हैं, जबकि खुशी कटारिया, मुस्कान कटारिया रोशनाबाद की रहने वाली हैं। रुड़की प्रीति शर्मा का भी राष्ट्रीय हॉकी के लिए चयन हुआ। श्यामपुर की आरती कलूड़ा और पूजा कलूड़ा हैं।




# मनोरंजन

# हुमा कुरैशी को पसंद 'बिगड़ैल लड़कियां'



बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी अब लेखिका भी बन गई हैं। 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' और 'जॉली एलएलबी 2' समेत कई सुपरहिट फिल्मों का हिस्सा रह चुकीं हुमा कुरैशी ने 'जेबाः द एक्सीडेंटल सुपरहीरो' नाम की नॉवल लिखी है। एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे उन्हें बदतमीज और बिगड़ैल लड़कियों का कॉन्सेप्ट पसंद है, और कैसे उन्होंने अपनी किताब की मुख्य किरदार में भी इस चीज को दिखाया है। हुमा कुरैशी ने रविवार को पहली बार जयपुर लिट्रेचर फेस्टिवल (JLF) में हिस्सा लिया और साहित्य में उनकी दिलचस्पी को लेकर विचार साझा किए। हुमा कुरैशी ने अपनी किताब की लीड किरदार के बारे में बताते हुए कहा कि वह बिलकुल भी अच्छी सलीकेदार या किसी को भी पसंद आ जाने वाली लड़की नहीं हैं। बल्कि उन्होंने खुद को एक बदतमीज लड़की के तौर पर बताया। हकीकत के साथ किरदार को जोड़ते हुए हुमा कुरैशी ने कहा, "मुझे 'बिगड़ैल लड़कियों' का कॉन्सेप्ट बहुत पसंद है। मैं औरतों को हमेशा यह बात बताए जाने की बात से थक चुकी हूं कि उन्हें कैसे कपड़े पहनने चाहिए, कैसे चलना चाहिए, कैसे बर्ताव करना चाहिए और 'बिगड़ैल लड़कियों' का कॉन्सेप्ट अच्छा लगता है।" हुमा कुरैशी ने कहा, "मैं बदतमीजी भरे बर्ताव को लेकर बिलकुल सहज हूं।" अपनी किताब के किरदार को गढ़े जाने के बारे में हुमा कुरैशी ने कहा, "जब भी हम अपने असल व्यक्तित्व को जाहिर करना चाहते हैं तो बहुत सारी बाधाएं होती हैं। मुझे लगता है कि अगर कोई हमारे छोटे से दिमागों में क्या चल रहा है उसे सुन पाए, तो वो वाकई शॉक्ड रह जाएंगे। लेकिन साथ ही उन्हें बहुत मजा भी आएगा। मैं बस अपनी किताब में इसी विचार को लाना चाहती थी।" हुमा ने आगे कहा कि सतही तौर पर वो आपको ऐसी लगेगी जिसे आप बिलकुल नहीं जानते, लेकिन असल में वो हम सबकी ही तरह है। हुमा ने यह भी कहा कि असल में हमें आजादी उस दिन मिलेगी जिस दिन महिलाओं और उनके चुनावों को बिना किसी लिंगभेद के स्वीकार किया जाएगा।

# 'कन्नप्पा' से प्रभास का फर्स्ट लुक रिलीज

बाहुबली फेम प्रभास के फैंस हमेशा ही उनकी फिल्मों को लेकर एक्साइटेड रहते हैं। बाहुबली के बाद प्रभास को साउथ में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में एक नई पहचान मिली है। कल्कि 2898 एडी के बाद अब प्रभास अपनी नई फिल्म 'कन्नप्पा' में नजर आने वाले हैं। ऐसे में 'कन्नप्पा' से प्रभास का लुक सामने आ गया है। प्रभास का लुक रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। सुपरस्टार प्रभास ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी अपकमिंग मूवी 'कन्नप्पा' से अपना लुक शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर पोस्ट किया है, जिसमें वो 'रुद्र' अवतार में नजर आर रहे हैं। इस तस्वीर को पोस्ट करते हुए प्रभास ने कैप्शन में लिखा, 'ॐ दिव्य संरक्षक 'रुद्र'ॐ'। 'रुद्र' के रूप में अपने लुक का अनावरण। 'कन्नप्पा' में अडिग रक्षक के रूप में शक्ति और ज्ञान का अवतार। भक्ति, त्याग और प्रेम की एक कालातीत यात्रा। फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।'



# अमिताभ की हाइट के चलते फंसी फिल्म

**साल 2009** में रिलीज हुई अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन की फिल्म 'पा' एक आइकॉनिक हिट थी। फिल्म की ना सिर्फ कहानी काफी दमदार थी, बल्कि इसमें अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन के काम को भी काफी सराहा गया। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक तकनीकी कारण के चलते यह फिल्म बनने से पहले ही बंद होने जा रही थी, लेकिन फिर एक सिनेमैटोग्राफर की सूझबूझ के चलते फिल्म बनाई भी गई और इसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला। तो चलिए जानते हैं अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन की फिल्म 'पा' से जुड़ा यह यादगार किस्सा। फिल्म के निर्देशक आर।बाल्कि ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया, "जरा कल्पना कीजिए कितना बड़ा ब्लंडर था यह। वो (अमिताभ बच्चन) 6 फुट 2 इंच के हैं और मुझे दिमाग में यह सूझा कि उन्हें एक बच्चे के किरदार में दिखाते हैं। कौन सा बच्चा 6 फीट 2 इंच का होता है? अमिताभ बच्चन इरिटेट होने लगे कि बाल्कि यह क्या हो रहा है यार। सब ठीक तो लग रहा है। तो मैंने कहा- अमित जी यह बहुत डरावना दिख रहा है। यह इतना बुरा है कि भयानक लग रहा है।



# सलमान खान की 'सिकंदर' में दिखेगी अंजिनी धवन



लंबे समय से ऐसी चर्चा चल रही थी कि सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'सिकंदर' में वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन भी नजर आने वाली हैं। हालांकि, ऑफिशियल ऐलान होना बाकी था। अब खुद अंजिनी ने इस बात को कंफर्म कर दिया है कि वो इस फिल्म का हिस्सा हैं। उन्होंने इस फिल्म में काम करने को लेकर बात की है। अंजिनी ने बात करते हुए कहा, "फिल्म का टीजर आ चुका है, तो अब मैं इस बारे में बात कर सकती हूं।" उन्होंने ये भी कहा कि उनकी प्रोफेशनल लाइफ में सबकुछ ठीक चल रहा है और वो फिल्म सेट पर होना काफी एंजॉय कर रही हैं। उन्होंने शूटिंग सेट को हैप्पी प्लेस बताया, यानी इस जगह होने पर वो काफी खुशी महसूस करती हैं। अंजिनी ने आगे कहा, "मैं बहुत शुक्रगुजार हूं। जब भी फिल्म सेट पर पहुंचती हूं तो खुद को चिमटी काटती हूं कि कहीं ये सपना तो नहीं है। हर दिन मेरे लिए ऐसा ही होता है।" सलमान के साथ काम करने को लेकर उन्होंने कहा, "मैं उनकी बहुत बड़ी फैन हूं और उन्हें देखते हुए बड़ी हुई हूं। मैं उनकी फिल्में पसंद करती हूं। खासकर, 'पार्टनर' से लेकर 'मुझसे शादी करोगी' तो वो फिल्में जो उन्होंने और डेविड सर ने साथ में की हैं।" अंजिनी ने ये भी कहा कि जब कभी भी मन ठीक नहीं होता है तो वो 'पार्टनर' देख लेती हैं और फिर उसके बाद वो ठीक हो जाती हैं। उन्होंने आखिर में कहा, "उनके (सलमान) साथ काम करना सपने को जीने की तरह है। " सितंबर 2024 में 'बिन्नी एंड फैमिली' के नाम से एक फिल्म आई थी, जिसे संजय त्रिपाठी ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म के जरिए ही अंजिनी ने बॉलीवुड डेब्यू किया था। पंकज कपूर, राजेश कुमार जैसे सितारे भी इस फिल्म में नजर आए थे। 'सिकंदर' उनके करियर की दूसरी फिल्म है। हालांकि, इस फिल्म में उनका रोल कैसा होगा। इस बारे में अभी जानकारी नहीं आई है। सलमान के अपोजिट फिल्म में रश्मिका मंदाना हैं। इसी साल ईद के मौके पर ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# स्काई फोर्स के बाद ट्रोल हो रहे वीर पहाड़िया



अक्षय कुमार की वॉर एक्शन ड्रामा फिल्म स्काई फोर्स सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म से एक्टर वीर पहाड़िया ने बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया है। वीर पहाड़िया के काम को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। वीर पहाड़िया एक समृद्ध परिवार से आते हैं जिस वजह से सोशल मीडिया पर कुछ लोग उनको ट्रोल भी कर रहे हैं। अब वीर ने सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल करने वाले लोगों को जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें खुश करने के लिए क्या करूं? अपने आप को मार दूं? वीर पहाड़िया महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे के पोते हैं। उनके पिता एक बिजनेस टायकून हैं। उन्हें उनके समृद्ध बैकग्राउंड की वजह से ट्रोल किया जा रहा है। वीर पहाड़िया ने ट्रोल्स को जवाब देते हुए कहा, "मेरा सपना हमेशा यही रहा है कि मुझे कलाकार बनना है। तो अब उन्हें खुश करने के लिए क्या करूं? अपने आप को मार दूं और फिर से जन्म लूं? वीर ने आगे कहा कि वो बस कड़ी मेहनत कर सकते हैं ताकि लोगों को विश्वास हो सके कि वह इंडस्ट्री में रहने के लायक हैं और वो इस तरह की निगेटिविटी को नजरअंदाज करते हैं। उन्होंने कहा, "ऐसा मुमकिन हो सकता है कि लोग मेरे खिलाफ हेट फैला रहे हैं क्योंकि उन्होंने अभी तक फिल्म नहीं देखी है। शायद मैं इस फिल्म के जरिए लोगों के दिल में जगह नहीं बना पाया हूं, लेकिन शायद अपनी अगली फिल्म से मैं उनके दिल जीत जाउं। मैं इस नफरत को प्यार में बदलने की कोशिश करूंगा।"स्काई फोर्स की बात करें तो इस फिल्म में वीर पहाड़िया अपनी एक्स गर्लफ्रेंड सारा अली खान के साथ नजर आए हैं। फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म को अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म का बजट 160 करोड़ बताया जा रहा है।

# पूर्व सीएम श्रीमती वसुंधरा राजे का किया स्वागत


## शादी समारोह में बारवा जाने के दौरान सादड़ी में हुआ स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादड़ी।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने सोमवार को बाली के समीपवर्ती बारवा पहुंच परिचित शिक्षक नरपतसिंह राजपुरोहित की बेटी के विवाह समारोह में शिरकत कर नव दंपती को आशीर्वाद प्रदान किया। विवाह समारोह में जाने के दौरान सादड़ी में कुछ देर श्रीमती राजे का काफिला रूका। इस दौरान सादड़ी भाजपा मंडल मंत्री अनिल बोहरा समेत कई कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। बोहरा ने श्रीमती राजे के फिर सीएम बनने की बात कही तो वे मुस्करा उठी व कहा कि यह संगठन का काम है। आखरिया चौक पर मंडल अध्यक्ष गोविंद मीणा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। यहां भारी तादाद में महिलाएं भी पहुंची। उनका चुनरी ओढ़ा कर स्वागत किया। इस बीच तत्कालीन सीएम भैरूसिंह शेखावत की सरकार में मंत्री रहे अचलाराम मेघवाल भी आखरिया चौक पहुंचे व राजे का स्वागत किया। राजे ने अचलाराम की कुशलक्षेम व हालचाल जाने। इस दौरान पालिका उपाध्यक्ष हीराराम जाट, पार्षद घीसूलाल चौधरी, मांगीलाल गहलोत, नारायण राईका, नारायण राव, मनोहर सुथार, गणेशराम बावरी, कैलाश हिंगड़, पूर्व पार्षद धन्नाराम बावरी, पंचायत समिति सदस्य विक्रमसिंह इंदा, भंवरलाल माली, मूलाराम शेरावत, श्याम सेन, राजू बेनीवाल, नरेश परमार, एडवोकेट विनोद मेघवाल, विमल त्रिवेदी, हरीलाल मेवाड़ा सहित कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद थे।



# देसूरी थाने का आइजी विकास कुमार ने किया निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** देसूरी थाने में आइजी विकास कुमार ने पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चैनसिंह महेचा, वृत्ताधिकारी राजेश यादव एवं थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित की मौजूदगी में निरीक्षण किया। इससे पूर्व आइजी के आगमन पर जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान आइजी का विशेष फोकस पुलिसकर्मियों के शारीरिक रूप से फिट होने पर था। आइजी कुमार ने गार्ड ऑफ ऑनर के दौरान पुलिसकर्मियों से सवाल किया कि क्या पुलिसकर्मियों को मुछे रखनी चाहिए या नहीं। इस दौरान आइजी कुमार ने सम्पूर्ण थाने का निरीक्षण कर जवानों के आवास बनाने पर चर्चा की। मीडिया से बातचीत में कहा कि निरीक्षण में बेहतरीन पुलिसकर्मियों की कार्य व्यवस्था मिली। उन्होंने नशे की लत में युवाओं को होने वाले दुष्प्रभावों पर सख्त कदम उठाने की बात कही। इस दौरान समस्त थाना स्टाफ मौजूद रहा।

# चिकित्साकर्मियों ने दो घंटे कार्य बहिष्कार कर जताया विरोध

**» बाड़मेर के सेड़वा में एसडीएम के डॉक्टर को धमकाने का मामला**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादड़ी।** बाड़मेर जिले के सेड़वा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षणा करने पहुंचे एसडीएम बद्रीनारायण द्वारा डॉ. रामस्वरूप के साथ कथित दुर्व्यवहार व धमकाने के मामले को लेकर कस्बे के चिकित्साकर्मियों ने दो घंटे कार्य का बहिष्कार कर घटना के प्रति रोष जताया। अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ (अरिस्दा) पाली अध्यक्ष अविनाश चारण के अनुसार एसडीएम ने ड्यूटी के दौरान डॉक्टर का उत्पीड़न किया और सार्वजनिक स्थान पर अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसके विरोध में सुबह 9 से 11 बजे तक चिकित्सकों ने पेन डाउन स्ट्राइक कर विरोध जताया। चिकित्सक संघ ने चेतावनी दी है कि यदि एसडीएम के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे संपूर्ण कार्य बहिष्कार कर सकते हैं। संघ ने मुख्यमंत्री से एसडीएम को सर्विस रूल के तहत निलंबित करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। चिकित्सकों का कहना है कि यह घटना न केवल एक डॉक्टर का अपमान है, बल्कि पूरे चिकित्सा समुदाय की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली है।

# महंत वागभारती महाराज का देव लोकगमन

## » श्रद्धालुओं ने दी अंतिम विदाई

### महाकुंभ में शरीक होकर हाल ही में लौटे थे महंत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** निकटवर्ती भाचुदा गांव स्थित भाद्ररज माता मंदिर के महंत वागभारती महाराज का रविवार को देवलोक गमन हो गया। सोमवार को विधि विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार कर श्रद्धालुओं ने उन्हें अंतिम विदाई दी। उनके ब्रह्मलीन होने का समाचार सुनते ही गांव समेत समूचे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। हर किसी की आंखों में आंसू निकल पड़े। महंत वागभारती पिछले 12 वर्षों से भाचुदा गांव में स्थित भाद्रराज माता मंदिर में पूजा अर्चना के साथ भक्ति कर रहे थे। वे कुछ दिन पहले प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर शाही स्नान कर शनिवार को ही भाचुदा लौटे थे। रविवार सुबह पूजा-अर्चना कर विश्राम कर रहे थे। दोपहर में अचानक उनका देवलोक गमन हो गया। देवलोक गमन का समाचार सुनते ही श्रद्धालुओं में शो की



### अंतिम यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

देवलोक गमन गांव के प्रमुख भीखसिंह जोधा, श्यामसिंह जोधा, गणपतसिंह जोधा, कंवला मठ के महंत हरीपुरी, तलवाड़ा के संत देवनाथ, बिलाड़ा के महंत अर्जुनदास महाराज, पावा गांव के पियानाथ महाराज सहित पाली, जालोर, सिरोही, जोधपुर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गांव पहुंचे एवं ब्रह्मलीन संत के दर्शन किए। महंत की बैकुंठी सजाई गई। सैंकड़ों श्रद्धालुओं व संत महात्माओं की मौजूदगी में ढोल ढमाकों व महाराज के जैकारों के बीच भाद्रराज माता मंदिर से अंतिम यात्रा रवाना हुई। पैणावास रोड, पिछोला नाडा, पाबूजी नाडा से बड़गांव रोड तक करीब पांच किलोमीटर तक अंतिम यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाएं भजन कीर्तन एवं लोग जयकारे लगाते चल रहे थे। जगह-जगह गुलाल उड़ाकर व पुष्पवर्षा के साथ लोगों ने अपने संत के अंतिम दर्शन कर उन्हें विदाई दी। प्रमुख मार्गों से होते हुए अंतिम यात्रा वापस मंदिर परिसर पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच परंपरानुसार उन्हें समाधी दी गई।

# ऑफिस के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नगर के नीलकंठ मंदिर परिसर स्थित राठौड़ केबल ऑफिस के बाहर से रात को बाइक चोरी हो गई। पुलिस के अनुसार विश्वकर्मा धर्मशाला के पास रहने वाले भरत कुमार पुत्र शांतिलाल सरगरा ने थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि नीलकण्ठ महादेव रोड नदी ढलान स्थित राठौड़ केबल ऑफिस में कार्य करता है। 29 जनवरी को रात्रि में करीब साढ़े 8 बजे हमेशा की तरह ऑफिस के बाहर बाइक हेंडल लोक करके खड़ी कर ऑफिस में चला गया। रात 10 बजे घर जाने के लिए बाहर आया तो उक्त बाइक वहां पर नहीं थी। मौका देखकर अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गया।

# जूझार भगवान मंदिर का मेला 6 से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

खिंवाड़ा। निकटवर्ती गुडा भोजराज गांव में जूझारजी भगवान का दो दिवसीय मेला 6 फरवरी से आरंभ होगा। मंदिर के गादीपति भोपाजी विक्रमसिंह के अनुसार छह फरवरी को भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें दीपा दाधीश, भरत प्रजापत एंड पार्टी व जादूगर मोहनसिंह द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। दूसरे दिन शुक्रवार को आयोजक सूजाराम महाराज जैतपुरा बगीची वालों की ओर से महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। मेले को लेकर तैयारियां जोरों पर है।

# चौहान बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** पारवाला जाव बाली निवासी प्रकाश चौहान को अखिल भारतीय क्षत्रिय सरगरा महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के विस्तार और सामाजिक कार्यों को नई दिशा देने में सहायक होगी।

# प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के राजेशकुमार का स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के प्रोग्राम डायरेक्टर राजेश कुमार ने कस्बे में कम्युनिस्ट बेच के स्टुडेंट व जनप्रतिनिधि से मुलाकात की। फाउंडेशन के देसूरी ब्लॉक मेंटर हितेश सोनी के अनुसार ने बताया कि इससे पहले उनका सादड़ी में पूर्व आयुर्वेदिक मंत्री अचलाराम मेघवाल द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। स्टेट कॉर्डिनेटर छोगाराम देवासी ने बताया कि प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के तत्वावधान में बेरोजगार युवाओं को उदयपुर में होस्पिलिटी का 45 दिवसीय प्रशिक्षण करवाकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। राजस्थान के अलावा विभिन्न राज्यों में भी अलग-अलग प्रकार के कौशल का प्रशिक्षण करवाकर बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। इस मौके पर फाउंडेशन के प्रोग्राम डायरेक्टर राजेश ठाकरे, पूर्व आयुर्वेदिक मंत्री अचलाराम मेघवाल, स्टेट कॉर्डिनेटर छोगाराम देवासी, मेंटर हितेश सोनी, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रमोदपाल सिंह, मोहनीकुमारी, डिम्पल प्रजापति, इन्दिराकुमारी भी मौजूद थीं।

# राजगुरु बने राजपुरोहित विकास समिति के निर्विरोध अध्यक्ष



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नगर के पुराना पाली बस स्टैंड स्थित लालजी महाराज मंदिर प्रांगण में रविवार शाम 6 बजे निवर्तमान अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गुलाबसिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में राजपुरोहित समाज सुमेरपुर-शिवगंज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व विधायक व अध्यक्ष राजपुरोहित ने समाज बंधुओं से कहा कि राजपुरोहित विकास समिति लंबे समय से सुमेरपुर शिवगंज में काम कर रही है। समिति को आगे चलाने के लिए चुनाव करवाने की व्यवस्था होती है। अपना समाज सामाजिक, शिक्षा व व्यापार के क्षेत्र में दिनोंदिन उन्नति करें उसके लिए समिति काम करती है। समिति के चुनाव करवाने के लिए गुलाबसिंह राजपुरोहित ने सर्व सम्मति से नरेंद्रसिंह राजपुरोहित शिवगंज को चुनाव अधिकारी एवं सुखदेवसिंह राजपुरोहित को सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किया। चुनाव अधिकारी ने अध्यक्ष पद के लिए नाम मांगे। जिस पर समिति संरक्षक मदनसिंह राजपुरोहित शिवतलाव ने सत्येंद्रसिंह पुत्र स्व. कृपाशंकर राजगुरु के नाम का प्रस्ताव रखा। जिस पर समाज के उपस्थत सभी गणमान्य लोगों ने एक स्वर में सहमति जाहिर की। उसके बाद चुनाव अधिकारी ने सत्येंद्रसिंह राजपुरोहित को अध्यक्ष घोषित कर दिया। समाज के प्रबुद्ध जनों एव युवाओं ने माला पहना नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत कर बधाई दी। कोषाध्यक्ष रमेशसिंह पुराडा ने आय-व्यय का ब्यौरा समाज के सामने पेश किया। राजगुरु ने समाज के सभी बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उस पर तन, मन व धन के साथ कार्य करेंगे। सुमेरपुर-शिवगंज में समाज के छात्रावास व भवन की जरूरत है। वे हर सम्भव प्रयास कर समाज का छात्रावास व भवन बनवाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष गुलाबसिंह बारवा, गुमानसिंह पुराडा, अधिवक्ता रतनसिंह पराखिया, खंगारसिंह राजपुरोहित, डूंगरसिंह राजपुरोहित, जगदीश राजपुरोहित, जबरसिंह गादाणा, अधिवक्ता अरविंदसिंह राजपुरोहित, अधिवक्ता करणसिंह पराखिया, जोगेंद्रसिंह, गजेंद्रसिंह राजगुरु, कानसिंह राजगुरु, विक्रमसिंह नेतरा, रणजीतसिंह, किशोरसिंह बारवा, महावीरसिंह, श्रवणसिंह नेतरा, रूपसिंह सेसली, भूपेंद्रसिंह, यशपालसिंह शिवतलाव, भवानीसिंह पुराडा, श्रवणसिंह पलासिया, जगदीशसिंह राजगुरु, अधिवक्ता महिपालसिंह राजपुरोहित, अधिवक्तता गोविन्दसिंह पुराडा, बंटीसिंह पुराडा, अधिवक्ता रविन्द्रसिंह पुराडा, सतीशसिंह नेतरा, विनोदसिंह नेतरा, भगवतसिंह भेटाला सहित कई समाजबंधु उपस्थित रहे।

# महाकुंभ से लौटे बाबा मांगूनाथ महाराज का किया स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई।** प्रयागराज महाकुंभ में अमृत स्नान एवं महाकाल की नगरी पहुंच दर्शन पश्चात लौटने पर योग गुरु बाबा मांगूनाथ व साध्वी गीताबाई का सोनाणा खेतलाजी में क्षत्रिय सरगरा समाज राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष संजय पड़ियार आदि की ओर से माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। योग गुरु ने कहा कि महाकुंभ प्रयागराज में अमृत स्नात एवं महाकाल की नगरी में महाकाल का दर्शन पूजन किए बिना जीवन अधूरा है। महाकुंभ प्रयागराज में स्वयं के साथ माता-पिता को भी ले जाकर दर्शन पूजन एवं अमृत स्नान करवाना निहायत ही पुण्य का काम है। इस अवसर पर पाली के सोहनलाल मालवीय, श्रवण मालवीय, घीसूलाल, सोजत के माणक मारू, हीरालाल मारू, अजमेर के हेमराज राठौड़, सुमेरपुर के यशवंत परिहार, गोविंद भूरा, जागृत पडियार, लीलाबाई, उषादेवी, चंद्रिका, पुष्पा, पिंकेश सहित कई धर्मप्रेमी मौजूद।



# सूर्य सप्तमी के उपलक्ष्य में किया सूर्य नमस्कार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय आना में सूर्य सपतमी के उपलक्ष्य में सरपंच रेखादेवी की उपस्थिति में 234 छात्राओं और अभिभावकों ने शारीरिक शिक्षक महेश शर्मा के निर्देशन में सूर्य नमस्कार किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष रमेशकुमार जणवा, संस्था प्रधान चंपालाल सुथार, व्याख्याता प्रकाश वैष्णव, वीणाकुमारी, अनामिका त्रिपाठी, महिपाल, जुगाराम, मांगीलाल, भूराराम, कनिष्ठ सहायक प्रदीप लुणिया भी मौजूद थे।

**नाडोल।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नाडोल में सूर्य सप्तमी के उपलक्ष्य में खेल मैदान पर चार सौ छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने सूर्य नमस्कार किया। साथ ही सरस्वती वाटिका में सरस्वती माता की विशेष पूजा अर्चना की। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में सरपंच फुलकंवर, प्रधानाचार्य दलपतसिंह राजपुरोहित के सानिध्य में सूर्य नमस्कार किया गया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय नम्बर एक में प्रधानाध्यापक सुमेरसिंह राजपुरोहित के दिशा-निर्देश में सूर्य नमस्कार किया गया। राजेन्द्र वैष्णव ने छात्रों से योग व सूर्य नमस्कार को अपनी दैनिक गतिविधियों में नियमित कर स्वस्थ व निरोगी बनने का आव्हान किया। इस दौरान सरपंच फुलकंवर, प्रधानाचार्य रेखा रांकावत, भरत शर्मा, कन्हैयालाल, राजेन्द्रसिंह शारीरिक शिक्षक, गजेन्द्र दहिया ने सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर वंदना की। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य आईदानराम सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।



**नारलाई।** कस्बे में सोमवार को सरकारी व निजी स्कूलों में सूर्य सप्तमी के उपलक्ष्य में सूर्य नमस्कार किया गया। पीइओ रुपेशसिंह राठौड़ ने कहा कि सूर्य नमस्कार करने से बच्चे स्वस्थ रहेंगे तो पढ़ाई भी अच्छी तरह कर सकेंगे। इस अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डा कृष्णचंद, आईमाता पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य प्रकाशचन्द्र सोलंकी, सर्वेश दवे, सुनिताकुमारी, हरदीपसिंह, नरपतराम, विमलाकुमारी, रविन्द्र कटारिया, तसनीम बानू, बीना मीना, भव्य मूलचंदानी सहित कई लोग मौजूद थे।



# सुमेरपुर प्रीमियर लीग : सुमेरपुर ने जीता फाइनल मुकाबला

**» 41 हजार नकद व ट्रॉफी से नवाजा**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नगर के शिक्षा क्रांति रंगमंच मैदान में आयोजित पांच दिवसीय सुमेरपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह रविवार शाम 6 बजे मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता, पूर्व प्रधान व जिला परिषद सदस्य हरीशंकर मेवाड़ा के सानिध्य में आयोजित किय गया।

आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मेवाड़ा ने खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने की नसीहत दी। उन्होंने खेल के महत्व को बताते हुए कहा कि फीट व तंदुरूस्त रहने के लिए नियमित खेलों से जुड़े रहें। आयोजकों ने बताया कि फाइनल मुकाबला सुमेरपुर प्रीमियर लीग एवं के अबूंदा क्रिकेट क्लब शिवगंज टीम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए शिवगंज टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 87 रन बनाए। रनों का पीछा करने उतरी सुमेरपुर टीम ने 7.4 ओवर में 88 रन बनाकर फाइनल का खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि मेवाड़ा सहित अतिथियों द्वारा विजेता टीम को 41 हजार नकद, ट्रॉफी एवं उपविजेता शिवगंज टीम को 21 हजार नकद राशि व ट्रॉफी से नवाजा गया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच रोहित कंडारा रहे। वहीं मैन ऑफ द सीरिज रोहित चांवरिया को 31 सौ नकद राशि से पुरस्कृत किया गया।

# वासूपुज्य जैन संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने पोपटलाल जैन

## मनाई भगवान वासूपुज्य की 76वीं वर्षगांठ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** वासूपुज्य जैन श्वेतांबर मंदिर पर राष्ट्रीय संत चंद्रानंद सागर एवं प्रवर्तक हरीश मुनि, मनन सागर की निश्रा में भगवान वासूपुज्य दादा की 76वीं एवं चारों देवी देवताओं की प्रथम वर्षगांठ वासूपूज्य जैन संघ एवं समाजजन द्वारा धूमधाम से मनाई गई। लाभार्थी परिवार शाह बाबूलाल व केसी जैन की मौजूदगी में मंदिर शिखर पर गाजे-बाजे के साथ ध्वजा चढ़ाई गई। समारोह में पहुंचे कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरूदेव के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। गुरूदेव ने उन्हें मांगलिक दिया। इस मौके पर वासूपूज्य जैन संघ सुमेरपुर के त्रिवार्षिक चुनाव करवाए गए। जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक पद पर दाड़मचंद जैन, अध्यक्ष पोपटलाल जैन, उपाध्यक्ष लालचंद गांधी, सचिव प्रकाशचंद लूणिया, सहसचिव प्रकाशचंद साकरिया, कोषाध्यक्ष मीठालाल रांका, सहकोषाध्यक्ष मुकेशकुमार जैन, सदस्य अमृतलाल जी. जैन, दिलीपकुमार पी जैन, लीलमचंद बोथरा, संजय बाफना व सुरेन्द्र लूणिया एवं सहवृत सदस्य दिलीपकुमार सी जैन साबदड़ा, कुन्दनमल (केसी जैन), उत्तमचंद के जैन, विक्रम पी कोठारी को मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का बहुमान किया गया। ट्रस्ट का कार्यकाल 2027 तक रहेगा।

# एवीएम में विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन, यज्ञ में दी आहुतियां

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिलेभर में सोमवार को आदर्श विद्या मंदिर में बसंत पंचमी उत्सव व मां सरस्वती का जन्मोत्सव मनाया गया। साथ ही हवन कर बच्चों का विद्यारंभ संस्कार करवाया गया। जगह जगह पर नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का अक्षर ज्ञान यज्ञ करवाया गया। जिसमें भारतीय संस्कृति में 16 संस्कार करवाए जाते है। जिसमें विद्यारंभ संस्कार का महत्वपूर्ण स्थान है।



**मंडार।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक मंडार में प्रधानाचार्य गमनाराम कुम्हार के सानिध्य में बसंत पंचमी में यज्ञ के साथ में विद्यार्थियों का स्वागत किया। 30 भैया बहनों का प्रवेश हुआ। प्राथमिक प्रभारी रमेश कुमार चौधरी, अभिभावक अरविंद पंचाल, हीराभाई, रूपाराम, जयंतीलाल आदि मौजूद थे।





**आबूरोड।** रॉयल राजस्थान पब्लिक स्कूल में वसंत पंचमी हर्षोल्लास से मनाई। स्कूल प्रबंधन, प्रिंसिपल और शैक्षिक प्रभारी व स्टाफ ने पूजा, अभिषेक और आरती के साथ कार्यक्रम का आगाज किया। समारोह का समापन प्रिंसिपल जनक प्रताप सिंह राठौड़ की देखरेख मे सूर्य नमस्कार के साथ हुआ। चेयरमैन दीपक पाठक के आशीर्वाद और शुभकामनाओं ने सभी को समर्पण और दृढ़ता के साथ ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उधर, विद्या मंदिर गोविंदानंद आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक गोविंदधाम में बसंत पंचमी के दिन नए प्रवेश करने वाले बच्चों का विद्यारंभ संस्कार किया गया। प्रसार प्रचार-प्रमुख कैलाश सेन के अनुसार स्थानीय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष मधुसुदन सर्राफ, व्यवस्थापक कपूरचन्दसिंह ने कार्यक्रम का आगाज किया। गायत्री परिवार द्वारा हवन-यज्ञ किया गया। नवीन प्रवेशित 40 छात्रों का विद्यारंभ संस्कार कराया गया।



**सरूपगंज।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक में बसंत पंचमी पर यज्ञ के साथ विद्यारंभ संस्कार सम्पन्न करवाया गया। आचार्य रजनीकांत देव के सानिध्य में यज्ञ कर 29 विद्यार्थियों को पाठी पूजन कर प्रवेश किया। मुख्य यजमान करणसिंह रहे। प्रधानाचार्य प्रकाशचंद्र पुरोहित के अनुसार बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष यज्ञ एवं सरस्वती पूजन के 3 वर्ष से अधिक आयु के बालकों का प्रवेश किया जाता है। सूर्य नमस्कार योग शारीरिक आचार्य श्रवणसिंह राणावत के सानिध्य में किया गया।





**रेवदर।** आदर्श विद्या मंदिर भटाणा में सनातन संस्कृति के 16 संस्कारों में से एक विद्यारंभ संस्कार सोमवार को बसंत पंचमी पर विद्यालय परिसर में कार्य' म सम्पन्न किया गया। पंडित कस्तूरराम पुरोहित द्वारा मंत्रोच्चारण व विधि विधान से जोड़े बिठाकर हवन किया। इसके बाद 30 नौनिहालों का प्रवेश किया गया। प्रधानाचार्य अगराराम कुम्हार ने बताया की प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के दिन 3 वर्ष से ऊपर के बालकों का विद्यारंभ संस्कार कार्य' म विद्यालय में मनाया जाता हैं। यजमान के रूप में तेजाराम, ओम प्रकाश, दरजाराम, दिनेश कुमार प्रजापत, हार्दिक पुरोहित, अजा राम, प्रकाश कुमार, नरेंद्र कुमार, अजबा राम व भैया बहिन उपस्थित रहे। इसी क्रम में आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक में विद्या आरंभ संस्कार एवं प्रवेशार्थ विद्या आरंभ संस्कार यज्ञ का अनुष्ठान संपन्न किया गया। प्रधानाचार्य प्रवीण रावल व प्राथमिक प्रभारी भंवरदास वैष्णव तथा 65 भैया-बहिनों सहित अभिभावकों ने पंडित के सानिध्य में मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ में आहुतियां दी। उधर नामदेव सेवा समिति रेवदर के तत्वावधान में बसंत पंचमी महोत्सव संत नामदेव के ज्ञानोदय दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि वनाराम सोलंकी व विशिष्ट अतिथि जीवाराम सोलंकी भीनमाल रहे। नामदेव छीपा समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। नामदेव सेवा समिति के अध्यक्ष पुखराज चौहान ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने के साथ आधुनिकता को परम्परा व संस्कृति से जोड़ने का आह्वान किया। कोषाध्यक्ष गेनमल ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत कर भामाशाहों को समाज के उत्थान हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथि सोलंकी ने समाज के विकास के लिए शिक्षा के महत्व को बताते हुए बेटियों की शिक्षा पर बल दिया। कस्बे के शोभायात्रा निकाली गई। शान्तिलाल, भीमाराम, जोगाराम, मफतलाल, मोडाराम, चंपालाल, हीरालाल, टेकचंद, राजूमल, सुरेश कुमार, पोपटलाल, डूंगरमल, केसाराम, शिवलाल, घनश्याम, गोकुलराम,उत्तम कुमार, नारायणलाल, विनोद कुमार, मोहनलाल, रमेश कुमार, देवीलाल, उदाराम सनदरा, देवाराम मकवाना, बालूराम, मांगीलाल, वगताराम, लक्ष्मणराम, सुमेरमल, इन्दरमल तथा सैकड़ों की संख्या में नामदेव छीपा समाज के लोग उपस्थित थे।







**पिण्डवाड़ा।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक नांदिया द्वारा बसंत पंचमी पर विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। श्रीमती रेखा कुंवर, व्यवस्थापक अमृतलाल और प्रधानाचार्य रमेश कुमार भाटी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शुभ मुहूर्त पर नव प्रवेशित विद्यार्थियों का विद्यारंभ संस्कार किया गया। प्रधानाचार्य भाटी ने कहा कि प्राचीनकाल में बालक की शिक्षा विद्यारंभ संस्कार से आरम्भ की जाती है। आचार्य लक्ष्मण सेन, प्रवीण गर्ग, हितेश कुमार, भावेश घांची, नारायण माली, रामाराम, मीनाक्षी देवी, अशोक कुमार, दरजाराम, अशोक प्रजापत, दलाराम, दलजीत, मनीषा, कृष्णा ,रणजीत गर्ग और अरविंद देसाई उपस्थित रहे। इसी क्रम में नवीन आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक भाग में बसंत पंचमी उत्सव व विद्यारंभ संस्कार (प्रवेशोत्सव) कार्यक्रम मनाया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष धर्माराम गहलोत, जिला समिति सह व्यवस्थापक रमेश पटेल की उपस्थिति में में विद्यार्थियों ने यज्ञ में आहुतियां दी। 40 नौनिहालों का विद्यारंभ संस्कार के साथ प्रवेश किए। इसी क्रम में उन्नत भारत अभियान के तहत माधव विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. राजीव माथुर ने बसंत उत्सव की जानकारी दी। कुलसचिव डॉ. भावेश कुमावत ने विद्यार्थियों से कर्मशील बनने की प्रेरणा दी संगीतासिंह ने बसंत उत्सव और विद्या के महत्व पर प्रकाश डाला। एनएसएस निदेशक डॉ. देवेंद्र मुजाल्दा ने कहा कि विद्या से बड़ा कोई भी धन और सुख नहीं हो सकता। डॉ. प्रीनोन बागची ने बताया कि विद्यादान सभी दानों में श्रेष्ठदान है। जबकि डॉ. नागेंद्र कुमार लोहिया ने बसंत उत्सव पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्या की तुलना कामधेनु से की। डॉ. पंकज, नारायणसिंह सोलंकी, दशरथ कुमार, सलीम अहमद और समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता





**आबूरोड।** भाजपा नगर मंडल की ओर से नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष श्रीमती रक्षा भंडारी का स्वागत किया गया। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंहल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने और आगे बढ़ाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर काम करना होगा। बाबूभाई पटेल, नरपतसिंह राणावत, प्रदेश उपाध्यक्ष गणपतसिंह राठौड़ ने भी विचार व्यक्त किए। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती दक्षा देवड़ा, प्रकाश रावल, दिनेश कुमार, प्रेमसिंह लोधा, भगवतीसिंह, देवेंद्र निगम, गोविंद भील, अमृत माली, अशोक माली, मुकेश मोदी, पूर्व चेयरमैन गीता देवी, विष्णु मारू, नरेश अग्रवाल, जिला मंत्री अनुराधा जैन, प्रीति बाजपेयी, सुशीला मेघवंशी, बबीता माखीजा, रमेश वैष्णव, पालिका उपाध्यक्ष रवि शर्मा, अमरसिंह, दीपक कुमार, राधेश्याम शाक्य, गोविंद मखीजा, दिनेश जैन, भूपेंद्र सांवरिया आदि मौजूद थे। इधर गिरवर मंडल की ओर से बगेरी के वीर बावजी मंदिर पर नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी का स्वागत किया गया। गिरवर ग्रामीण मंडल के युवा नेता रोशन शर्मा, गणेश बंजारा, अक्षय सेन, अनुराग शर्मा, कुलदीपसिंह, शैलेन्द्रसिंह, गिरवर सरपंच शर्मीली देवी, बगेरी सरपंच भगाराम, नीरज प्रजापत, राजू प्रजापत, आशुराम, प्रकाश देवासी आदि मौजूद थे।

**रेवदर।** भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी का पूर्व अनादरा मंडल अध्यक्ष दीपेंद्रसिंह देवड़ा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। भंडारी ने बूथ लेवल तक के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर भाजपा संगठन को मजबूत करने की बात कही। पूर्व रेवदर मंडल अध्यक्ष दीपाराम चौधरी, अनादरा मंडल महामंत्री अशोक पुरोहित, मंडल उपाध्यक्ष जयदीप सिंह देवड़ा, मंडल मंत्री भाणाराम मेघवाल, पूर्व अनादरा मंडल महामंत्री धनाराम कोली, माधुराम देवासी, नाथूराम देवासी आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## बैठक में दी बचत खाते की जानकारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** राजस्थान पेशनर्स समाज उपशाखा रेवदर की मासिक बैठक पेंशन भवन में हंसाराम पुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें एसबीआई के शाखा प्रबंधक ललीत कुमार माली ने वरिष्ठ नागरिकों से सम्बन्धित बचत खाते एवं सावधि खातों की जानकारी साझा की। सचिव नारायणसिंह भाटी ने वार्षिक अधिवेशन एवं स्नेह मिलन समारोह का प्रस्ताव रखा। जिस पर 2 मार्च की तिथि तय की गई। जयतीलाल जोशी कोषाध्यक्ष ने वार्षिक अधिवेशन की रूप रेखा प्रस्तुत की। भूराराम कोली, मनोहरसिंह देवडा, गंगासिंह देवड़ा, शिवसिंह देवल, भंवरसिंह सोलंकी, गोपालराम हीरागर, नारायणलाल, गिरधारीलाल जोशी, बाबूलाल राव, अचलाराम, छगनलाल, शोकतअली मौजूद थे।

## धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला मुख्यालय स्थित बद्रीनारायण मंदिर का वार्षिकोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। दिनभर पूजा अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रम हुए। दोपहर में महिला भजन मंडली की ओर से भगवान कृष्ण के एक से बढ़कर भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। मंदिर को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया। बारड़ परिवार के मूलसिंह, गोविन्दसिंह, महेंद्रसिंह, श्रवणसिंह, जितेन्द्रसिंह, नरेन्द्रसिंह, भवानीसिंह, प्रसनजीतसिंह बारड़ आदि मौजूद थे।



## न्यूज़ ब्रीफ

### बिट्टा ने संतों से लिया आशीर्वाद



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राष्ट्रीय आंतकवादी विरोधी मोर्चे के चेयरमैन एमएस बिट्टा ने जिले के अलग अलग स्थानों पर पहुंचकर संतों के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। बिट्टा ने धांता में चल रही सचियाय माता मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में भाग लेकर यज्ञ में आहुतियां दी। इसके बाद उन्होंने संत चन्दनगिरी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद बिट्टा पावापुरी पहुंचे। उन्होंने पावापुरी तीर्थ जीव मैत्री धाम में शंखेश्वर पार्श्वनाथ के किए। वहां देवलोक हुए आचार्य मेघवल्लभसूरी को भी पुष्पांजलि अर्पित की।

### माधव विवि में महाजन को मिली पीएचडी की उपाधि



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय में शोधार्थी नम्रता महाजन को जैव प्रौद्योगिकी में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। यह उपाधि उन्हें डॉ. प्रीति महावर के निर्देशन में प्राप्त हुई। जिन्होंने उनके शोध कार्य मिट्टी से पृथक सेल्युलोज अवक्रमण करने वाले सूक्ष्मजीवों का तुलनात्मक अध्ययन का मार्गदर्शन किया। बाह्य परीक्षक के रूप में डॉ. चन्द्र शेखर कपूर, प्रोफेसर, जीजीटी विश्वविद्यालय बांसवाड़ा द्वारा नम्रता महाजन की मौखिक परीक्षा संपन्न की गई और उन्हें पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। शोध निदेशक डॉ. पवन कुमार, विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. जिगर सोनी और अन्य संकाय सदस्य उपस्थित थे।

### निःशुल्क नेत्र शिविर में 216 मरीजों की जांच



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** एसबीआइ फाउण्डेशन एवं तारा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आशापुरा माता मंदिर परिसर जामोतरा में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन चयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 216 लोगों ने आंखों की जांच कराई। इनमें 57 लोगों को मोतियाबिन्द पाया गया। शिविर में निःशुल्क दवाई और चश्मे वितरित किए। मोतियाबिन्द मरीजों का उदयपुर स्थित तारा नेत्रालय में निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। अशोक कुमार मेघवाल, दिनेशसिंह देवड़ा का सराहनीय योगदान रहा।

### विद्यार्थियों को दिया स्वच्छता का संदेश



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय चंद्रावती रेबारीवास में ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड संस्था द्वारा स्वच्छता संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीबीएसआई के ब्लॉक समन्वयक खुशबू रानी ने स्कूली बच्चों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। साथ ही हाथ धोने के 6 चरणों को बताया गया। प्रधानाध्यापक जगदीश बारोट के अनुसार गतिविधियों से स्कूल में नामांकन में वृद्धि में बच्चों के ठहराव में सहयोग मिल पाएगा।

### हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव पर हुआ भव्य आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** निकतवर्ती अजारी मे हनुमान मंदिर की वर्षगांठ पर ढोल ढमाकों के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। मंदिर में हर साल की भांति इस साल भी वर्षगांठ पर संत रेवानाथ महाराज के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भव्य आयोजन किया गया। जहां रविवार रात से ही भक्ति संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोमवार दिनभर अनुष्ठान हुए। जिसमे प्रातः से ही कार्यक्रम आयोजित किए गए। उसमें लाभार्थियों द्वारा विशेष आंगी के साथ अमर ध्वजा अर्पण के साथ आराध्य की महाआरती की गई। उसके बाद विशाल शोभा यात्रा पूरे गांव में निकाली गई। जिसमें ढोल ढमाकों के बीच लोग नाचते गाते शरीक हुए। प्रमुख चौराहों पर युवाओं ने हाथ में तलवार, गदा, लाठी और त्रिशूल से तरह तरह से करतब दिखाए। महिलाओ द्वारा मंगल गीत गाए गए। शोभायात्रा में जयकारों के बीच उत्साह नजर आया।

## भगवान देवनारायण जी की 1113वीं जयंती

# राज्य सरकार अति पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री शर्मा

### गुर्जर समाज का देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अति पिछडा वर्ग के कल्याण एवं उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। गुर्जर समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं कौशल के उचित अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। साथ ही, समाज की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए अहम कदम उठाए गए हैं।

शर्मा सोमवार को बिडला सभागार में देवनारायण जी की 1113वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज समर्पण से कार्य कर देश की अर्थव्यवस्था और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। समाज ने ना केवल युद्ध में अपना कौशल दिखाया अपितु देश की सामाजिक संस्कृति को संजोए रखने का भी कार्य किया है।

**पशुपालकों के कल्याण के लिए किए नीतिगत निर्णय:-** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने एक वर्ष के कार्यकाल में पशुपालकों एवं कृषकों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए कई नीतिगत निर्णय लिए हैं। गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना के अंतर्गत डेयरी से संबंधित गतिविधियों तथा दुग्ध, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने के लिए एक लाख रुपये तक ब्याज मुक्त अल्पकालीन ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही, अति पिछडा वर्ग के युवाओं को शिक्षा के उचित अवसर उपलब्ध कराने के लिए भी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कुचामन सिटी-डीडवाना, बाली (पाली), कोटपूतली, पसोपा (नगर) में देवनारायण आवासीय विद्यालय खोलने हेतु स्वीकृति जारी कर भूमि आवंटित कर दी गई है। नसीराबाद में देवनारायण बालिका छात्रावास के निर्माण हेतु कार्यादेश जारी कर भूमि आवंटित कर दी गई है। तिजारा में देवनारायण बालिका छात्रावास के लिए भूमि आवंटित कर भवन निर्माण के लिए स्वीकृति जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद जो परिवर्तन आया है, उसे सभी महसूस कर रहे हैं। देश में गरीब कल्याण की योजनाएं, विकास योजनाएं, आतंकवाद-नक्सलवाद का खात्मा और दुनिया में बढ़ता भारत का गौरव देश के हर नागरिक ने देखा है। उन्होंने कहा कि 1893 में स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। आज हमारे प्रधानमंत्री उनकी बात को चरितार्थ कर रहे हैं।

इस दौरान गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, सांसद मदन राठौड़, देवनारायण बोर्ड चेयरमैन ओमप्रकाश भडाना, राजस्थान अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेंद्र नायक, विधायक हंसराज मीणा, उदयलाल भडाना, दर्शन सिंह गुर्जर, धर्मपाल गुर्जर, जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राजाराम मील, राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कालूलाल गुर्जरसहित जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

#### » विकास के पथ पर विरासत का भी संरक्षण: सीएम शर्मा

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप हमारी सरकार विकास कार्यों के साथ-साथ विरासत संरक्षण का कार्य कर रही है। खाटूश्याम मंदिर में कॉरिडोर निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है और पूंछरी का लौठा का पुनर्विकास किया जा रहा है। साथ ही, कैमरी के जगदीश मंदिर में कृष्णगमन पथ के तहत तथा देवनारायण जी मंदिर आसींद (भीलवाड़ा) में विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रयागराज में महाकुंभ मेले में बेहतरीन व्यवस्थाएं की गई हैं।



## सूर्य नमस्कार का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में राजस्थान

# स्कूलों में हर दिन होगा सूर्य नमस्कारः शिक्षामंत्री





**जयपुर।** राजस्थान की भजनलाल सरकार सूर्य सप्तमी से एक दिन पहले ही वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रही है। सोमवार को प्रदेशभर के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में स्टूडेंट्स, पेरेंट्स और टीचर्स ने एक साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। इस दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भी जयपुर के एसएमएस इन्वेस्टमेंट ग्राउंड में स्टूडेंट के साथ सूर्य नमस्कार किया।

मदन दिलावर ने बताया कि इस बार 3 फरवरी के दिन सूर्य सप्तमी से पहले 4 फरवरी को सरकारी अवकाश है। ऐसे में आज सूर्य सप्तमी से एक दिन पहले राजस्थान के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के सभी स्टूडेंट्स, शिक्षक और अभिभावकों ने सूर्य नमस्कार के सामूहिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसका शिक्षा विभाग द्वारा एनालिसिस किया जा रहा है। दोपहर बाद इसका ऑफिशल डेटा भी हम जारी करने की कोशिश करेंगे। उसके बाद उस डेटा के आधार पर वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए भी अप्लाई किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में सिर्फ सूर्य पर ही नहीं बल्कि, पूरे शैक्षणिक सत्र में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाता है। शिक्षा विभाग द्वारा बाकायदा इसका आदेश जारी किया जा चुका है। इसके तहत स्कूलों में प्रार्थना के समय रोज तीन सूर्य नमस्कार करवाए जाते हैं। स्कूलों में सूर्य नमस्कार करवाए जाने का यह सिलसिला पूरे साल था और आगे भी रहेगा।

दरअसल, शिक्षा विभाग द्वारा आज पिछले साल 78,974 स्कूलों में 1.33 करोड़ स्टूडेंट्स द्वारा सूर्य नमस्कार कर बनाए गए वर्ल्ड रिकॉर्ड को ब्रेक करने की कोशिश की जा रही है। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने सिर्फ स्टूडेंट और टीचर्स बल्कि, उनके पेरेंट्स को भी सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की थी। शिक्षा विभाग की अपील के बाद प्रदेश भर में बड़ी संख्या में स्टूडेंट शिक्षक के साथ पैरेंट्स भी इस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इसका आधिकारिक डेटा आज शाम तक शिक्षा विभाग की साइट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

#### 20 मिनट तक हुआ योगा अभ्यास

दिलावर ने बताया कि आज राज्य के सभी राजकीय और गैर राजकीय शिक्षा संस्थानों में एक साथ एक समय पर सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी ने 3 बात सूर्य नमस्कार की योग की क्रिया को पूरा किया। ऐसे में अब इस पूरे कार्यक्रम की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी रिपोर्ट आने के बाद शाम तक आयोजन का पूरा डेटा शाला दर्पण और पीएसपी पोर्टल पर अपलोड कर वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए आवेदन किया जाएगा।

## चाकसू उपजिला अस्पताल में दो घंटे ओपीडी सेवाएं बंद

**चाकसू।** बाड़मेर जिले में एसडीएम और डॉक्टर के बीच हुए विवाद का असर अब पूरे राज्य में देखने को मिल रहा है। सोमवार को चाकसू उपजिला अस्पताल में डॉक्टरों ने सुबह 9 से 11 बजे तक ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार कर विरोध जताया। इस दौरान मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मामला बाड़मेर के सेड़वा क्षेत्र का है, जहां एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉ. रामस्वरूप रावत के साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया और उन्हें धमकाया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रितुराज मीणा ने बताया कि इस घटना से राज्य के सभी चिकित्सकों में गहरा रोष है। अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ ने 3 फरवरी से रोजाना दो घंटे ओपीडी सेवाओं के बहिष्कार का निर्णय लिया है। मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इमरजेंसी और आईपीडी सेवाएं यथावत जारी रखी गई है। चिकित्सक संघ दोषी एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# महाकुंभ में जा रहे पति-पत्नी की सड़क हादसे में मौत

### हाईवे पर ट्रक में घुसी कार; बेटा, बहू समेत 4 घायल

**दौसा।** दौसा से प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) महाकुंभ स्नान के लिए गए पति-पत्नी की कानपुर-इटावा नेशनल हाईवे पर मौत हो गई। सोमवार सुबह बारा (कानपुर) के पास उनकी कार बेकाबू होकर आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में दंपती के साथ जा रहे बेटा, बहू, रिश्तेदार और ड्राइवर समेत 4 लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान महुवा निवासी किरोड़ीलाल (65) और उनकी पत्नी मटरी देवी (60) के रूप में हुई। घायलों में बेटा विजेंद्र, बहू गुड्डी देवी, बिरौंदा गांव के संतराम और महुखेड़ा गांव के ड्राइवर जगमोहन शामिल हैं। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

#### सरकारी स्कूल में पीटीआई है बेटा

परिजनों के अनुसार, दंपती रविवार दोपहर बेटे-बहू के साथ किराए की गाड़ी में महाकुंभ स्नान के लिए निकले थे। आज उन्हें यूपी पुलिस ने हादसे की सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। किरोड़ीलाल महुवा में खेती करते थे। उनका बेटा विजेंद्र जोधपुर में सरकारी स्कूल में पीटीआई हैं।

## जयपुर में पानी की टंकी पर चढ़े 6 संविदा कर्मी

**जयपुर।** जयपुर में पानी की टंकी पर सोमवार दोपहर छह संविदा कर्मी चढ़ गए। जॉब से संबंधित अपनी मांग को लेकर पानी की टंकी पर चढ़कर हंगामा किया। बजाज नगर थाना पुलिस ने डेढ़ घंटे की समझाइश के बाद सभी को सुरक्षित नीचे उतरवा लिया। थानाधिकारी (बजाज नगर) ममता मीना ने बताया कि गांधी नगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित पानी की टंकी पर संविदा कर्मी चढ़े थे। दोपहर करीब 3 बजे मौका पाकर पानी की टंकी पर 4 युवतियों सहित 6 संविदा कर्मी चढ़ गए।

यूटीबी पर कार्यरत नर्सिंग संविदाकर्मियों ने टंकी पर चढ़कर अपनी मांगों को लेकर हंगामा किया। पानी की टंकी पर संविदाकर्मियों के चढ़ने की सूचना पर बजाज नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने संविदाकर्मियों को समझाइश कर नीचे उतारने के प्रयास किए। संविदाकर्मियों की मांग थी कि कोरोना समय में उनकी सेवाएं ली गई थी। पिछले वेतन के साथ ही उन्होंने समायोजन व एक्सटेंशन की मांग रखी। पुलिस ने उनकी मांगों को संबंधित अफसरों तक पहुंचने का आश्वासन दिया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद टंकी पर चढ़े छहों संविदाकर्मियों को सुरक्षित नीचे उतरवा लिया गया।

# अध्यक्ष देवनानी एवं मुख्यमंत्री शर्मा ने किया नेवा सेवा केन्द्र का शुभारंभ

### ई-लर्निंग कम ई-फैसिलेशन सेन्टर के रूप में कार्य करेगा नेवा सेवा केन्द्र



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को यहां विधान सभा में नेवा सेवा केन्द्र का फीता खोलकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और राज्य सभा के सदस्य मदन राठौड सहित विधायकगण भी मौजूद थे।

देवनानी ने बताया कि नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन के इस केन्द्र से विधान सभा को पेपरलैस बनाये जाने से संबंधित नेवा माडयूल्स का प्रशिक्षण और इससे संबंधित तकनीकी सहायता विधायकगण को उपलब्ध करवाई जायेगी। यह केन्द्र विधायकगण के साथ अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए भी ई-लर्निंग कम ई-फैसिलेशन सेन्टर के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार की राज्य की विधान सभाओं को डिजिटल बनाये जाने के लिए नेवा एप्लीकेशन का संचालन राजस्थान विधान सभा में भी किया जा रहा है।

विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि वन-नेशन-वन एप्लीकेशन के तहत नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन के उपयोग से राजस्थान विधान सभा का सदन और विधान सभा सचिवालय भी लोकसभा तथा अन्य विधान सभाओं की तर्ज पर डिजिटल हो गये है। उन्होंने बताया कि इस ई-विधान एप्लीकेशन से राज्य विधान सभा के सदस्यों और राज्य के अधिकारियों के साथ-साथ मीडिया प्रतिनिधिगण, अनुसंधानकर्ता और आम नागरिकगण को विधान सभा से संबंधित विधेयक, रिर्पोटस, सदन के पटल पर रखे जाने वाले विधेयक, प्रश्न, बुलेटिन सहित अन्य कार्यवाही विवरण संबंधित सूचनाओं की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।

राजस्थान विधान सभा को डिजिटल बनाये जाने वाली इस महत्वपूर्ण परियोजना की अध्यक्ष देवनानी ने निरन्तर समीक्षा की है। देवनानी के निरन्तर प्रयास और पहल से यह परियोजना सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के तीसरे सत्र से आरम्भ हो सकी है। यह परियोजना केन्द्र व राज्य सरकार के क्रमशः 60 व 40 के अनुपात में वित्तीय सहायता से पूरी हुई है। इसके तहत विधान सभा के सदन में विधायकगण की प्रत्येक सीट पर एक आईपैड लगाया गया है।

परियोजना के तहत एक लैपटॉप मय प्रिन्टर भी विधायकगण को उपलब्ध करवाये जाने का प्रावधान भी है। इस मौके पर विधान सभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक के.के. शर्मा, प्रमुख संदर्भ व अनुसंधान अधिकारी विनोद मिश्रा, नेवा के नोडल अधिकारी नरेश जैन सहित विधान सभा के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## जयपुर में ब्लैकमेलर युवती ने 15 लाख ऐंठे

**जयपुर।** जयपुर मे वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर एक युवती से 15 लाख रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेलर युवती ने धमका कर रुपए ऐंठे। सेटलमेंट के बहाने बुलवाकर अपने साथियों से पिटवाया। मालवीय नगर थाने में पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एएसआई गंगासहाय कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि तुंगा के रहने वाले 34 साल के युवक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उन्होंने एक शॉप कर रखी है। करीब एक साल पहले उनकी जान-पहचान राखी (बदला हुआ नाम) से हुई थी। उसके बाद राखी भी शॉप पर काम करने लगी। जॉब करने के दौरान राखी ने उसके कुछ वीडियो बना लिए। वीडियो के आधार पर ब्लैकमेल करने लगी। झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर टुकड़ों में करीब 15 लाख रुपए ले लिए। ब्लैकमेल कर केस में फंसाने की धमकी देकर रुपयों की डिमांड करने लगी। 25 जनवरी को अपने साथी से वॉट्सऐप कॉल करवाकर सेटलमेंट करने के लिए बुलाया। जगतपुरा पुलिया के पास गाड़ी में बैठाकर सांगानेर नाले की तरफ ले गए। कार सवार दोनों लड़कों ने बिजली के तारों से उसे जमकर मारपीट की। इसके बाद उसे धमकाकर वहां से चले गए।

# स्विस राजदूत ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से की मुलाकात

### पर्यटन को बढ़ावा, तकनीकी सहयोग सहित विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से सोमवार को उप मुख्यमंत्री कार्यालय में स्विस राजदूत माया तिस्साफी ने शिष्टाचार मुलाकात की।

इस दौरान राज्य सरकार एवं स्विस सरकार के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शॉर्ट टर्म स्किल डवलपमेंट कोर्स संचालित करने, एडवेंचर ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने में सहयोग करने पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके साथ ही ट्रेफिक मैनेजमेंट, वेस्ट मैनेजमेंट, सैनिटेशन आदि क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग पर भी दोनों के बीच में सकारात्मक चर्चा हुई। इस दौरान स्विस राजदूत ने वर्ल्ड हैरीटेज सिटी जयपुर के स्थापत्य, कला एवं आतिथ्य की जमकर सराहना की।

# बीजेपी में अटका 17 जिलाध्यक्षों का चुनाव, अब नियुक्ति होगी

### प्रदेशाध्यक्ष के निर्वाचन में जुटी पार्टी, 5 फरवरी है चुनाव की डेडलाइन

**जयपुर।** बीजेपी में जिलाध्यक्षों के चुनाव की डेडलाइन निकल चुकी है। संगठनात्मक दृष्टि से बीजेपी में 44 जिले हैं। बीजेपी 31 जनवरी तक इनमें से 27 जिलों में ही जिलाध्यक्ष का चुनाव करवा पाई। अब भी 17 जिलों में जिलाध्यक्ष का निर्वाचन होना बाकी है।

इन सभी जिलों में अलग-अलग कारणों से जिलाध्यक्ष चुनाव का पेच फंसा हुआ है। ऐसे में पार्टी अब इन जिलों में जिलाध्यक्ष का निर्वाचन कराने के मूड में नहीं है। यही वजह है कि पार्टी अब प्रदेशाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया में जुट गई है। अब इन जिलों में जिलाध्यक्ष का निर्वाचन नहीं होकर नियुक्तियां होंगी। नव निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष ही इन जिलों में जिलाध्यक्ष की नियुक्तियां करेंगे।

#### » इन जिलों में नहीं हुआ चुनाव

जयपुर शहर, जयपुर देहात उत्तर, बीकानेर शहर, झुंझूनूं, दौसा, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर, टोंक, भीलवाड़ा, जोधपुर उत्तर, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, बारां, बूंदी और झालावाड़ में जिलाध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ है।

#### » आगे खिसक सकता है प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव

बीजेपी में प्रदेशाध्यक्ष के निर्वाचन की डेडलाइन 5 फरवरी है। माना जा रहा है कि प्रदेशाध्यक्ष का निर्वाचन भी आगे खिसक सकता है। इस पद पर मदन राठौड़ का निर्वाचन तय माना जा रहा है, लेकिन मदन राठौड़ संसद सत्र में भाग लेने के लिए अगले दो दिन दिल्ली में रहेंगे। प्रदेशाध्यक्ष के निर्वाचन में सीएम भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे, लेकिन वे विधानसभा सत्र को लेकर व्यस्त हैं। वहीं, पार्टी चाहती है कि प्रदेशाध्यक्ष के निर्वाचन से पहले बकाया जिलों में से दो से तीन में जिलाध्यक्ष का निर्वाचन हो जाए। इसे लेकर इन जिलों में सहमति बनाई जा रही है। ऐसे में प्रदेशाध्यक्ष का निर्वाचन तय डेडलाइन पर होना संभव नहीं लग रहा है।

# तीन दिन में दौ सौ से ज्यादा भूकंप के झटके

### ग्रीस का सेंटोरिनी द्वीप बड़ी आपदा की आहट

**एथेंस।** ग्रीस के खूबसूरत द्वीप सेंटोरिनी में लगातार शुक्रवार से रविवार तक 200 से ज्यादा बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। सबसे तेज भूकंप की तीव्रता 4.6 तक मापी गई है। हालात को देखते हुए अधिकारियों ने स्कूल बंद रखने का आदेश दिया है। आम लोगों से इनडोर समारोहों से बचने और राजधानी के पुराने पोर्ट सहित कई बंदरगाहों से दूर रहने की अपील की है। सेंटोरिनी कई फॉल्ट लाइनों पर स्थित है और यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी सेंटोरिनी आईलैंड पर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। सेंटोरिनी हेलेनिक ज्वालामुखी आर्क का हिस्सा है, जो यूरोप के सबसे सक्रिय ज्वालामुखी क्षेत्रों में से एक है।

**हर साल आते 34 लाख पर्यटक:-** लगातार भूकंपीय गतिविधियों के बाद भी इस आईलैंड पर पर्टकों की संख्या पर कोई असर नहीं पड़ता है। आईलैंड पर 20 हजार से ज्यादा लोग रहते हैं। वहीं, हर साल यहां 34 लाख से ज्यादा टूरिस्ट घूमने के लिए आते हैं। इसे छुट्टियों के लिए बेस्ट डेस्टीनेशन माना जाता है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि सेंटोरिनी आईलैंड पर सबसे तेज भूकंप के झटके साल 1956 में महसूस किए गए थे। इन झटकों में 53 लोगों की मौत दर्ज की गई थी और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे। तब आईलैंड के एक तिहाई मकान गिर गए थे और लोगों को भारी नुकसान हुआ था।

# जयपुर सहित 13 जिलों में आज हो सकती है बारिश

### कल भी बादल छा सकते हैं, 5 फरवरी से बढ़ सकती है सर्दी

**जयपुर।** राजस्थान में आज (सोमवार) शाम से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जयपुर, बीकानेर संभाग के 13 जिलों में बादल छा सकते हैं। कहीं-कहीं देर शाम को हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। इस सिस्टम का असर 4 फरवरी को भी देखने को मिल सकता है। 5 फरवरी से प्रदेश में फिर से ठंडक बढ़ेगी और उत्तर से आने वाली ठंडी हवा से तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो प्रदेश में दिन में सर्दी बढ़ी है। अधिकांश शहरों में कल (रविवार) दिन के अधिकतम तापमान में गिरावट हुई। अलवर में अधिकतम तापमान 4.7 डिग्री गिरकर 21.5 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। गंगानगर में कल अधिकतम तापमान 21.7 डिग्री सेल्सियस, सिरोही में 20, माउंट आबू में 19.4, हनुमानगढ़ में 21.3, सीकर में 22, पिलाानी में 23.3, चूरू में 23.7, फतेहपुर में 23.6 और जैसलमेर-नागौर में 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। चित्तौड़गढ़ में कल दिन का सबसे अधिक तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर में 27.6, डूंगरपुर में 27.5 और दौसा में 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। राजधानी जयपुर में दिन के अधिकतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट होने के बाद 25 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। जयपुर में कल दिनभर आसमान साफ रहा। दिन में हल्की ठंडी हवा चली।

#### कल भी हो सकती है बारिश

4 फरवरी को भी इन्हीं शहरों में आसमान में सुबह या दोपहर तक हल्के बादल छा सकते है और कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

5 फरवरी को राजस्थान में मौसम साफ हो जाएगा। इसके साथ ही उत्तरी हवा यहां प्रभावी होने लगेगी। इससे यहां तापमान गिरने और ठंडक बढ़ने की संभावना है।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.